


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran




11 जीतने के बाद राहुल द्रविड़ ने ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ियों की तारीफ ...

रोहित बोले- किसी दिन उठूंगा और रिटायरमेंट ले लूंगा ... 11


वर्ष : 14 | अंक : 298 | नई दिल्ली, सोमवार, 11 मार्च, 2024 | विक्रम संवत 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 59,340 |
| चांदी | 55,350 |
| सेंसेक्स | 63,327 |
| निफ्टी | 18,816 |

## संक्षिप्त खबरें

### तमिलनाडु में द्रमुक से गठबंधन, 10 लोस सीटों पर चुनाव लड़ेगी कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस तमिलनाडु में द्रमुक के साथ गठबंधन कर 10 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रविवार को पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी। खड़गे ने बताया कि कांग्रेस का द्रमुक के साथ गठबंधन हो गया है।द्रमुक कांग्रेस को 10 सीटें देने के लिए तैयार है।उन्होंने बताया कि पार्टी नेता मुकुल वासनिक और केसी वेणुगोपाल को गठबंधन की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।अन्य पार्टियों के साथ भी गठबंधन पर बातचीत चल रही है।तमिलनाडु में लोकसभा की कुल 39 सीटें हैं।उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस अकेले चुनाव लड़ने जा रही है।राज्य की सभी 42 लोकसभा सीटों पर पार्टी अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर सकती है।

### श्रीलंकाई नौसेना ने तमिलनाडु के सात मछुआरों को किया गिरफ्तार

चेन्नई ।तमिलनाडु के पुडुकोट्टई जिले के सात मछुआरों को श्रीलंकाई नौसेना ने रविवार सुबह गिरफ्तार कर लिया। इन मछुआरों पर अवैध रूप से जल सीमा क्षेत्र के उल्लंघन का आरोप है। मछुआरे शनिवार सुबह मछली पकड़ने के बंदरगाह जेगथापट्टिनम से दो मशीनीकृत नावों पर रवाना हुए थे। सभी मछुआरे रविवार तड़के ह्यनेदुनथीवुह्न के पास मछली पकड़ रहे थे, तभी श्रीलंकाई नौसेना ने उन्हें अतिक्रमण करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया।तटीय सुरक्षा समूह के सूत्रों ने बताया कि मछुआरों को उनकी मशीनीकृत नौकाओं के साथ कांकेसंतुरई नौसेना अड्डे पर ले जाया गया।


### श्रीलंकाई नौसेना ने तमिलनाडु के सात मछुआरों को किया गिरफ्तार

चेन्नई ।तमिलनाडु के पुडुकोट्टई जिले के सात मछुआरों को श्रीलंकाई नौसेना ने रविवार सुबह गिरफ्तार कर लिया। इन मछुआरों पर अवैध रूप से जल सीमा क्षेत्र के उल्लंघन का आरोप है। मछुआरे शनिवार सुबह मछली पकड़ने के बंदरगाह जेगथापट्टिनम से दो मशीनीकृत नावों पर रवाना हुए थे। सभी मछुआरे रविवार तड़के ह्यनेदुनथीवुह्न के पास मछली पकड़ रहे थे, तभी श्रीलंकाई नौसेना ने उन्हें अतिक्रमण करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया।तटीय सुरक्षा समूह के सूत्रों ने बताया कि मछुआरों को उनकी मशीनीकृत नौकाओं के साथ कांकेसंतुरई नौसेना अड्डे पर ले जाया गया।


**प्रधानमंत्री ने 782 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास**

## 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए दौड़ रहा हूं : मोदी

प्रात : किरण



आजमगढ़ (उप्र)/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को पूर्ववर्ती विपक्षी दलों की सरकारों पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि आज विकास की मेरी अनंत यात्रा का अभियान है और मैं 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने के लिए दौड़ रहा हूं तथा देश को तेज गति से दौड़ा रहा हूं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को आजमगढ़ जिले के मंदुरी हवाई अड्डा परिसर में 34,700 करोड़ रुपये की 782 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद यहां आयोजित एक रैली को संबोधित कर रहे थे। मोदी ने अपने संबोधन में पिछली सरकारों पर वादा पूरा नहीं करने का आरोप लगाते हुए कहा, ह्यपहले की सरकारों में बैठे लोग जनता की आंख में धूल झोंकने के लिए योजनाएं घोषित कर देते थे। कभी-कभी तो इनकी हिम्मत इतनी होती थी कि संसद में बैठकर रेलवे की नई-नई योजनाएं घोषित कर देते थे। बाद में कोई पूछने वाला नहीं मैंने समीक्षा की तो 30-35 साल पहले घोषणाएं हुई। कभी चुनाव से पहले पत्थर गाड़ देते और फिर खो जाते। पत्थर भी खो जाते और नेता भी खो जाते। उन्होंने कहा, 2019 में मैं कोई भी योजना घोषित करता और शिलान्यास करता तो पहली सुर्खी यही बनती कि यह तो चुनाव है तो हो रहा है। आज देश देख रहा है कि मोदी दूसरी मिट्टी का इंसान है। प्रधानमंत्री ने कहा, 2019 में जो शिलान्यास किये गये वो चुनाव के लिए नहीं किए और उनका उद्घाटन हो चुका है। आज विकास की मेरी अनंत यात्रा का अभियान है। 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने के लिए दौड़ रहा हूं और देश को तेज गति से दौड़ा रहा हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने ह्यभारत माता की जयह्न के नारों के बीच कहा, आज आजमगढ़ का सितारा चमक रहा है। एक जमाना था जब दिल्ली से कोई कार्यक्रम हो और देश के अन्य राज्य उसके साथ जुड़ते थे और आज आजमगढ़ में कार्यक्रम हो रहा है और देश के अलग-अलग हिस्सों से हजारों लोग हमारे साथ जुड़े हैं। मोदी ने कहा, आज केवल आजमगढ़ ही नहीं बल्कि पूरे देश के विकास के लिए कई विकास परियोजनाओं का यहां से शुभारंभ हो रहा है। एक साथ देश भर की परियोजनाओं के लोकार्पण का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, पिछले कई दिनों से मेरे समय की मयार्दा के कारण मैं एक ही स्थान पर से देश की अनेकों परियोजनाओं का लोकार्पण कर रहा हूं और जब लोग इतनी सारी परियोजनाओं के बारे में सुनते हैं तो अचरज में पड़ जाते हैं। उन्होंने कहा, लेकिन कभी-कभी जो पुरानी सोच रहती है, इसको भी उसी चौखट में बिठाते हैं, कहते हैं कि अरे यह तो चुनाव का मौसम है। प्रधानमंत्री ने रविवार को 34,700 करोड़ रुपये की 782 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। नागरिक उड्डयन क्षेत्र को बढ़ावा देते हुए, प्रधानमंत्री ने आजमगढ़, श्रावस्ती, चित्रकूट और अलीगढ़ हवाई अड्डों और चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, लखनऊ में नए टर्मिनल का उद्घाटन किया।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत उत्तर प्रदेश के 59 जिलों में 3,700 करोड़ रुपये की लागत से बनी 5,342 किलोमीटर से अधिक लंबी सड़कों का भी उद्घाटन उन्होंने किया गया। रेल बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देते हुए, प्रधानमंत्री ने पूरे प्रदेश में 8,200 करोड़ रुपये की 12 रेलवे परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने राज्य के प्रयागराज, इटावा और जौनपुर जिलों में नमामि गंगा योजना के तहत 1,114 करोड़ रुपये की तीन सीवेज परियोजनाओं का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने लखनऊ में लाइट हाउस प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया जिसके तहत आधुनिक बुनियादी ढांचे के साथ 1,040 से अधिक किफायती फ्लैट बनाए गए हैं।

## पिछली सरकारों ने आजमगढ़ को बना दिया था माफियाओं का गढ़: योगी

प्रात : किरण



आजमगढ़,एजेंसी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि पिछली सरकारों ने आजमगढ़ को अपराध और माफिया तत्वों की गतिविधियों का गढ़ बना दिया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा यहां विकास परियोजनाओं के शिलान्यास एवं लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुये श्री योगी ने कहा, आज से सात साल पहले जो आजमगढ़ अपराध व माफिया गतिविधियों का गढ़ था, आज उसी आजमगढ़ में प्रधानमंत्री 'मनी की बौछार' कर रहे हैं। वे यहां हजारों करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात देने आए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 22 हजार करोड़ से अधिक की लागत से बना पूर्वांचल एक्सप्रेसवे आजमगढ़ के विकास की धुरी बन चुका है। इसने पूर्वी उप्र की अर्थव्यवस्था को नई पहचान देने का कार्य किया है। आजमगढ़वासी मात्र दो घंटे में लखनऊ पहुंचते हैं। प्रधानमंत्री जी के द्वारा आजमगढ़ के एयरपोर्ट का उद्घाटन होने जा रहा है, इसके साथ ही वायुसेवा भी प्रारंभ हो जाएगी। पीएम के करकमलों से आज उप्र को पांच नए एयरपोर्ट प्राप्त होने जा रहे हैं, डबल इंजन सरकार ने प्रयास किया है कि यहां बेहतरीन सुविधा प्राप्त हो। प्रधानमंत्री ने कहा था कि हवाई चप्पल पहनने वाला हवाई जहाज की यात्रा करेगा, आज उप्र व देश के अंदर यह दिख रहा है। जिस यूपी में इससे पहले मात्र दो एयरपोर्ट क्रियाशील थे, आज उसी उप्र में 9 एयरपोर्ट क्रियाशील हैं और पांच नए एयरपोर्ट का आज पीएम शुभारंभ करने जा रहे हैं। उन्होने कहा कि कई दशकों से मांग थी कि आजमगढ़ का अपना विश्वविद्यालय हो, हजार वर्ष पहले अपने शौर्य व पराक्रम से विदेशी आक्रांताओं की चूलें हिलाने वाले महाराजा सुहेल देव के नाम पर बने विश्वविद्यालय का उद्घाटन भी पीएम के करकमलों से होने जा रहा है।

योगी ने कहा, डबल इंजन की सरकार ने आजमगढ़ की कला को नई पहचान देने के लिए हरिहरपुर में संगीत महाविद्यालय के कार्यक्रम को आगे बढ़ाया है तो आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए स्थानीय उत्पादों को एक जिला, एक उत्पाद के रूप में देश-दुनिया में पहचान दी है। ब्लैक पॉटरी और मुबारकपुर की रेशमी साड़ियों को भी सात वर्ष के अंदर नई पहचान प्राप्त हो रही है। श्रमिकों के बच्चों के लिए अटल आवासीय विद्यालय भी बनकर तैयार हुआ है। पहले आजमगढ़ के नाम पर लोग भयभीत होते थे, वही आजमगढ़ आज कला, शिक्षा-साहित्यकारों व विकास के लिए देश-दुनिया के अंदर पहचान बना रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के योग्य मार्गदर्शन व नेतृत्व के कारण आजमगढ़ को पुरातन पहचान मिली है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश नए भारत का दर्शन कर रहा है। प्रदेश के अंदर रेल व राष्ट्रीय राजमार्गों की नई सौगात भी प्राप्त हो रही है। होली के पहले उप्रवासियों को हजारों करोड़ रुपये का उपहार मिल रहा है। सीएम ने कहा कि आजमगढ़ काशी व गोरखपुर के बीच महत्वपूर्ण स्थल के रूप में उभरा है। आजमगढ़ को विकास की महत्वपूर्ण योजनाओं के माध्यम से नई पहचान मिल सके। पिछले 10 वर्ष में पीएम के मार्गदर्शन व प्रदेश में सात वर्षों में डबल इंजन की सरकार के कारण विकास और लोककल्याण की योजनाएं तेजी से बढ़ी हैं।

श्री योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार बिना भेदभाव शासन की योजनाओं का लाभ हर गांव-गरीब, नौजवान-किसान समेत हर तबके को उपलब्ध करा रही है। डबल इंजन की सरकार पीएम मोदी के नेतृत्व में नौजवानों की आजीविका की चिंता कर रही है तो आस्था को सम्मान भी दे रही है। सुरक्षा का बेहतर वातावरण भी बना रही है तो समृद्धि के मार्ग पर भी आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। आजमगढ़ जनपद में 11.30 लाख आयुष्मान कार्ड, किसान सम्मान निधि में साढ़े सात लाख किसानों को 1940 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं। उज्ज्वला योजना में तीन लाख लाभार्थियों को निःशुल्क रसोई गैस कनेक्शन मिले। पीएम आवास (ग्रामीण) 1.10 लाख व शहरी क्षेत्र में 17 हजार लाभार्थियों को आजमगढ़ में आवास उपलब्ध कराया गया। जल जीवन मिशन में 4.20 लाख से अधिक घरों को हर घर जल योजना से जोड़ा गया। स्वच्छ भारत मिशन में 5.20 लाख परिवारों को शौचालय प्राप्त हुआ। स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत आजमगढ़ के एक लाख युवाओं को टैबलेट-लैपटॉप देने का कार्य हुआ।इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, योगेंद्र उपा ध्याय, दारा सिंह चौहान, आजमगढ़ के सांसद दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' आदि मौजूद रहे।

## तानाशाही से लोकतंत्र को बदलने के विरुद्ध लड़ते रहेंगे लड़ाई : राहुल

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी का मकसद संकीर्ण तानाशाही करके लोकतंत्र को बदलना है लेकिन कांग्रेस इसके खिलाफ लड़ाई लड़ती रहेगी और उसके इन मंसूबों को कभी पूरा नहीं होने देगी। गांधी ने ट्वीट किया, भाजपा सांसद का बयान कि उन्हें 400 सीट संविधान बदलने के लिए चाहिए, नरेंद्र मोदी और उनके संघ परिवार के छिपे हुए मंसूबों का सार्वजनिक ऐलान है। श्री मोदी और भाजपा का अंतिम लक्ष्य बाबा साहेब के संविधान को खत्म करना है। उन्हें न्याय, बराबरी, नागरिक अधिकार और लोकतंत्र से नफरत है।

उन्होंने कहा, समाज को बांटना, मीडिया को गुलाम बनाना, अभिव्यक्ति की आजादी पर पहरा और स्वतंत्र संस्थाओं को पंगु बनाकर विपक्ष को मिटाने की साजिश से वो भारत के महान लोकतंत्र को संकीर्ण तानाशाही में बदलना चाहते हैं। हम आजादी के नायकों के सपनों के साथ ये षड्यंत्र सफल नहीं होने देंगे और अंतिम सांस तक संविधान से मिले लोकतांत्रिक अधिकारों की लड़ाई लड़ते रहेंगे। उन्होंने कहा, संविधान का हर सिपाही, विशेष रूप से दलित, आदिवासी, पिछड़े और अल्पसंख्यक जागें, अपनी आवाज उठाएं - इंडिया समूह आपके साथ है।

## चुनावी बॉण्ड मामला: एसबीआई की अर्जी पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। उच्चतम न्यायालय भारतीय स्टेट बैंक की उस याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा, जिसमें राजनीतिक दलों द्वारा भुनाए गए प्रत्येक चुनावी बॉण्ड के विवरण का खुलासा करने के लिए समय-सीमा 30 जून तक बढ़ाने का अनुरोध किया गया है। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ एक अलग याचिका पर भी सुनवाई करेगी, जिसमें एसबीआई के खिलाफ अवमानना कार्यवाही शुरू करने का अनुरोध किया गया है। इस याचिका में आरोप लगाया गया है कि एसबीआई ने चुनावी बॉण्ड के जरिये राजनीतिक दलों को मिले चंदे का विवरण निर्वाचन आयोग को छह मार्च तक सौंपे जाने संबंधी शीर्ष अदालत के निर्देश की जानबूझकर अवज्ञा की। सोमवार के लिए निर्धारित शीर्ष अदालत की मामलों की सूची के अनुसार, पीठ इन दोनों याचिकाओं पर सुनवाई के लिए सुबह साढ़े 10 बजे बैठेगी। पीठ में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा शामिल हैं। उच्चतम न्यायालय ने गत 15 फरवरी को एक ऐतिहासिक फैसले में, चुनावी बॉण्ड योजना को रद्द कर दिया था और इसे असंवैधानिक करार देते हुए निर्वाचन आयोग को चंदा देने वालों, चंदे के रूप में दी गई राशि और प्राप्तकताओं का 13 मार्च तक खुलासा करने का आदेश दिया था। योजना को तुरंत बंद करने का आदेश देते हुए, शीर्ष अदालत ने योजना के तहत अधिकृत बैंक एसबीआई को 12 अप्रैल 2019 से खरीदे गए चुनावी बॉण्ड का विवरण छह मार्च तक निर्वाचन आयोग को सौंपने का निर्देश दिया था। साथ ही, आयोग को अपनी वेबसाइट पर 13 मार्च तक यह जानकारी प्रकाशित करने को कहा था।

## कांग्रेस को झटका, टीएमसी ने सभी 42 सीटों पर उम्मीदवार उतारे

प्रात : किरण संवाददाता



नई दिल्ली/एजेंसी। तृणमूल कांग्रेस ने रविवार को आगामी लोकसभा चुनाव के लिए पश्चिम बंगाल की सभी 42 सीटों के लिए प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी। इससे राज्य में सीट शेयरिंग की काँग्रेस और ह्यइंडियाह्न गठबंधन की उम्मीदें पूरी तरह समाप्त हो गई हैं। तृणमूल कांग्रेस सांसद अभिषेक बनर्जी ने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की।

कृष्णा नगर से महुआ मोइत्रा को प्रत्याशी बनाया है। कूच बिहार सीट से जगदीश चंद्र बसुनिया को टिकट मिला है। इस सूची में हैरान करने वाले कई नाम है। पूर्व भारतीय क्रिकेटर यूसुफ पठान को बहरामपुर से टिकट दिया गया है। यहाँ से काँग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी मौजूदा सांसद हैं। आसनसोल से शत्रुघ्न सिन्हा को प्रत्याशी बनाया गया है। तीन सांसदों के टिकट काटे गए हैं जिनमें नुसरत जहां, मिमी चक्रवर्ती और अपरूपा पोद्दार शामिल हैं।

गठबंधन के लिए उसके द्वार खुले हैं : लोकसभा चुनाव के लिए पश्चिम बंगाल की सीटों पर टीएमसी के उम्मीदवारों की घोषणा के तुरंत बाद रविवार को कांग्रेस ने कहा कि

**● आसनसोल से शत्रुघ्न सिन्हा के नाम का ऐलान**

नामांकन पत्र वापस लेने के समय तक गठबंधन के लिए उसके द्वार खुले हैं। पार्टी ने कहा कि किसी भी समझौते को बातचीत के माध्यम से अंतिम रूप दिया जाना चाहिए, न कि एकतरफा घोषणाओं से। टीएमसी प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कोलकाता में एक रैली के दौरान लोकसभा चुनाव के लिए राज्य की सभी 42 सीटों के लिये उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इस घटनाक्रम पर कहा, हमारे दरवाजे हमेशा खुले हैं और नामांकन वापस लेने की प्रक्रिया से पहले कभी भी गठबंधन हो सकता है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने भी कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कई बार पश्चिम बंगाल में टीएमसी के साथ सीट-बंटवारे को लेकर सम्मानजनक समझौता करने की इच्छा व्यक्त कर चुकी है।

उन्होंने एक्स पर लिखा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने हमेशा कहा है कि इस तरह के समझौते को बातचीत के माध्यम से अंतिम रूप दिया जाना चाहिए, न कि एकतरफा घोषणाओं से। उन्होंने कहा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस हमेशा से चाहती है कि इंडिया गठबंधन मिलकर भाजपा से मुकाबला करे। पश्चिम बंगाल में सीट बंटवारे को लेकर इन दिनों कांग्रेस और टीएमसी नेताओं के बीच वाकयुद्ध जारी है। टीएमसी ने दावा किया है कि वह कांग्रेस को दो से अधिक सीट नहीं दे सकती। पश्चिम बंगाल से कांग्रेस के दो सांसद हैं।

## जौनपुर में सड़क हादसा, एक ही परिवार के 6 लोगों की मौत

प्रात : किरण

जौनपुर/एजेंसी। उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र स्थित प्रसाद इंस्टीट्यूट संस्थान के पास आजमगढ़-जौनपुर मार्ग पर शनिवार देर रात कार और ट्रक में टक्कर हो गई। इस हादसे में एक ही परिवार के छह लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि तीन लोग जख्मी हुए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस घटना में हुई जनहानि पर दुख प्रकट किया है और मृतकों के परिवार के प्रति अपनी संवेदना प्रकट करते हुए घायलों को बेहतर इलाज कराने के निर्देश दिए हैं। केराकत क्षेत्राधिकारी प्रतिमा वर्मा ने रविवार सुबह बताया कि मरने वालों में गजाधर शर्मा, उनके पुत्र अनिश, जवाहर शर्मा और पवन शर्मा की पत्नी रिंकू हैं।

## गया से डीआरआई की टीम ने तीन करोड़ का सोना किया जब्त

प्रात : किरण संवाददाता

पटना/गया। डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस ने रविवार को बिहार में गया जिले के शेरघाटी के सवकला टोल प्लाजा के पास तस्करों से एक कार से करीब तीन करोड़ रुपये का सोना जब्त किया है।

तीन तस्करों की गिरफ्तारी के साथ इस्तेमाल की गई कार को भी जब्त कर लिया गया है। सोना की खेप सीमा पार बांग्लादेश से भारत पहुंची थी, जिसे ग्वालियर ले जाया जाना था लेकिन इससे पहले ही डीआरआई ने सोना तस्करों को धर दबोचा। डीआरआई मुम्बई जोन को सोना तस्करी की गुप्त सूचना मिली थी।

इस पर मुम्बई की डीआरआई ने पटना में अपनी टीम से जानकारी शेयर की। इसके बाद पटना से डीआरआई की टीम गया पहुंची और शेरघाटी के सावकला टोल प्लाजा के पास कार में बैठे तीन तस्करों को सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार कर लिया गया। सोना की तस्करी के लिए इस्तेमाल की गई कार को जब्त कर लिया गया है।

टीम ने कार की अगली सीट के नीचे बने गुप्त कक्षों से 3987.300 ग्राम के सोना के 22 बिस्किट और 8 कटे हुए टुकड़े बरामद किए हैं, जिनका वजन 3987.300 ग्राम था। बरामद सोना की कीमत करीब दो करोड़ 74 लाख 94 हजार 656 रुपये बताई गई है। डीआरआई की टीम को तस्करों ने पूछताछ में बताया है कि सोना की यह खेप बांग्लादेश से भारत लाई गई थी।

## दिल्ली में बच्चा 40 फुट गहरे बोरवेल में गिरा, बचाव अभियान जारी

नई दिल्ली/एजेंसी। राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार देर रात एक बच्चा दिल्ली जल बोर्ड के जलशोधन संयंत्र में बने 40 फुट गहरे बोरवेल में गिर गया, जिसे सुरक्षित बाहर निकालने के लिए बचाव अभियान जारी है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बच्चे को बचाने के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल और दिल्ली दमकल सेवा संयुक्त अभियान चला रहे हैं। डीएफएस प्रमुख अतुल गर्ग ने बताया कि देर रात करीब एक बजे सूचना मिली कि एक व्यक्ति पश्चिमी दिल्ली के केशोपुर मंडी इलाके में डीजेबी संयंत्र में बने एक बोरवेल में गिर गया है। उन्होंने बताया, सूचना मिलने पर पांच दमकल वाहनों को घटनास्थल पर भेजा गया। बाद में हमें अपने अधिकारियों से सूचना मिली कि एक बच्चा 40 फुट गहरे बोरवेल में गिर गया है। उन्होंने बताया कि तत्काल बचाव अभियान प्रारंभ किया गया।

**परिचालन** | **दानापुर और मुजफ्फरपुर एवं समस्तीपुर से पूणे व लोकमान्य तिलक टर्मिनस के लिए चलायी जाएगी ट्रेनें**

## होली के अवसर पर पुणे एवं मुंबई के लिए 05 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। होली के अवसर पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु रेलवे द्वारा कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है । इसी क्रम में पूर्व मध्य रेल से पुणे एवं लोकमान्य तिलक टर्मिनस, मुंबई के लिए 05 जोड़ी होली स्पेशल ट्रेनें चलायी जाएंगी। गाड़ी संख्या 01409 लोकमान्य तिलक-दानापुर सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन लोकमान्य तिलक से 23, 25 एवं 30 मार्च को 12.15 बजे खुलकर अगले दिन 17.00 बजे दानापुर पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी संख्या 01410 दानापुर-लोकमान्य तिलक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन दानापुर से 24, 26 एवं 31 मार्च को 18.15 बजे खुलकर अगले दिन 23.55 बजे लोकमान्य तिलक पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 01043 लोकमान्य तिलक-समस्तीपुर सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन लोकमान्य तिलक से 21 एवं 28 मार्च गुरूवार को 12.15 बजे खुलकर शुक्रवार को 21.15 बजे समस्तीपुर पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी संख्या 01044 समस्तीपुर-लोकमान्य तिलक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन समस्तीपुर से 22 एवं 29 मार्च शुक्रवार को 23.20 बजे खुलकर रविवार को 07.40 बजे लोकमान्य तिलक पहुंचेगी । इस स्पेशल में प्रथम वातानुकूलित श्रेणी का 01, द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी का 02, तृतीय इकॉनामी वातानुकूलित श्रेणी के 09, शयनयान श्रेणी के 03 तथा साधरण श्रेणी के 03 कोच होंगे। गाड़ी संख्या 05281 मुजफ्फरपुर-लोकमान्य तिलक सुपरफास्ट स्पेशल मुजफ्फरपुर से 20 मार्च से 03 अप्रैल तक प्रत्येक बुधवार को 13.00 बजे खुलकर गुरूवार को 21.50 बजे लोकमान्य तिलक पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी संख्या 05282 लोकमान्य तिलक- मुजफ्फरपुर सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन लोकमान्य तिलक से 22 मार्च से 05 अप्रैल तक प्रत्येक शुक्रवार को 00.55 बजे खुलकर शनिवार को 10.00 बजे मुजफ्फरपुर पहुंचेगी । इस स्पेशल में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी के 02, द्वितीय सह तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 03, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 04, शयनयान श्रेणी के 07 तथा साधरण श्रेणी के 02 कोच होंगे । गाड़ी संख्या 05289 मुजफ्फरपुर-पुणे सुपरफास्ट एसी स्पेशल मुजफ्फरपुर से 23 मार्च से 06 अप्रैल तक प्रत्येक शनिवार को 21.15 बजे खुलकर सोमवार को 05.35 बजे पुणे पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी संख्या 05290 पुणे-मुजफ्फरपुर सुपरफास्ट एसी स्पेशल ट्रेन पुणे से 25 मार्च से 08 अप्रैल तक प्रत्येक सोमवार को 06.30 बजे खुलकर मंगलवार को 15.15 बजे मुजफ्फरपुर पहुंचेगी ।

गाड़ी संख्या 01105 पुणे-दानापुर स्पेशल ट्रेन पुणे से 17 एवं 24 मार्च रविवार को 16.15 बजे खुलकर सोमवार को 22.00 बजे दानापुर पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी संख्या 01106 दानापुर-पुणे स्पेशल ट्रेन दानापुर से 18 एवं 25 मार्च सोमवार को 23.30 बजे खुलकर बुधवार को 06.25 बजे पुणे पहुंचेगी । इस स्पेशल में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी का 01, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 08, शयनयान श्रेणी के 06 तथा साधरण श्रेणी के 05 कोच होंगे ।

## फिर हारेगी सपा की गुंडागर्दी, जीतेगी भाजपा : केशव प्रसाद मौर्य



लखनऊ/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्रौ मोदी को निशाना बना कर समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा की गयी टिप्पणी पर पलटवार करते हुये उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि समाजवादी पार्टी (सपा) की गुंडागर्दी की आगामी लोकसभा चुनाव में फिर से हार होगी जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और सहयोगी दल सभी 80 सीटों पर अपना परचम लहरायेंगे।

मौर्य ने रविवार को एक्सर पर पोस्ट किया, ह्यसपा मुखिया अखिलेश यादव ध्यान रखें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत ही नहीं, विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता हैं। भाजपा 2014, 2017, 2019 और 2022 का चुनाव (लोकसभा-विधानसभा) जीती और अब 2024 में भी जीतेगी।सपा की गुंडागर्दी फिर हारेगी। मोदी का अपमान,नहीं सहेगा हिन्दुस्तान, फिर एक बार मोदी सरकार।

गौरतलब है कि शनिवार को सपा मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत के दौरान मोदी का नाम लिए बगैर इशारों में उनकी तुलना हिटलर से की थी। अखिलेश यादव ने कहा था कि जो लोग 2014 में सत्ता में आए थे, वे 2024 में सत्ता से बाहर जाने वाले हैं। कभी 10 साल हिटलर का समय था। वह वहां 10 साल से ज्यादा नहीं रह सका तो अब इनके भी 10 साल भी पूरे हो गए हैं। उधर, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने एक बयान जारी कर कहा कि अखिलेश यादव का बयान उनकी हताशा दिखाता है और वह 2024 में भाजपा को हराने का जो सपना देख रहे हैं वह मुंगेरीलाल के सपने जैसा है।चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने सपा को 2014, 2017, 2019 और 2022 में शर्मनाक हार दी है और यह सिलसिला 2024 ही नहीं आगे भी जारी रहने वाला है। उन्होने कहा, ह्यमोदी के नेतृत्व में इस बार सपा उत्तर प्रदेश से पूरी तरह सफा हो जाएगी। जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहे हैं, इनकी हताशा बढ़ती जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### सेलाकुई और सुद्धोवाला दो सड़कों का नवीनीकरण कार्य शुरू

**देहरादून, एजेंसी।** सहसपुर विधायक सहदेव सिंह पुंडीर ने शुक्रवार को सुद्धोवाला पॉलीटेक्निक कॉलेज से होते हुए भद्रकाली कंडोली मार्ग और नगर पंचायत सेलाकुई में निगम रोड पर शहीद सत्येंद्र चौहान मार्ग के नवीनीकरण कार्य का शुभारंभ किया। विधायक ने कहा कि दो करोड़ छह लाख की लागत से दोनों सड़कों का निर्माण कार्य किया जाएगा। क्षेत्र की जनता काफी समय से मार्ग के निर्माण की मांग कर रही थी। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर यह निर्माण कार्य शुरू किए गए है। बताया कि सड़क निर्माण के बाद स्थानीय जनता आवागमन में सुविधा होगी। विधायक ने बताया कि पहली सड़क की लंबाई 3.5 किलोमीटर और दूसरी सड़क की लंबाई 7.8 किलोमीटर है। बताया कि पहले मोटर मार्ग के नवीनीकरण कार्य की लागत 82 लाख रुपये और दूसरे सड़क मार्ग की 1.24 करोड़ रुपये हैं। उन्होंने कहा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनका कर्तव्य है। जनता को मूलभूत सुविधाएं निरंतर मिलती रहे, इसके लिए वे लगातार कार्य कर रहे हैं। इस दौरान लोनिवि के सहायक अभियंता मोहम्मद आमिर, जेई उषा भंडारी, जिला अध्यक्ष मीता सिंह, जिला मंत्री नवीन रावत, विधायक प्रतिनिधि अनिल नौटियाल, शूरवीर चौहान, भगत सिंह राठौर, प्रमोद सिंह, मनोज, अनूप सेमवाल, उप प्रधान रोहित कुमार आदि उपस्थित रहे।

### तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश के प्रवास पर हरिद्वार सांसद निशंक

**देहरादून, एजेंसी।** हरिद्वार सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक पार्टी कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगे और प्रवास करेंगे। क्षेत्र की चार लोस क्षेत्रों में वह जनसंपर्क अभियान पर निकलेंगे। पूर्व सीएम और हरिद्वार सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक शनिवार से उत्तर प्रदेश के रामपुर क्षेत्र में प्रवास करेंगे। लोक सभा चुनाव की तैयारियों के दृष्टिगत वरिष्ठ नेताओं को विभिन्न राज्यों में जनसंपर्क और प्रवास कार्यक्रम की जिम्मेदारी दी गई है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने उनका कार्यक्रम रामपुर में तय किया है। इस दौरान डॉ. निशंक पार्टी कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगे और प्रवास करेंगे। क्षेत्र की चार लोस क्षेत्रों में वह जनसंपर्क अभियान पर निकलेंगे। पूर्व में जनसंपर्क और प्रवास का यह कार्यक्रम दो मार्च से तय था, लेकिन यूपी में शिवरात्रि और कांवड़ मेले के कारण नौ मार्च किया गया। डॉ. निशंक के साथ पश्चिमी उत्त रप्रदेश भाजपा के क्लस्टर प्रभारी और यूपी सरकार में राज्य मंत्री जसवंत सैनी भी रहेंगे।

### 46 महाविद्यालयों को मिलेंगे प्रयोगशाला उपकरण

**हल्द्वानी, एजेंसी।** राज्य के 46 राजकीय महाविद्यालयों में प्रयोगशाला उपकरणों की कमी जल्द दूर होगी। पूंजीगत निवेश के लिए राज्यों की विशेष सहायता योजना के तहत केंद्र से 5.30 करोड़ रुपये मिले हैं। उच्च शिक्षा विभाग ने महाविद्यालयों को बजट जारी कर दिया है। नई शिक्षा नीति के तहत उच्च शिक्षा में प्रयोगात्मक पढ़ाई पर जोर दिया जा रहा है। विज्ञान वर्ग में ही नहीं, बल्कि कला वर्ग में भी कई विषयों में प्रयोगात्मक शिक्षा अनिवार्य की गई है, लेकिन महाविद्यालयों में प्रयोगशाला उपकरणों की कमी के चलते छात्र-छात्राओं की प्रयोगात्मक पढ़ाई प्रभावित हो रही थी। महाविद्यालयों को जैम पोर्टल के माध्यम से 31 मार्च तक प्रयोगशाला उपकरणों की खरीद कर शासन को उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा करना है। उच्च शिक्षा के सहायक निदेशक प्रो. गोविंद पाठक ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से 46 राजकीय महाविद्यालयों में प्रयोगशाला उपकरणों की खरीद के लिए मिले 5.30 करोड़ रुपये महाविद्यालयों को जारी कर दिए हैं। इससे महाविद्यालयों में प्रयोगशाला उपकरण खरीदे जाएंगे। योजना के तहत रानीखेत, रामनगर, कोटद्वार, थलीसैंण, नई टिहरी, डाकपत्थर, रायपुर और डोईवाला महाविद्यालय को 14-14 लाख रुपये जारी किए गए हैं। सोमेश्वर, जैती, कांडा, देवीधुरा, बेरीनाग, कोटाबाग, हल्दूचौड़, सितारगंज, बाजपुर, रिखणीखाल, जयहरीखाल, कण्वघाटी भावर, सतपुली, अगरोड़ा, नरेंद्रनगर, लंबगांव, गोपेश्वर, कर्णप्रयाग, तलवाड़ी, जोशीमठ, त्यूनी, उत्तरकाशी, बड़कोट, चिन्यालीसौड़, पुरोला और रुद्रप्रयाग महाविद्यालय को 12-12 लाख रुपये मिले हैं। कपकोट, गरुड़, अमोड़ी, नैनबाग और चंद्रबदनी महाविद्यालय को 10-10 लाख रुपये, मुनस्यारी, मालधनचौड़, मजरा महादेव, जखोली, खानपुर, चुड़ियाला महाविद्यालय और राजकीय विधि महाविद्यालय गोपेश्वर को आठ-आठ लाख रुपये की राशि मिली है।

### एक करोड़ से होगा खटीमा के वनखंडी मंदिर का सौंदर्यीकरण

**रुद्रपुर, एजेंसी।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की घोषणा को परवान चढ़ाने के लिए जिला प्रशासन जुटा है। इस कड़ी में खटीमा के चकरपुर स्थित प्रसिद्ध वनखंडी मंदिर का सौंदर्यीकरण के लिए उत्तराखंड पेयजल निर्माण निर्माण ने टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है।
वर्ष 2021-22 में वनखंडी मंदिर के सौंदर्यीकरण की घोषणा मुख्यमंत्री ने की थी। इसको अमलीजामा पहनाने के लिए कार्रवाई शुरू कर दी गई है। मंदिर का सौंदर्यीकरण 1.05 करोड़ की लागत से किया जाएगा। इसमें मंदिर को भव्य स्वरूप दिया जाएगा। वहीं 60 से 65 लाख की लागत से धर्मशाला भी बनाई जाएगी। टेंडर होने के नौ माह के अंदर मंदिर में सारे कार्य किए जाने हैं।

# चार बार सांसद रहे भड़ाना हरिद्वार से कर सकते हैं भाजपा में वापसी

### होगा विशेष कार्यक्रम



**देहरादून, एजेंसी।**
भड़ाना हरियाणा के फरीदाबाद लोस सीट से 1991, 2004 व 2009 का चुनाव जीते थे। उन्होंने मेरठ लोकसभा सीट से भी चुनाव जीता। वह उत्तर प्रदेश की मीरापुर विधानसभा से विधायक भी रहे। भड़ाना भाजपा छोड़ कर कांग्रेस में शामिल हो गए थे।

तीन बार फरीदाबाद और एक बार मेरठ सांसद रहे अवतार सिंह भड़ाना की भाजपा में हरिद्वार से वापसी हो सकती है। पार्टी ने उनकी वापसी के लिए हरिद्वार में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया है। इस कार्यक्रम में पार्टी के प्रदेश चुनाव प्रभारी दुष्यंत गौतम, प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट मौजूद रहेंगे। भड़ाना की हरिद्वार संसदीय क्षेत्र में वापसी के सियासी मायने टटोले जा रहे हैं।

बता दें कि भड़ाना हरियाणा के फरीदाबाद लोस सीट से 1991, 2004 व 2009 का चुनाव जीते थे। उन्होंने मेरठ लोकसभा सीट से भी चुनाव जीता। वह उत्तर प्रदेश की मीरापुर विधानसभा से विधायक भी रहे। भड़ाना भाजपा छोड़ कर कांग्रेस में शामिल हो गए थे। उन्होंने कांग्रेस भी छोड़ दी है। शनिवार को टिहरी लोकसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के कार्यक्रम और बैठकों के दौरान भाजपा के हलकों में भड़ाना की वापसी की चर्चाएं खासी गर्म रहीं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने भी संकेत दिए कि रविवार को पार्टी हरिद्वार लोकसभा सीट की चुनावी तैयारियों को लेकर होने वाले ऐसे ही कार्यक्रम में चौंकाने वाली ज्वॉइनिंग होगी। हालांकि उन्होंने भड़ाना का नाम नहीं लिया। भड़ाना की वापसी की चर्चाओं के साथ इसके सियासी मायने भी टटोले जा रहे हैं। राजनीतिक हलकों में यह सवाल तैर रहा है कि आखिर भड़ाना को पार्टी की सदस्यता लेने के लिए हरिद्वार ही क्यों आना पड़ रहा है जबकि उनका सियासी मैदान हरियाणा और यूपी रहा है। राजनीतिक जानकार इसे हरिद्वार लोकसभा सीट के संभावित दावेदारी के रूप में देख रहे हैं। अभी तक भाजपा ने इस सीट पर अपना प्रत्याशी घोषित नहीं किया है। इस सीट पर दावेदारी के तौर पर सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक के अलावा कुछ अन्य नाम भी तैर रहे हैं। इनमें एक नाम भड़ाना का भी शामिल हो गया है। हालांकि पार्टी से जुड़े सूत्र बता रहे हैं कि भड़ाना को मंगलौर विधानसभा सीट से भी चुनाव लड़ाया जा सकता है। मंगलौर सीट वर्तमान में खाली है।

### लोगों ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर उठाया सवाल, मंत्री ने जताई नाराजगी

**ऋषिकेश, एजेंसी।** स्थानीय विधायक और कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने श्री देव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय के पं. ललित मोहन शर्मा परिसर में निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यदायी संस्था को कार्य गुणवत्ता के साथ ही उचित समय के अंदर कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही कार्यदायी संस्था से मृदा जांच की रिपोर्ट मांगी। शनिवार को विवि कैंपस पहुंचे कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने निर्माणाधीन प्रशासनिक भवन, परीक्षा भवन, गेस्ट हाउस, आवास (कुलपति) का निरीक्षण किया। इस दौरान मौजूद लोगों ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल उठाया। कैबिनेट मंत्री ने ब्रिडकुल के इंजीनियर को कार्य गुणवत्ता के साथ करने के निर्देश दिए। ब्रिडकुल के प्रोजेक्ट मैनेजर से दूरभाष पर वार्ता कर नाराजगी व्यक्त की। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की ओर से करीब 25 करोड़ की लागत से यहां निर्माण कार्य किया जा रहे हैं। छात्रों के हित के लिए चल रहे निर्माण कार्य में गुणवत्ता पर्याप्त मात्रा में होनी चाहिए।

## राजाजी पार्क में एक और बाघिन को लाने की तैयारी

**ऋषिकेश, एजेंसी।** राजाजी पार्क में एक और बाघिन को लाने की तैयारी चल रही है। जिसके बाद बाघों का कुनबा और बढ़ जाएगा। कॉर्बेट पार्क में बाघिन को ट्रेंकुलाइज किया जा चुका है। परीक्षण के बाद जल्द ही उसे मोतीचूर रेंज में लाया जाएगा। इसको लेकर पार्क प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है। पार्क के आला अधिकारियों ने यहां बने टाइगर बाड़े का निरीक्षण भी किया है।

जानकारी के अनुसार कॉर्बेट की ढेला नॉन टूरिज्म क्षेत्र में एक मादा बाघिन को ट्रेंकुलाइज किया गया है। कॉर्बेट के पशुचिकित्सक डॉ. दुष्यंत व उनकी टीम पिछले कई दिनों से इस अभियान में लगी हुई थी। पकड़ी गई बाघिन की उम्र तीन से चार वर्ष के बीच है और वह पूर्णतया स्वस्थ है। इसे रेस्क्यू कर ढेला स्थित रेस्क्यू सेंटर में रखा गया है। जहां उसका परीक्षण किया जा रहा है।

राजाजी टाइगर रिजर्व के पश्चिमी क्षेत्र में बाघों के ट्रांसलोकेट करने की योजना कुछ वर्ष पूर्व शुरू की गई थी। इस योजना के तहत यहां पांच बाघों को ट्रांसलोकेट किया जाना है। वन्यजीव प्रतिपालक हरीश नेगी ने बताया कि मोतीचूर रेंज में अब तक दो मादा व एक नर बाघ लाए जा चुके है। जो यहां के वातावरण में घुल मिल गए हैं। अब जल्द ही चौथी बाघिन भी यहां पंहुचेगी। उन्होंने बताया कि टाइगर बाड़े में फूस लगाकर नेचुरल वातावरण में तब्दील कर दिया गया है। शनिवार को पार्क पार्क निदेशक साकेत बडोला, मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक समीर सिन्हा ने टाइगर बाड़े का निरीक्षण किया।

गौरतलब है कि पार्क के पश्चिमी क्षेत्र में मोतीचूर, चीलावाली, कांसरो, धौलखण्ड, बेरिवाडा, रामगढ़ व हरिद्वार रेंज आती है। यह क्षेत्र बाघों के संरक्षण व संवर्धन को लेकर बेहतर माना गया है। हालांकि अभी तक कॉर्बेट से लाए गए बाघ प्रजनन करने में नाकाम रहे है। ऐसे में उम्मीद है कि नई बाघिन के आ जाने से यहां बाघों के कुनबे में बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी। टाइगर बाड़ा एक हेक्टेयर के क्षेत्रफल में बना है। यहां सात सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं जिनके माध्यम से टाइगर की हर मूवमेंट पर नजर रखी जा सकेगी। इसके अलावा यहां बाड़े के बाहर सोलर फेंसिंग लगाई गई है।

## रुद्रपुर में अलग-अलग इलाके में दो शव फंदे से लटके मिले, आसपास मचा हड़कंप

**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।** रुद्रपुर में दो अलग-अलग जगहों पर संदिग्ध परिस्थितियों में दो लोग फंदे पर लटके मिले। पुलिस को शव के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रथम दृष्ट्या दोनों के आत्महत्या करने की अंदेशा जताई जा रही है।

रुद्रपुर ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग जगहों पर संदिग्ध परिस्थितियों में दो लोग फंदे पर लटके मिले। पुलिस को शव के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रथम दृष्ट्या दोनों के आत्महत्या करने की अंदेशा जताई जा रही है।

पुलिस के अनुसार मूल रूप से ग्राम केसरपुर थाना बिथरी चैनपुर बरेली निवासी महेंद्र (25) ट्रांजिट कैंप के आजादनगर में किराए में रहकर मजदूरी करता था। छह मार्च को उसका पड़ोस में रहने वाले दूर के रिश्तेदार के साथ भांजी की फोटो को लेकर विवाद हो गया था। बृहस्पतिवार देर शाम महेंद्र अपने टिनशेड के कमरे में फंदे पर लटका मिला था। डायल 112 पर आई सूचना पर एसआई कविंद्र शर्मा फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और आसपास के लोगों की मदद से शव को फंदे से उतारकर कब्जे में लिया। परिजनों ने पुलिस को बताया कि महेंद्र नशा भी करता था। वह आठ भाई बहनों में सबसे छोटा था। सूचना पर मृतक के भाई बुद्धसेन, पप्पू भी मोर्चरी पहुंच गए थे।

वहीं वार्ड नंबर सात शिवनगर में हरेंद्र (38) अपने परिवार के साथ रहता था। बृहस्पतिवार शाम उसकी पत्नी कहीं गई थी। घर पर उसकी बेटियां थीं। इस दौरान हरेंद्र कमरे में फंदे पर लटका मिला।

### 50 बकरियों में किया कृत्रिम गर्भाधान, 10 मेमने हुए

**ऋषिकेश, एजेंसी।** उत्तराखंड भेड़ एवं ऊन विकास बोर्ड की ओर से पशुलोक में बनाई गई राज्य भेड़ एवं बकरी कृत्रिम गर्भाधान प्रयोगशाला के परिणाम आने शुरू हो गए हैं। बोर्ड के डॉक्टरों की ओर से अलग-अलग स्थानों पर जाकर 50 बकरियों में कृत्रिम गर्भाधान किया गया। जिसमें 10 बकरियों के मेमने हुए हैं। यह काम पायलट प्रोजेक्ट के तहत हो रहा है। बोर्ड को आने वाले दिनों में अच्छे परिणाम की उम्मीद है। पशुलोक में जमुनापारी, सिरोही, बरबरी, बीटल, जखराना प्रजाति के 22 बकरे हैं। इन बकरों का सीमेन एकत्रित कर प्रयोगशाला में जांच के बाद सुरक्षित रखा जाता है। बोर्ड की ओर से इसी सीमेन से ऋषिकेश में तीन स्थानों और भगवानपुर हरिद्वार में 50 बकरियों का कृत्रिम गर्भाधान किया गया था। 25 का परिणाम आया है, जिसमें 10 मेमने हुए हैं। यह कार्यक्रम पिछले साल अगस्त माह से चल रहा है।

## लोकसभा चुनाव से पहले तैयारियां तेज, पुलिस और अर्द्ध सैनिक बल के जवानों ने निकाला फ्लैग मार्च



**हरिद्वार, एजेंसी।**
लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शहर कोतवाली क्षेत्र में पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स ने मिलकर फ्लैग मार्च निकाला। संयुक्त बल ने घनी आबादी और संवेदनशील इलाकों से गुजरते हुए असामाजिक तत्वों को कड़ा संदेश दिया कि चुनाव प्रभावित करने का प्रयास किया तो खैर नहीं। साथ ही आमजन को यह विश्वास दिलाया कि निडर होकर मतदान करें। जनपद में लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए पैरामिलिट्री फोर्स की तीन कंपनियों की मांग गृह मंत्रालय से की गई थी। चुनाव में पुलिस को सहयोग करने के लिए तीन कंपनियां हरिद्वार पहुंच गई हैं। सोमवार को सीओ सिटी जूही मनराल के नेतृत्व में शहर कोतवाल कुंदन सिंह राणा सहित पुलिस व एक कंपनी एसएसबी के जवानों ने पावन धाम से फ्लैग मार्च शुरू किया। मुखिया गली, निष्काम, सूखी नदी, भीमगोड़ा, हरकी पैड़ी, पोस्ट ऑफिस, वाल्मीकि चौक, लोधामंडी, औद्योगिक चौकी क्षेत्र से देवपुरा चौक तक मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च में सीओ सिटी जूही मनराल, शहर कोतवाल कुन्दन सिंह राणा, एसएसआई सतेंद्र सिंह बुटोला, खड़खड़ी चौकी प्रभारी संजीत कंडारी, हरकी पैड़ी चौकी प्रभारी संजीव चौहान, उपनिरीक्षक शैलेन्द्र ममगाई, यशवीर सिंह, विक्रम सिंह, हाकम सिंह, नरेंद्र रावत, अशोक कश्यप, महिला उपनिरीक्षक अनिता शर्मा व अपर उपनिरीक्षक राधा कृष्ण, ऊषा ध्यानी आदि मौजूद रहे।

### 20 सूत्रीय कार्यक्रम में यूएस नगर प्रदेश में तीसरे पायदान पर

**रुद्रपुर, एजेंसी।** गरीबी हटाओ सहित विकास कार्यक्रमों को अमलीजामा पहनाने में ऊधमसिंह नगर ने प्रदेश में तीसरा स्थान हासिल किया है। वहीं कुमाऊं मंडल में जनपद ने टॉप रैंकिंग हासिल की है। यह रैंकिंग प्रदेश सरकार के निर्धारित 20 कार्यक्रमों में प्राप्तांक के आधार पर जारी की गई है। ऊधमसिंह नगर को शासन के निर्धारित कार्यक्रमों के तहत हुए कुल 32 कार्यों में से 24 में ए ग्रेड मिला है। वहीं पांच में बी, तीन में सी ग्रेड हासिल हुआ है। इसमें ग्राम विकास के एनआरएलएम के जरिए नवगठित एवं पुनर्जीवित किए गए स्वयं सहायता समूह, रिवाल्विंग फंड प्राप्त समूह, सामुदायिक निवेश फंड प्राप्त समूह, कुल सीआईएफ महिला स्वयं सहायता समूह में से बैंक क्रेडिट लिंक करने वाले व सीआईएफ में से आय अर्जित करने वाले स्वयं सहायता समूह की श्रेणी में ए ग्रेड मिला है।

### मोहान में बन रहा नया पर्यटन जोन

**रामनगर (नैनीताल), एजेंसी।** अल्मोड़ा वन प्रभाग मोहान क्षेत्र में पर्यटन जोन बना रहा है, जिसका कार्य अंतिम चरण में है। पर्यटन जोन में करीब 17 किमी का ट्रैक बनेगा जिसमें पर्यटक जंगल सफारी कर सकेंगे। इस माह के अंत तक इस पर्यटन जोन के शुरू होने की संभावना है। अल्मोड़ा वन प्रभाग ने जंगल सफारी के लिए मोहान क्षेत्र में पर्यटन जोन तैयार किया है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत ने 772 मामलों का हुआ निपटारा

**हल्द्वानी, एजेंसी।** जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुबीर कुमार के नेतृत्व में रामनगर और हल्द्वानी में राष्ट्रीय लोक अदालत लगाई गई। इस दौरान 772 मामलों का निपटारा किया गया। साथ ही इन मामलों में 5.75 करोड़ की समझौता राशि तय की  नैनीताल में जिला न्यायालय नैनीताल सुबीर कुमार ने 13 मामलों का निस्तारण किया। इसमें समझौता राशि 47.71 लाख रुपये तक की गई। न्यायाधीश परिवार न्यायालय नैनीताल रमेश सिंह ने 26 पारिवारिक वादों का निस्तारण किया गया। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, जिला न्यायालय नैनीताल ज्योत्स्ना की पीठ ने 174 वादों का निस्तारण किया। जिला न्यायालय नैनीताल पुनीत कुमार सिविल जज की पीठ ने 78, प्रीलीटीगेशन के 38 मामलों का निस्तारण किया। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो, दीवानी न्यायालय हल्द्वानी नंदन सिंह राणा ने 17 वादों का निपटरा किया। न्यायाधीश परिवार न्यायालय हल्द्वानी विध्यांचल सिंह ने 43 पारिवारिक वादों का निस्तारण किया। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, दीवानी न्यायालय हल्द्वानी अखिलेश पाण्डे ने 141, सिविल जज (जूडि) दीवानी न्यायालय हल्द्वानी सोनिया ने 49, द्वितीय अपर सिविल जज (जूडि) दीवानी न्यायालय हल्द्वानी अल्का ने 42, प्रीलीटीगेशन के 49 मामलों का निस्तारण किया। अपर जिला जज दीवानी न्यायालय रामनगर सयन सिंह ने सात, प्रीलीटीगेशन के 24 मामलों का निस्तारण किया।

### तीन दिन की छुट्टी से पटरी पर लौटा पर्यटन

**नैनीताल, एजेंसी।** लंबे समय से पर्यटकों का टोटा झेल रहे नैनीताल और इसके आसपास के पर्यटक स्थलों में शिवरात्रि के बाद से सैलानियों की आमद बढ़ी है। वीकेंड होने से भी पर्यटकों ने पहाड़ का रुख किया है।

बता दें कि पिछले कई दिनों से शहर में पर्यटक गतिविधियां मंदी पड़ी हुई थी लेकिन शुक्रवार को शिवरात्रि का अवकाश होने और उसके बाद शनिवार और रविवार की छुट्टी के चलते यहां पहुंचने वाले सैलानियों की संख्या में इजाफा हुआ है। शनिवार सुबह से सैलानियों का नैनीताल पहुंचना शुरू हो गया था जो दोपहर बाद तक जारी रहा। यहां पहुंचे सैलानियों ने नौका विहार करने के साथ रोपवे का भी आनंद लिया।

## तादाद घटी फिर भी कम नहीं हुए तेंदुए के हमले

**हल्द्वानी, एजेंसी।** प्रदेश में तेंदुओं की संख्या घट रही है, लेकिन मानव वन्यजीव संघर्ष में कोई कमी नहीं आई है। बीते तीन साल में प्रदेश में तेंदुओं के हमले में 63 लोगों की मौत हो गई, जबकि 295 लोग जख्मी हो गए। पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की भारत में तेंदुओं की स्थिति-2022 रिपोर्ट में कहा गया है कि उत्तराखंड में वन्यजीवों के हमलों में इंसानी जान जाने या घायल होने के जो मामले होते हैं, उनमें तीस प्रतिशत घटनाएं तेंदुओं से जुड़ी होती हैं। रिपोर्ट जारी की थी उसमें राज्य में 187 तेंदुए कम होने का उल्लेख था। राज्य के वन विभाग के अनुसार, घटती संख्या के बाद भी राज्य में 2829 तेंदुए हैं। उत्तराखंड में मानव-वन्यजीव संघर्ष में सांप काटने से सर्वाधिक मौत होती हैं। इसके बाद तेंदुए हैं, जो इंसानों की जिंदगी के लिए खतरा बने हुए हैं। वन विभाग के आंकड़ों के अनुसार, इन्हीं तीन वर्षों में तेंदुओं के हमलों में 63 लोगों की मौत हुई है, जबकि 295 लोग घायल हुए। मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने के लिए हाट स्पॉट चिह्नित कर वहां रेस्क्यू के संसाधन उपलब्ध कराने की दिशा में काम हो रहा है।

### निजी स्कूलों के सहयोग से एनिमिया मुक्त भारत का संकल्प होगा पूरा

**रुद्रपुर, एजेंसी।** जिले को एनिमिया मुक्त करने के लिए चल रहे अभियान में निजी स्कूलों की भूमिका भी सक्रिय रूप से होगी। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिले के 1049 निजी स्कूलों में अभियान में तेजी लाई जाएगी ताकि एनिमिक बच्चों, किशोर व युवाओं को रोग मुक्त किया जा सके। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार प्रदेश में छह से 59 माह के 58.8 फीसदी बच्चे, 15 से 49 साल की 42.6 फीसदी महिला, 15 से 49 साल की 46.4 फीसदी गर्भवती व 15 से 19 साल की 40.9 फीसदी किशोरियां एनिमिक हैं। इनमें अकेले ऊधमसिंह नगर में 6 से 59 माह के 60.8 फीसदी बच्चे, 15 से 49 साल की 51.6 फीसदी महिलाएं, 15 से 49 साल की 48.8 फीसदी गर्भवती और 15 से 19 साल आयु वर्ग की 51 फीसदी किशोरियां एनिमिया

# तैयारियां शुरू, मार्च के आखिरी हफ्ते से शुरू होगा चारधाम यात्रा का ऑनलाइन पंजीकरण

**ऋषिकेश, एजेंसी।**
मार्च माह के आखिरी सप्ताह में ऑनलाइन पंजीकरण और अप्रैल मध्य में ऋषिकेश ट्रांजिट कैंप और अन्य स्थानों पर पंजीकरण शुरू हो सकेगा।

बदरीनाथ और केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि घोषित हो चुकी है। गंगोत्री और यमुनोत्री की तिथि अभी बाकी है। ऐसे में पर्यटन विकास परिषद मार्च माह के आखिरी सप्ताह से चारधाम यात्रा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण शुरू कर देगा।

बदरीनाथ के कपाट 12 मई और केदारनाथ के कपाट 10 मई को खुलेंगे। बोर्ड के सूत्रों की मानें, तो ऋषिकेश ट्रांजिट कैंप और अन्य स्थानों पर 15 अप्रैल से ऑफलाइन पंजीकरण शुरू हो सकते हैं। इसके लिए पर्यटन विकास की एजेंसी को दो दिन ऑफलाइन पंजीकरण का ट्रायल करना है।

अक्षय तृतीया 10 और 11 मई को है। अभी तक गंगोत्री और यमुनोत्री मंदिर समिति की ओर से कपाट खोलने की आधिकारिक तिथि घोषित नहीं की गई है। तिथि घोषित होने के बाद ही चारधाम यात्रा के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन पंजीकरण की आधारिक तिथि घोषित की जाएगी।

अभी तक गंगोत्री और यमुनोत्री मंदिर समिति की ओर से



आधिकारिक रूप से कपाट खुलने की तिथि तय नहीं की गई है। मार्च आखिरी सप्ताह तक ऑनलाइन पंजीकरण शुरू हो सकेगा। 15 अप्रैल के बाद ऑफलाइन पंजीकरण शुरू हो सकेगा।

## जिला अस्पताल में सीटी स्कैन मशीन को संचालन का इंतजार

**अल्मोड़ा, एजेंसी।**
जिला अस्पताल में एक माह बाद भी सीटी स्कैन मशीन का संचालन शुरू नहीं हो सका है। कक्ष में स्थापित मशीन शोपीस बनी है और मरीज जांच के लिए हायर सेंटर की दौड़ लगाने के लिए मजबूर हैं। तकनीकी टीम का निरीक्षण न होने से मशीन का संचालन नहीं हो पा रहा है।

जिला अस्पताल में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने के दावे कर करीब 10 करोड़ रुपये से सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। बीते जनवरी माह में सीटी स्कैन मशीन अस्पताल पहुंची, इसे तुरंत स्थापित भी कर दिया गया। दावे थे कि अब मरीजों को सीटी स्कैन के लिए हायर सेंटर की दौड़ नहीं लगानी होगी, लेकिन अब तक यह दावा धरातल पर नहीं उतर सका है। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक इसके संचालन के लिए एईआरबी की तकनीकी टीम का निरीक्षण होना है। निरीक्षण कब होगा और कब मशीन संचालित होगी इसका स्पष्ट जवाब अधिकारियों के पास नहीं है।

स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक मशीन स्थापित हो गई है और इसमें जरूरी मशीनरी लगा दी गई है। अब इसमें सॉफ्टवेयर लोड होना है जो तकनीकी टीम के निरीक्षण के बाद ही संभव है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग के साथ ही मरीजों को राहत पाने के लिए इस टीम का बेसब्री से इंतजार है।

# विधानसभा में सीवरेज और पानी को लेकर संकल्प पास, एक सप्ताह में समस्या हल करें मुख्य सचिवःआतिशी

## मुख्य सचिव को विशेष सत्र में उपस्थित होकर शिकायतों के समाधान को लेकर प्रगति रिपोर्ट पेश करने के निर्देश

- आदेश के बावजूद डीजेबी के सीईओ ने न तो क्षेत्र का दौरा किया और न तो जमीनी हकीकत की कोई रिपोर्ट ही सौंपी- आतिशी
- मुख्य सचिव को 48 घंटे के अंदर पाइप लाइन से पानी के रिसाव व सीवर ओवरफ्लो ठीक करने और सात दिन के अंदर इसका पूरा समाधान निकालने के निर्देश- आतिशी



नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

अफसरों की उदासीनता के चलते दिल्ली के अंदर जगह-जगह लोग पानी आपूर्ति और सीवर ओवरफ्लो की समस्या से परेशान हैं। शनिवार को दिल्ली विधानसभा ने भी दिल्लीवालों की इस गंभीर समस्या का संज्ञान लिया और इसके समाधान के लिए सदन पटल पर एक संकल्प पत्र रखा गया, जिसे विधानसभा ने ध्वनि मत से पास कर दिया। विधानसभा ने दिल्ली के मुख्य सचिव को सीवरेज और पानी आपूर्ति की समस्या को एक सप्ताह के अंदर हल करने का निर्देश दिया है। विधानसभा इस बात पर सहमति दिखाई कि अगर 15 मार्च तक सीवरेज और पानी की समस्या का समाधान नहीं होता है तो इसके लिए खुद मुख्य सचिव जिम्मेदार होंगे। संकल्प पत्र में कहा गया है कि जनता द्वारा पानी आपूर्ति और सीवर ओवरफ्लो को लेकर लगातार शिकायतें आ रही हैं। इसलिए इन शिकायतों को मुख्य सचिव को खुद देखें। वहीं, इस गंभीर मुद्दे पर 15 मार्च को विधानसभा में एक विशेष सत्र भी आहुत की गई है। मुख्य सचिव को इस विशेष सत्र से पहले पानी और सीवरेज की समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया गया है।

दिल्ली विधानसभा के सदस्य दिलीप पांडे द्वारा सदन में पेश संकल्प पत्र का समर्थन करते हुए कैबिनेट मंत्री आतिशी ने कहा कि सीवर ओवरफ्लो, गंदे पानी की आपूर्ति और पानी की टूटी पाइप लाइनों से संबंधित रोजाना दर्जनों शिकायतें मिल रही हैं। जगह-जगह पानी की पाइपलाइन में लीकेज हो रहा है। इससे पानी का रिसाव होने से सड़कें खराब हो रही हैं। लेकिन उन पाइप लाइनों को ठीक नहीं किया जा रहा है। अगर किसी पाइप लाइन को ठीक भी कर दिया जाता है तो लंबे समय तक वो टिक नहीं पा रही हैं। रोजाना विधायकों को अपने कार्यालयों में इस तरह की शिकायतों का सामना करना पड़ रहा है। फिर चाहे वह पक्ष हो या फिर विपक्ष का। मेरे अधिकारिक ईमेल और मेरे व्यक्तिगत ईमेल पर शुक्रवार को 24 घंटे में 80 शिकायतें मिलीं, जो जल बोर्ड के मामलों से जुड़ी हुई थीं। उन्होंने कहा कि जल बोर्ड से संबंधित ये समस्या अब दिल्ली में काफी व्यापक हो गई है। जल बोर्ड के ग्रीवेंस रिड्रेसल पोर्टल 1916 में 10 हजार से ज्यादा लंबित शिकायते हैं। मैंने कई बार इन शिकायतों को जल बोर्ड के सीईओ और सदस्यों को भेजा। जब इन शिकायतों की संख्या बढ़ने लगी, तब मैंने सभी जल बोर्ड के अधिकारियों को आदेश दिया कि वह रोज सुबह अपने इलाके का दौरा कर शिकायतों की जांच करेंगे। इतना ही नहीं, मैंने जल बोर्ड के सीईओ को भी आदेश दिया कि वो हफ्ते में कम से कम दो बार और जल बोर्ड के सदस्य हफ्ते में कम से कम तीन बार इलाके का दौरा कर जांच करेंगे। जिससे उनको जमीनी हकीकत को समझने में मदद मिलेगी। साथ ही इसकी रिपोर्ट भी हर सप्ताह देने के लिए कहा। लेकिन पिछले दो महीने में एक भी बार जल बोर्ड के सीईओ की कोई रिपोर्ट मेरे पास नहीं आई। अगर अफसर अपने ऑफिस से बाहर निकल कर देखेंगे नहीं कि समस्या क्या है तो समाधान कैसे निकलेगा। अब यह साफ हो गया है कि जल बोर्ड के सीईओ इन समस्याओं को सुलझाने में अक्षम हैं तो जो मेरे पास 80 शिकायतें आई थीं, उन सभी को दिल्ली के मुख्य सचिव के पास भेज दिया। मैंने इस मामले में मुख्य सचिव की व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय करते हुए उनको दो आदेश दिए गए हैं। पहला आदेश कि मुख्य सचिव को 48 घंटे के अंदर पाइप लाइन के रिसाव, सीवर ओवरफ्लो को लेकर समाधान निकालना है। दूसरा आदेश है कि सात कार्यदिवस के अंदर इसका पूर्ण हल ढूंढना है। आतिशी ने कहा कि यह केवल यह पक्ष या विपक्ष की बात नहीं है। यह दिल्ली के लोगों की समस्या है। हम सबको यहां दिल्ली की जनता ने चुनकर भेजा है। आज जो काम होने हैं, वह दिल्ली की जनता के टैक्स के पैसे से होने हैं। ऐसे में अगर दिल्ली के लोग परेशान हैं तो जवाब देना ही पड़ेगा। मेरा निवेदन है कि सदन में पेश प्रस्ताव में इस पक्ष को भी जोड़ा जाए कि जो भी अफसर इन काम में देरी और समस्या का समाधान न होने के लिए जिम्मेदार है। चीफ सेक्रेटरी को कहा जाए कि ऐसे अफसरों पर जांच के साथ कार्रवाई हो। वहीं, विधानसभा में संकल्प पत्र पेश करते हुए विधायक दिलीप पांडे ने कहा कि गंदे पानी की आपूर्ति और सीवर ओवर फ्लो को लेकर दिल्ली की अलग-अलग विधानसभाओं की जनता परेशान होकर हमारे पास आ रही है। उन्होंने इस गंभीर विषय संकल्प पत्र सदन में रखते हुए कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की विधानसभा 9 मार्च 2024 को आयोजित अपनी बैठक में संकल्प करती है कि दिल्ली के 2 करोड लोगों का प्रतिनिधित्व करने वाले सदन के संज्ञान में आया है कि बहुत भारी संख्या में दिल्लीवासी जल आपूर्ति और सीवरेज के रखरखाव से संबंधित गंभीर समस्याओं का सामना कर रहे हैं। शहर के कई हिस्सों में सीवर के ओवरफ्लो होने से दूषित जल की आपूर्ति और पानी की पाइप लाइनों में लीकेज की गंभीर समस्याएं सामने आ रही है। विभिन्न कॉलोनियों के निवासी इन समस्याओं के बारे में इस सदन के सदस्यों को जानकारी दे रहे हैं। जबकि, जल आपूर्ति और सीवरेज नेटवर्क के रखरखाव और अन्य संबंधित कार्यों के पूरा होने की जिम्मेदारी दिल्ली जल बोर्ड की है।

# देश की राजनेतिक, सामाजिक, वैज्ञानिक, और आर्थिक भूमिकाओं में महिलाओं का खास रोल : आरती त्रिपाठी यादव

- कार्यक्रम की सम्माननीय अतिथि श्रीमती आरती त्रिपाठी यादव ने कहा जैसे एक पुरुष की सफलता में महिला का सहयोग साथ होता



नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सामाजिक संस्था रिपब्लिक की पाठशाला ने इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में राष्ट्र निर्माण में महिलाओं का योगदान नामक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। राष्ट्र निर्माण में महिलाओं का योगदान कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रोफेसर मृदुला भाटिया ने बताया कि किस तरह से समाज और राष्ट्र की आर्थिक उन्नति में महिलाओं ने योगदान दिया है। इसके अलावा उन्होंने महिलाओं के योगदान को लेकर और कई पक्षों पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम की सम्माननीय अतिथि श्रीमती आरती त्रिपाठी यादव ने कहा जैसे एक पुरुष की सफलता में महिला का सहयोग साथ होता है ऐसे ही सफल महिला के जीवन में एक पुरुष का सहयोग, पिता, पति, भाई के नाते जरूरी देखने को मिलता है। विशिष्ट अतिथि सुबुही खान ने अपने वक्तव्य में बताया कि हिंदू धर्म नहीं बल्कि जीने की एक कला है। उन्होंने यह भी बताया कि महिलाएँ किस तरह से राष्ट्र की समृद्धि में अपना योगदान दे रही हैं। कार्यक्रम में असिस्टेंट प्रोफेसर अदिति नारायणी पासवान, रिंकी यादव, मधु दास, रेणु घई, अंजू तोमर और गीता सक्सेना आदि सम्माननीय महिलाएं मुख्य रूप से उपस्थित रहीं।

# दिल्ली में 40 फीट गहरे बोरवेल में गिरे शख्स की नहीं बच सकी जान, रेस्क्यू टीम ने निकाला शव

- वे बोरेवेल के कमरे में कैसे घुसे, बोरेवेल के अंदर कैसे गिरे, इसकी जांच पुलिस द्वारा की जाएगी। मैं एनडीआरएफ की टीम का धन्यवाद करती हूं



नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

केशोपुर में दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में 40 फीट बोरवेल में गिरे शख्स की मौत हो गई है। रेस्क्यू टीम ने उसे मृत पाया था। दिल्ली की मंत्री आतिशी ने इसकी जानकारी दी है। व्यक्ति रात में एक बजे बोरवेल में गिर गया था। उसकी उम्र लगभग 30 वर्ष बताई जा रही है। आतिशी ने सोशल साइट एक्स पर लिखा, बहुत दुख के साथ यह खबर साझा कर रही हूं कि जो पुरुष बोरवेल में गिरे थे, उन्हें रेस्क्यू टीम ने मृत पाया है। ईश्वर अपने श्री चरणों में उन्हें स्थान दें। मृतक की उम्र लगभग 30 वर्ष थी। वे बोरेवेल के कमरे में कैसे घुसे, बोरेवेल के अंदर कैसे गिरे, इसकी जांच पुलिस द्वारा की जाएगी। मैं एनडीआरएफ की टीम का धन्यवाद करती हूं, जिन्होंने कई घंटों से रेस्क्यू ऑपरेशन में हर संभव प्रयास किया।

रात में गिरा था शख्स

शख्स रात में लगभग एक बजे बोरवेल में गिर गया था। बोरवेल के आसपास का क्षेत्र पूरी तरह से बंद था। रात में विकासपुरी पुलिस स्टेशन में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी, जिसमें बताया गया कि केशोपुर (दिल्ली) जल बोर्ड कार्यालय में एक व्यक्ति बोरवेल में गिर गया है। इसके बाद रेस्क्यू ऑपरेशन (बचाव अभियान) चलाया गया। लगभग 14 घंटे बाद उसे बाहर निकाला गया, लेकिन वह मृत था। जबरदस्ती प्लांट में घुसने का किया गया प्रयास उससे पहले उन्होंने पोस्ट कर लिखा था, बोरवेल एक तालाबंद बंद कमरे में था। प्रथम दृष्टया ऐसा लग रहा है कि यहां जबरदस्ती ताला तोड़ घुसने का प्रयास किया गया था। पुलिस इसकी जांच करेगी। ऐसे मामले दोबारा सामने न आएं, इसे लेकर जल बोर्ड को सख्त आदेश दिए हैं कि दिल्ली में बंद पड़े सभी प्राइवेट-सरकारी बोरवेल को 48 घंटे के अंदर वेल्डिंग कर सील किया जाए और मुझे इसकी रिपोर्ट सौंपी जाए। इसके अलावा आतिशी ने मुख्य सचिव नरेश कुमार को पत्र लिखकर घटना की जांच करने का निर्देश दिया है। साथ ही जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का निर्देश दिया।

# शिक्षा विदूषी श्रीमती कमल रानी टंडन की प्रार्थना सभा में विकास पुरी में श्रद्धांजलि देने उभड़ा जन सैलाव




नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

पश्चिमी दिल्ली में कमल, वंदना, ट्रिनिटी और गुरुग्राम शिक्षण संस्थाओं की सह संस्थापिका स्वर्गीय चौधरी कमल रानी टंडन को श्रद्धांजलि देने के लिए विकासपुरी के कमल पब्लिक स्कूल में जन-सैलाब उमड़ पड़ा। गीता मनीषी ज्ञानानंद स्वामी ने श्रीमती कमल रानी टंडन के सुपुत्र डॉ .वी.पी टंडन, डॉ.वंदना टंडन डॉ. आर.के टंडन, डॉ. रीमा टंडन, डॉ. संजीव कुमार घई, डॉ.राधा घई, डॉ .तरुण बजाज, डॉ.सीमा बजाज और निकट संबंधियों और रिश्तेदारों, मित्रों और शुभचिंतकों की उपस्थिति में उपस्थित जनसमूह को गीता का ज्ञान दिया। नेशनल एजुकेशनल मीडिया नेटवर्क के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, पश्चिमी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से सांसद प्रत्याशी श्रीमती कमलजीत सहरावत, भाजपा के पवन शर्मा, पूर्व निगम पार्षद अचल शर्मा, पूर्व विधायक श्री मुकेश शर्मा, शिक्षाविद् डॉ. यशपाल पुरंग, डॉ.पवन वत्स, डॉ. विनोद बब्बर, श्री मौला, श्री अमर अग्रवाल,

अनऐडिड रिकग्नाइजड पब्लिक स्कूल फेडरेशन के अध्यक्ष भरत अरोड़ा, श्री एम.एस रावत, के एल लूथरा सहित बड़ी संख्या में दिल्ली एनसीआर के पब्लिक स्कूलों के मैनेजर, चेयरमैन, प्रिंसिपल और शिक्षक, धार्मिक, व्यापारिक और सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों, गायकों , पुलिस अधिकारियों ने श्रीमती कमल रानी टंडन को अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# पीएम ने दिल्ली हवाई अड्डे के विस्तारित टर्मिनल-1 का किया उद्घाटन

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को दिल्ली हवाई अड्डे के विस्तारित टर्मिनल-1 (टी-1) का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये उद्घाटन किया। अब इसका कुल क्षेत्रफल तीन गुना होकर 2,06,950 वर्ग मीटर हो गया है। विस्तारित टर्मिनल-1 के उद्घाटन के साथ दिल्ली हवाई अड्डे की वार्षिक क्षमता मौजूदा चार करोड़ यात्रियों से बढ़कर 10 करोड़ हो जाएगी।

हवाई अड्डा परिचालक डायल के अनुसार, सभी प्रवेश द्वारों पर चेहरा पहचानने की प्रणाली (डिजी यात्रा), 20 ऑटोमेटेड ट्रे रीट्राइवल सिस्टम्स (एटीआरएस), इंडीविजुअल कैरियर सिस्टम (आईसीएस), 108 कॉमन यूजेज सेल्फ सर्विस (सीयूएसएस) और 100 चेक-इन काउंटर हैं, जिनमें 36 सेल्फ बैगेज ड्रॉप (एसबीडी) कियोस्क शामिल हैं। दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) के अनुसार, टी1 के विस्तार के बाद हवाई अड्डा 10 करोड़ की वार्षिक यात्री प्रबंधन क्षमता वाले हवाई अड्डों में शामिल हो जाएगा। टी1 की वार्षिक यात्री प्रबंधन क्षमता 1.7 करोड़ से बढ़कर चार करोड़ हो जाएगी। डायल द्वारा संचालित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (आईजीएआई) पर प्रतिदिन लगभग 1,500 उड़ानों का आवागमन होता है। हवाई अड्डे पर फिलहाल तीन टर्मिनल- टी1, टी2 और टी3 हैं। इनमें टी1 की क्षमता विस्तार के बाद चार करोड़, टी2 की क्षमता 1.5 करोड़ और टी3 की क्षमता 4.5 करोड़ है।

## शादी से पहले काला जठेड़ी की पुलिस रिमांड खत्म

नई दिल्ली। द्वारका कोर्ट ने गैंगस्टर संदीप उर्फ काला जठेड़ी को तीन दिन की पुलिस रिमांड खत्म होने पर 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। जठेड़ी को दो करोड़ रुपये के रंगदारी मामले में क्राइम ब्रांच ने रिमांड पर लिया था। रिमांड अवधि खत्म होने के बाद उसे ड्यूटी मजिस्ट्रेट सार्थक पंवार के सामने पेश किया गया था, जहां अदालत ने उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। जठेड़ी को 12 व 13 मार्च को शादी के लिए कस्टडी पैरोल की अनुमति दी गई है। द्वारका कोर्ट ने ही 4 मार्च को, विवाह समारोह के लिए हिरासत में पैरोल दी थी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश दीपक वासन ने 4 मार्च को काला जठेड़ी को 12 मार्च को उसकी शादी के लिए छह घंटे की हिरासत पैरोल और 13 मार्च को सोनीपत में गृहप्रवेश के लिए अनुमति दी है। अदालत के आदेश के अनुसार, जठेड़ी को 12 मार्च को सुबह 10 से शाम 4 बजे के बीच विवाह समारोह के लिए अधिकारियों द्वारा एस्कॉर्ट किया जाएगा। उन्हें 13 मार्च को सुबह 10 से दोपहर 1 बजे के बीच जठेड़ी गांव (हरियाणा के सोनीपत में) गृहप्रवेश समारोह में शामिल होने की भी अनुमति दी गई है।

# बुराड़ी के वेस्ट कमल विहार में डीडीए का नोटिस, 11 मार्च तक दस्तावेज चेक कराने की डेडलाइन



नई दिल्ली । बुराड़ी में नई अवैध कॉलोनी में कई जगह डीडीए द्वारा नोटिस जारी कर डिमोलिशन भी किया जा रहा है। साथ ही कई जगहों पर डीडीए द्वारा डिमोलिशन के नोटिस भी लगाए जा रहे हैं। इसी बीच अब वेस्ट कमल विहार में डीडीए द्वारा नोटिस चिपकाए गए हैं। इस नोटिस में विभाग द्वारा वेस्ट कमल बिहार के बी ब्लॉक में रहने वाले लोगों को अपने मकानों के दस्तावेज की डिटेल्स डीडीए कार्यालय में 11 मार्च तक जमा करने के लिए कहा है। दरअसल, डीडीए की तरफ से 2018 के बाद बसी अवैध नई कॉलोनी पर लगातार नोटिस लगाकर डिमोलिशन किया जा रहा है। जिस दिन से वेस्ट कमल विहार इलाके में डीडीए के नोटिस लगे। उसके बाद से स्थानीय लोगों की रातों की नींद उड़ गई है। लोगों का कहना है कि वह यहां साल 2004 से रह रहे हैं। यह कॉलोनी करीब 20 साल पुरानी है। यहां दिल्ली सरकार की तरफ से मिलने वाली तमाम मूलभूत सुविधाएं जैसे बिजली, पानी, सड़क, नाली, स्कूल व अन्य कई प्रकार की सुविधाएं मिल रही हैं। लेकिन यहां नोटिस लगने के बाद लोगों की चिंताएं बढ़ गई हैं। बता दें, बुराड़ी विधानसभा में पिछले 6 महीने से लगातार डीडीए और दिल्ली नगर निगम का पीला पंजा अलग-अलग अवैध रूप से बसी अवैध नई कॉलोनियों पर चल रहा है। यहां डीडीए के नोटिस लगने से वेस्ट कमल विहार में रहने वाले लोगों अब घर से बेघर होने का डर सताने लगा है। बहरहाल, आने वाला समय ही बताएगा यह कॉलोनी अवैध है या फिर उ्रूअ विभाग के पैनल में आती है।

# विधायक महावर ने वितरित की महिलाओं को सिलाई मशीन

नई दिल्ली। घोंडा विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी के विधायक अजय महावर ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर महिलाओं को सिलाई मशीनें वितरित की। इस मौके पर जिला भाजपा उपाध्यक्ष ठाकुर विनोद जायस, मंडल अध्यक्ष भुवनेश सिंघल सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे। कार्यक्रम का आयोजन माता चकोरी देवी फाउन्डेशन द्वारा सक्षम प्रकल्प के तहत किया गया। अजय महावर नें कहा प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी के शासन के दौरान महिलाओं को आगे बढ़ाने के रास्ते सरकार द्वारा बनाये गए है। केंद्र सरकार नें महिलाओं के कल्याण के लिए अनेक योजनायें बनाई है और अभी भी अनेक योजनाओं पर काम चल रहा है।

## प्रदर्शनी से महिला समेत तीन लोगों के बैग चोरी

नोएडा। सेक्टर-62 में लगी प्रदर्शनी में शामिल होने आई महिला समेत तीन लोगों के बैग चोरी हो गए। बैग में नगदी, दस्तावेज और कीमती सामान था। सेक्टर-58 पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है। सेक्टर-78 स्थित अंतरिक्ष गोल्फ व्यू सोसाइटी निवासी सत्यवीर चौहान छह मार्च को डायमंड इंजीनियरिंग वर्क्स कंपनी की ओर से सेक्टर-62 में लगाई गई प्रदर्शनी में आए थे। यहां से एक युवक उनका बैग चोरी कर फरार हो गया। युवक सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है। बैग में एक लाख 50 हजार रुपये, और दस्तावेज थे। प्रदर्शनी से ही बलप्रीत कौर का बैग चोरी हो गया। बैग में बलप्रीत का मोबाइल और नकदी समेत अन्य सामान था। प्रदर्शनी से सुहैल गुगलानी का बैग भी चोरी हो गया। बैग में लैपटॉप समेत अन्य सामान था। सेक्टर-58 थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## परिषदीय स्कूल के छात्र खेलों में भी दम दिखाएंगे

ग्रेटर नोएडा। जिले के परिषदीय स्कूलों की दशा सुधारने के लिए कई स्तरों पर काम हो रहे हैं। शिक्षा के साथ ही अब खेलकूद गतिविधियों पर अधिक ध्यान दिया जाएगा, जिससे छात्र राज्य के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं व पैरालंपिक में भी अपना दम दिखा सके। बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पंवार ने बताया कि स्कूलों में खेल क्लब का गठन किया जाएगा। क्लब में खेलकूद प्रभारी शिक्षक और खेलों में रुचि रखने वाले 10 छात्र होंगे। क्लब के जरिये पारंपरिक खेलों खो-खो, कबड्डी, फुटबाल, वालीबाल व हैंडबाल को प्रोत्साहित किया जाएगा। वहीं, स्कूल स्तर पर शतरंज, कैरम, बैडमिंटन, एथलेटिक्स, ब्लाइंड क्रिकेट और दिव्यांग के लिए भी खेलकूद गतिविधियां होंगी। इसके लिए बजट भी जारी हो गया है। इन स्कूलों के छात्र भी राज्य और राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिताओं में शामिल होंगे। इससे पहले अंतरविद्यालय स्तर की प्रतियोगिताएं होंगी। हाल ही में आयोजित हुई राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में परिषदीय स्कूल की बास्केटबॉल की टीम ने स्वर्ण पदक जीता था। जिम्नास्टिक में भी स्वर्ण पदक जीतकर जनपद का नाम रोशन किया था। खेल को बढ़ावा देने के लिए सीएसआर की मदद से कंपोजिट स्कूल इटैरा में फुटबाल, वालीबाल व हैंडबाल और क्रिकेट का मैदान बनवाया गया है।

# केशोपुर बोरवेल हादसे पर आया डीएमआरसी का रिएक्शन

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

केशोपुर में दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में 40 फीट गहरे बोरवेल में गिरने से एक शख्स की मौत हो गई है। दिल्ली की मंत्री आतिशी ने इसकी सूचना दी। लगभग 14 घंटे बाद शख्स को निकाला गया था, जो मृत मिला था। मामले में पुलिस द्वारा जांच की जाएगी। मृतक की उम्र लगभग 30 वर्ष बताई जा रही है। वहीं घटना पर दिल्ली मेट्रो का बयान सामने आया है।

डीएमआरसी के मुख्य कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने एक बयान में कहा, आज एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना सामने आई है, जहां दिल्ली मेट्रो निर्माण स्थल के पास केशोपुर में एक व्यक्ति बोरवेल में गिर गया था। डीएमआरसी बताना चाहेगी कि डीएमआरसी ने यह बोरवेल नहीं बनाया और न ही इसने इसका कोई उपयोग किया। जिस पंप रूम के अंदर यह बोरवेल स्थित था, वह दिल्ली जल बोर्ड का है। उस पंप रूम के अंदर बोरवेल पहले से ही बना था, जब डीएमआरसी ने निर्माण कार्य के लिए इसके आसपास के क्षेत्र को अपने कब्जे में ले लिया था।

मेट्रो ने बनाया सड़क और गार्ड रूम

डीएमआरसी ने बयान में आगे कहा कि मानवीय संकेत के रूप में, डीएमआरसी के अधिकारी इंजीनियर साइट पर मौजूद हैं और सभी आवश्यक सहयोग देने के लिए तैयार हैं। वास्तव में, डीएमआरसी ने पिछले कुछ महीनों में उस क्षेत्र में दिल्ली जल बोर्ड के लिए एक वैकल्पिक सड़क और गार्ड रूम का निर्माण पहले ही कर लिया है।

# जिला बदर तस्कर चढ़ा पुलिस के हत्थे

नोएडा। सेक्टर-63 पुलिस ने जिला बदर होने के बावजूद जनपद की सीमा में रहने वाले वाले आरोपी को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी राकेश कुमार को वाजिदपुर गांव में उसके घर से ही दबोचा गया। राकेश पर मादक पदार्थों की तस्करी करने का आरोप है। उसके खिलाफ पहले से आठ केस दर्ज हैं। पुलिस ने उसके खिलाफ गुंडा एक्ट के तहत भी कार्रवाई की थी।

# आप का हरियाणा के कुरुक्षेत्र लोकसभा चुनाव के लिए कैंपेन बदलेंगे कुरुक्षेत्र-बदलेंगे हरियाणा, इब्बकै इंडिया को जिताणा लांच

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



आम आदमी पार्टी ने रविवार को हरियाणा के कुरुक्षेत्र में लोकसभा चुनाव के लिए अपना कैंपेन लांच किया। आप ने इसका स्लोगन बदलेंगे कुरुक्षेत्र-बदलेंगे हरियाणा, इब्बकै इंडिया को जिताणा दिया है। आप के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल और पंजाब के सीएम भगवंत मान ने अधिकारिक रूप से कैंपेन की शुरूआत की। इस दौरान केजरीवाल ने जनता से कहा कि इस बार आप प्रधानमंत्री बनाने के चक्कर में मत पड़ जाना। इस बार आपको अपना सांसद बनाना है, जो आपके सुख-दुख में काम आए। हरियाणा में दसों सांसद भाजपा के हैं। लेकिन जब पहलवान बेटियों पर अत्याचार हो रहा था, नौकरी मांग रहे युवाओं को पीटा जा रहा था और किसानों पर गोले व आंसू गैस छोड़े जा रहे थे, तब ये सांसद कहां थे? ये आपके सांसद नहीं है, बल्कि भाजपा के गुलाम हैं। ये कभी आपके दुख-सुख में काम नहीं आएंगे। उन्होंने कहा, आजकल ये खुलेआम कह रहे हैं कि हमें 370 सीटें आ रही है, हमें तो लोगों के वोट की जरूरत नहीं है, तो फिर इनको वोट क्यों देना? हमें आपके वोट से जीतना है, आप हमें वोट दें। हरियाणा में सभी सांसद भाजपा के हैं, 10 साल में इन्होंने जनता के लिए कुछ नहीं किया- केजरीवाल

आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि एक महीने बाद लोकसभा चुनाव है। कभी भी चुनाव आचार संहिता लागू हो सकती है। इस बार हरियाणा के कुरुक्षेत्र लोकसभा से इंडिया गठबंधन की तरफ से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी सुशील गुप्ता हैं। आपके पास बहुत सारी पार्टियां आकर बड़ी-बड़ी बातें करेंगी। लेकिन मैं आपकी, आपके परिवार और आपके बच्चों की बात करूंगा। आप अपनी, अपने घर और देश की सोचो, बाकी इन पार्टियों के चक्कर में क्यों पड़ना? पिछले 75 साल में इन पार्टियों और नेताओं ने तो देश को लूट लिया। इस चुनाव में आपको अपना सांसद चुनना है। अब आपको तय करना है कि वोट किसे दें? पिछले 10 सालों से हरियाणा की सभी 10 लोकसभा सीटों पर भाजपा को जीता रहे हैं। भाजपा के इन 10 सांसदों ने हरियाणा की जनता के लिए पिछले 10 सालों में क्या किया? इन दस सांसदों ने कोई एक काम किया हो तो मैं राजनीति छोड़ दूंगा। दुर्भाग्य की बात है कि इन्होंने इन 10 सालों ने कोई एक काम नहीं किया है। ये 10 सांसद हरियाणा की जनता के सांसद नहीं है, बल्कि भाजपा के सांसद हैं और भाजपा के गुलाम हैं। भाजपा के कहने पर उठते-बैठते हैं। जब नौकरी मांग रहे युवाओं को पुलिस पीट रही थी, तब ये सांसद उनकी बेरोजगारी का मजाक उड़ा रहे थे- केजरीवाल

# आम आदमी पार्टी की दिल्ली प्रदेश सचिव रीना गुप्ता ने रोजगार के अवसर प्रदान करने हेतु रोजगार मेले का आयोजन करवाया

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली प्रदेश सचिव रीना गुप्ता ने 9 मार्च 2024 को युवाओं के लिए एक अत्यंत लाभदायी रोजगार मेले का आयोजन करवाया। इस मेले का उद्देश्य रोजगार मुहैया कराना एवं दिल्ली के नागरिकों को बेहतर अवसर प्रदान करना रहा।

मेले का आयोजन श्री गुरु रविदास मंदिर, अस्पताल रोड, भोगल में हुआ। दिल्ली के मुख्यमंत्री श्री अरविंद केजरीवाल का सपना रहा है कि वह प्रदेश के युवाओं को बेहतर से बेहतर और सम्मानजनक रोजगार के अवसर प्रदान कर सकें। यह रोजगार मेला उसी सपने को साकार करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। शीघ्र ही पूरी दिल्ली में इसी तर्ज पर रोजगार मेलों का आयोजन किया जाएगा।

रोजगार मेला एक प्लेटफॉर्म है जहां पर कंपनियों को उन होनहार युवाओं से जोड़ा जाता है जिन्हे नौकरियों की तलाश होती है। मेले में आए युवाओं को अवसर मिला विभिन कंपनियों से आए प्रतिनिधियों से मिलने का, नौकरियों के लिए आवेदन करने का एवं सीधा वॉक-इन इंटरव्यू देकर अपना वर्तमान बदलने का। हालांकि यह सिर्फ युवाओं के लिए एक सुअवसर नहीं था अपितु यह उन कंपनियों के लिए भी एक अच्छा मौका था जो कि अपने संस्थानों के लिए उपयुक्त और कुशल कर्मचारियों की तलाश में थीं।

युवाओं को उनके हुनर एवं योग्यता के अनुसार विभिन्न प्रकार के रोजगार अवसर प्रदान करने हेतु अलग-अलग वर्ग में नौकरियां ऑफर करी गईं। ड्ट प्रीस्कूल शिक्षक, डेकेयर शिक्षक और विदेशी भाषा शिक्षक, संस्कृत भाषा शिक्षक, संगीत शिक्षक

- सिविल इंजीनियर, एमईपी इंजीनियर, क्यूएस, गुणवत्ता विश्लेषक, रोबोटिक्स, असेंबली लाइन उत्पादन, सीएनसी वीईसी
- आतिथ्य, लेखापरीक्षा एवं कराधान, लेखा कार्यकारी
- ग्राफिक डिजाइनर, सोशल मीडिया मैनेजर, मार्केटिंग इन्फ्लुएंसर, ई-कॉमर्स एक्जीक्यूटिव, मार्केटिंग रणनीतिकार
- क्लीनर, दर्जी, ब्यूटीशियन, डिलीवरी पार्टनर
- घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बीपीओ - चैट और कॉल
- बीमा एजेंट, ऋण परामर्शदाता, संग्रह अधिकारी, रिलेशनशिप मैनेजर, बिक्री प्रबंधक और कार्यकारी, फील्ड कार्यकारी, व्यवसाय विकास अधिकारी
- गोदाम प्रबंधक, स्टोरकीपर, हेल्पर; वगैरह

युवाओं के बीच नौकरियों की उच्च मांग के कारण, बड़ी संख्या में नौकरी चाहने वालों और नियोक्ताओं को आकर्षित करने के लिए उत्सव एक केंद्रीय स्थान पर आयोजित किया गया था। इसमें बायोडाटा बनाने और करियर मार्गदर्शन में सहायता के लिए बायोडाटा स्टेशन जैसी सेवाएं भी थीं। मेले में आसपास के इलाकों से भी युवाओं की भारी भीड़ देखी गई। श्रीमती रीना गुप्ता ने आयोजकों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएँ व्यक्त करते हुए रीना गुप्ता ने केवल बेरोजगारी कम करने से परे मेले के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने व्यवसायों को कुशल, अर्ध-कुशल और अकुशल श्रमिकों के विविध पूल तक पहुंच प्रदान करके आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला।.यह कहते हुए कि यह पहल रोजगार में बदल देने वाले युग की शुरूआत करती है, उन्होंने आम नागरिकों के लिए नई संभावनाओं और अवसरों को खोलने की इसकी क्षमता पर जोर दिया।

एक नौकरी चाहने वाले ने आभार व्यक्त किया और कहा, ॖमैं पिछले 6 महीनों से नौकरी नहीं ढूंढ पा रही थी, और अब मैंने इस रोजगार मेले के माध्यम से ल्ठ्ठ बैंक में नौकरी हासिल कर ली है। सीएम अरविंद केजरीवाल के प्रयासों के लिए धन्यवाद।ॖ मेले ने मुझे अपना बायोडाटा तैयार करने में मदद की और मुझे कई नियोक्ताओं को इंटरव्यू देने के लिए एक मंच प्रदान किया।

## संक्षिप्त खबरें

### वामिका कला प्रदर्शनी का उद्घाटन कल

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कला सोपान और ललित कला संस्थान, बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय झांसी उत्तर प्रदेश आर्टिजन आर्ट गैलरी में 11 से 14 मार्च 2024 तक वामिका द्वितीय राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी का आयोजन कर रहा है। कला प्रदर्शनी का उद्घाटन 11 मार्च को किया जाएगा। कला प्रदर्शनी की संयोजक डॉ. श्वेता पाण्डेय ने बताया कि इस कला प्रदर्शनी में ललित कला संस्थान, बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय झांसी के 40 से अधिक विद्यार्थियों के साथ उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली एवं अन्य राज्यों के कलाकार हिस्सा ले रहे हैं। डॉ. श्वेता पाण्डेय ने बताया कि वामिका द्वितीय राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के सदस्य सचिव डॉ. सच्चिदानंद जोशी एवं विशिष्ट अतिथि हिन्दी सलाहकार समिति, नीति आयोग के सदस्य मनीष कुमार शुक्ल होंगे। कला सोपान के सचिव डॉ. उमेश कुमार ने बताया कि कला सोपान प्रति वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर वामिका राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी का आयोजन करती है। इस वर्ष इस कला प्रदर्शनी का आयोजन ललित कला संस्थान बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय झांसी के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कला सोपान महिला सशक्तीकरण, जागरूकता एवं अन्य क्षेत्रों में महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है।

### कांग्रेस की चुनाव कार्य समिति बैठक में रायबरेली, अमेठी पर मंथन

उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए राज्य प्रभारी बनाये गये कांग्रेस के महासचिव अविनाश पाण्डेय और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने रविवार को प्रदेश चुनाव समिति की बैठक में दो प्रमुख लोकसभा सीटों रायबरेली व अमेठी पर मंथन किया। लोकसभा चुनाव में दमदारी से लड़ने वाले उम्मीदवारों की सूची को फाइनल करने से पहले अविनाश पाण्डेय ने उत्तर प्रदेश के नेताओं से चर्चा की। बैठक में प्रदेश चुनाव समिति के सदस्य के रुप में राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी, पूर्व सांसद पी. एल.पुनिया, विधायक आराधना मिश्रा मोना, विधायक वीरेंद्र चौधरी, पूर्व सांसद जफर अली नकवी, सुप्रिया श्रीनेत ने अपनी बातों को रखा। लोकसभा चुनाव के लिए गठबंधन में मिली सीटों में वाराणसी से उम्मीदवार के चयन पर चर्चा हुई। वाराणसी सीट पर फैसला लेने के लिए निर्णय प्रदेश अध्यक्ष अजय राय पर छोड़ दिया गया। प्रियंका गांधी वाड्रा के उत्तर प्रदेश से लोकसभा चुनाव लड़ने की चचाओं पर बैठक में कोई चर्चा नहीं हुई। बैठक में शामिल सदस्यों ने पुराने और कद्दावर नेताओं को चुनाव मैदान में उतारने पर जोर दिया। महासचिव अविनाश पाण्डेय ने सिंगल नाम वाली सीटों को फाइनल करते हुए सूचीबद्ध कर लिया। महासचिव ने कांग्रेस पार्टी के लिए दिनरात एक करने वाले युवाओं को भी चुनाव लड़ने का मौका देने की बात रखी।

### रेलवे संपत्ति चोरी करने वाले चार गिरफ्तार, ट्रैक लीड वायर बरामद

रेलवे संपत्ति चुराने के चार आरोपियों को रेलवे सुरक्षा बल ने शनिवार की रात गिरफ्तार कर लिया। आरपीएफ ने नौ हजार रुपये का 42 मीटर ट्रैक लीड वायर बरामद किया है। आरोपियों को रेलवे मजिस्ट्रेट अदालत में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। रेसुबपोस्ट मीरजापुर में रेलवे संपत्ति चोरी के दर्ज मुकदमों में कार्रवाई करते हुए आरपीएफ टीम ने संदीप कुमार उर्फ कल्लू निवासी तोसवां, बिशाल सिंह उर्फ लाला निवासी कपसौर व सूरज सिंह निवासी पचोखरा, थाना पड़री को गिरफ्तार किया। उनके निशानदेही पर आरपीएफ ने गुरुकृपा ट्रेडर्स सीकरी के यहां से रेल संपत्ति बरामद की और रिसीबर (कबाड़ी) आयुष कुमार गुप्ता को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक अशोक कुमार, महताब खान, शिवबालक सिंह, प्रदीप कुमार व क्राइम विंग प्रयागराज के लाखन सिंह, मनोज राय व जुगेंद्र पाल सिरोही रहे।

# प्रथम चरण : सपा, बसपा व रालोद साथ में, फिर भी भाजपा ने मुस्लिम बहुल सीटों पर हासिल की थी जीत

लखनऊ, एजेंसी



2019 में पहले चरण में उप्र के आठ लोकसभा सीटों पर चुनाव हुए थे। उनमें सात सीटें ऐसी थीं, जहां पर 25 प्रतिशत से अधिक मुस्लिम मतदाता रहे। इसके बावजूद भाजपा को छह लोकसभा सीटों पर जीत मिली थी। यह जीत सपा, रालोद और बसपा के गठबंधन होने के बाद थी। अब सपा और बसपा साथ नहीं हैं। रालोद भाजपा के साथ है। कांग्रेस का सपा के साथ गठबंधन है। 2019 लोकसभा चुनाव में भाजपा ने मुजफ्फरनगर, कैराना, मेरठ, गौतमबुद्धनगर, बागपत, गाजियाबाद में जीत दर्ज की थी। वहीं बिजनौर और सहारनपुर में बसपा के उम्मीदवारों ने विजय हासिल की। मुजफ्फरनगर में मुस्लिम मतदाताओं का प्रतिशत 41.30 है। इसके बावजूद मुजफ्फरनगर में भाजपा उम्मीदवार ने विजय हासिल की। भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार संजीव कुमार बाल्यान ने 5,73,780 मत पाये थे। यह कुल पड़े मत का 49.46 प्रतिशत था। दूसरे स्थान पर राष्ट्रीय लोक दल के अजीत सिंह के थे। इनको 5,67,254 मत मिले थे अर्थात कुल पड़े मत का 48.96 प्रतिशत था। संजीव बाल्यान ने 6,526 मतों से अजीत सिंह को परास्त किया था। वहीं 43.04 प्रतिशत मुस्लिम आबादी वाले बिजनौर में बसपा के मलूक नागर ने भाजपा के राजा भारतेन्द्र सिंह को 69941 मतों से परास्त किया था। सहारनपुर में भी बसपा ने जीत दर्ज किया था। वहां पर मुस्लिम मतदाताओं का प्रतिशत - 41.95 है। वहां पर बहुजन समाज पार्टी के हाजी फजलुर रहमान ने 5,14,139 मत पाकर भाजपा के राघव लखनपाल को 22,417 मतों से हरा दिया था। राघव लखनपाल को 4,91,722 मत मिले थे। वहीं इमरान मसूद कांग्रेस के उम्मीदवार थे, जो 2,07,068 मत पाकर तीसरे स्थान पर रहे। कैराना में मुस्लिम आबादी 35 प्रतिशत है। यहां पर भाजपा के प्रदीप कुमार ने समाजवादी पार्टी के तबस्सुम बेगम को 92,160 मत से हराया था। प्रदीप कुमार को जहां 566961 मत मिले थे। वहीं मसहुर शायर मुनव्वर हसन की बेगम तब्बसुम को 4,74,801 मत मिले थे। वहीं कांग्रेस के उम्मीदवार हरेन्द्र सिंह मलिक को 69,355 वोट मिले थे। 3542 मतदाताओं ने नोटा का बटन भी दबाया था। इस लोकसभा सीट पर 2014 में भाजपा के हुकुम सिंह ने विजय हासिल की थी। मेरठ में भाजपा के जीत का अंतर था कम मेरठ में मुस्लिम आबादी 34.43 प्रतिशत है। इसके बावजूद 2009 से ही भाजपा वहां विजय हासिल कर रही है। 2004 में बसपा के मो. शाहिद ने जीता था। इसके बाद से तीन लोकसभा चुनाव में भाजपा ने लगातार विजय पताका लहराया। हालांकि 2019 में भाजपा के राजेन्द्र अग्रवाल के विजय का अंतर अपने प्रतिद्वदी हाजी मो. याकूब से बहुत कम था। उन्होंने याकूब को 4,729 वोटों से हराया था। राजेन्द्र अग्रवाल को जहां 5,86,184 मत मिले थे। वहीं 5,81,455 मत याकूब ने पाया था, जबकि कांग्रेस के हरेन्द्र अग्रवाल को 34,779 मत मिले थे। नोटा पर भी 6316 मतदाताओं ने बटन दबाया था। गौतमबुध्दनगर में भी भाजपा की जीत थी शानदार वहीं गौतमबुद्धनगर से भाजपा के महेश शर्मा ने तो रिकार्ड कायम कर दिया था। उन्होंने बहुजन समाज पार्टी के सतवीर को 3,36,922 मतों से परास्त किया था। महेश शर्मा को जहां 8,30,812 मत मिले थे। वहीं सतवीर को 4,43,890 मत मिले थे। कांग्रेस प्रत्याशी अरविंद चौहान को 42,077 मत मिले थे। गाजियाबाद में भाजपा उम्मीदवार ने पांच लाख मतों से जीत दर्ज की थी बागपत में भी मुस्लिम आबादी 25 प्रतिशत के आसपास है। वहां भी भाजपा के डा. सत्यपाल सिंह ने रालोद के जयंत चौधरी को 23502 मतों से हराया था। सत्यपाल को 5,25,789 मत मिले थे। वहीं रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत 5,02,287 मत पाकर हार गये थे। गाजियाबाद में भाजपा के विजय कुमार सिंह ने समाजवादी पार्टी को 5,01,500 मतों से हराया था। विजय कुमार सिंह को 9,44,503 मत पाये थे। वहीं समाजवादी पार्टी के सुरेश बंसल को 4,43,003 मत मिले थे। वहीं कांग्रेस के उम्मीदवार डोली शर्मा ने 1,11,944 मत मिले थे।

## रमजान एवं होली को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पीस कमेटी की बैठक आयोजित



प्रात: किरण संवाददाता

अमरोहा। जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में होली रमजान पर्व को सकुशल शांतिपूर्ण संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत पीस कमेटी की वैठक संबंधित अधिकारियों के साथ आयोजित की गई । इस अवसर पर जिला अधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों से एक-एक करके व्यवस्थाओं के बारे में विंदवार जानकारी हासिल कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित करते हुए कहा कि जर्जर टूटे खराब विद्युत तारों को बदल दिया जाए सभी तहसीलों में एक अतिरिक्त ट्रांसफार्मर की व्यवस्था त्योहारों के मद्दे नजर होनी चाहिए । कहा कि त्योहारों के समय निर्वाध विद्युत आपूर्ति होनी चाहिए अधिशासी अभियंता विद्युत संबंधित कमियों को समय रहते पूर्ण कर लें। अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देशित करते हुए कहा कि त्योहार के समय जल संबंधी किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए सभी नगर पालिका नगर पंचायतें भी अतिरिक्त पानी के टैंकर की व्यवस्था कर लें। जिला खाद या सुरक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि त्योहारों के समय अभियान चला कर मेवा मिष्ठान खाद्य पदार्थों का चेकिंग की जानी चाहिए कहीं पर भी खराब समान की बिक्री नहीं होनी चाहिए। होली के समय केमिकल युक्त रंगों की बिक्री ना हो इसकी भी जांच किया जाए ।जिलाधिकारी ने सभी अधिशासी अधिकारी नगर पालिका नगर पंचायत को निर्देशित करते हुए कहा कि नगर क्षेत्र में बेहतर साफ सफाई के इंतजाम होने चाहिए अतिरिक्त सफाई कर्मचारियों की तैनाती कर पहले से व्यवस्था सुद्रढ़ कर ले। इसी प्रकार जिला पंचायत राज अधिकारी ग्रामीण क्षेत्रों में साफ सफाई बेहतर तरीके से करा दें। जिलाधिकारी ने सभी क्षेत्राधिकारी और थाना अध्यक्ष को निर्देशित करते हुए कहा सभी थानों में पीस कमेटी की बैठक कर लिया जाए जो शरारती तत्व हैं उनके साथ कड़ाई से निपटा जाए जो संवेदनशील स्थल है उनको चिन्हित कर लिया जाए त्योहार रजिस्टर देख लें ।जिलाधिकारी ने उपजिला अधिकारियों व क्षेत्राधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि नवाज मस्जिद पर ही पढ़ी जाए। कहा कि त्योहार में कोई भी नई परंपरा नहीं होनी चाहिए होली के लिए जो चिन्हित स्थल हैं वहीं पर जलनी चाहिए उप जिलाधिकारी और क्षेत्राधिकारी यह सुनिश्चित कराएं ।पुलिस अधीक्षक कुँवर अनुपम सिंह ने निर्देशित करते हुए कहा कि सभी थाना अध्यक्ष थानों में पीस कमेटी की बैठक कर लें कोई भी नई परंपरा ना डाली जाए विवादित मामलों को समय रहते हुए निस्तारण कर लिया जाए नवाज निर्धारित स्थान पर ही पढ़ी जाए खुले स्थान पर नवाज ना पढ़ी जाए शरारती तत्वों से कड़ाई से निपट जाए ।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुरेंद्र सिंह, उप जिलाधिकारी धनोरा,अमरोहा, नौगांवा, क्षेत्राधिकारी अमरोहा, धनोरा, हसनपुर सहित अन्य संबंधित अधिकारी थाना अध्यक्ष मौजूद रहे।

## एनडीए गठबंधन प्रत्याशी को भारी मतों से जिताएं: कन्हैया



प्रात: किरण संवाददाता

अमरोहा। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की चौपाल विधानसभा क्षेत्र अमरोहा के ग्राम पंचायत डिडौली में अशोक कुमार के आवास पर संपन्न हुई। जिसके मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष कन्हैया राम प्रजापति रहे ।इस अवसर पर कन्हैया राम प्रजापति ने बोलते हुए कहा कि सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी का जनाधार पूरब से पश्चिम तक बहुत तेजी के साथ बढ़ रहा है। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी एनडीए गठबंधन में साझेदारी है। इसलिए हम सबकी जिम्मेदारी बनती है कि गठबंधन प्रत्याशी को लोकसभा चुनाव में जीताकर भेजना है ।उन्होंने कहा आज उत्तर प्रदेश में सड़क से लेकर सदन तक गरीब, कमजोर, वंचित, दलित, पिछड़ा और अल्पसंख्यक समाज की लड़ाई लड़ने वाला अगर कोई व्यक्ति है। उसका नाम ओमप्रकाश राजभर है ।जिलाध्यक्ष सतपाल तोमर ने बहुत सारे लोगों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई ।जिलाध्यक्ष ने कहा कि सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की नीतियों से लोग प्रभाभित होकर पार्टी से जुड़ रहे हैं। आने वाले लोकसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन को प्रचंड बहुमत हासिल होगा। इनके अलावा जन चौपाल को लोकेश चौधरी, जगत सिंह गुर्जर, मोहम्मद यूनुस सैफी प्रधान, अफ्फान चौधरी, आदि ने भी सम्बोधित किया ।इस दौरान आदेश अमरोही, मोहम्मद यूनुस सैफी प्रधान, राम गोपाल, अशोक कुमार, मोहम्मद शफी, पिंटू कल्लू, सुहैल साबरी, सुमित रस्तोगी, नाजिम, आकाश, रामकेश, भीम सिंह, पंकज कल्लू आसिफ पवन इंतेखाव अभिसेन हुकम सिंह, अभय कुमार, हिमांशु करीम, राहुल हटी कुसुम राजेश्वरी कुंदेश राजबाला सुनीता बबीता रामप्यारी कविता चिकारा, रिजवान, हीरा लाल, भारत आदि मौजूद रहे।

## कायनात भी मेरे प्रेम की कायल होती...

कासगंज, एजेंसी

कस्बा बिलराम में भाईचारा ऑल इण्डिया मुशायरा एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कस्बे में स्थित अंसार मेमोरियल इण्टर कॉलेज में हुए मुशायरे का उद्घाटन उद्योगपति समाज सेवी मनोज गुप्ता ने फीता काटकर किया। कवि सम्मेलन मुशायरा की शमां अयान खान ने रोशन की। अध्यक्षता जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी सुरेश चंद्र रहे। लखनऊ से आई अंतर्राष्ट्रीय कवियत्री डॉ. सरला शर्मा ने पढ़ा कि है खुसरो की जमीं रब की इनायत साथ रहती है। यहां तुलसी की चौपाई अमन की बात कहती है। कवि विपिन शर्मा की कविता नेह देखकर अपना दुनिया घायल होती,कायनात भी मेरे प्रेम की कायल होती,तू बन जाती शमां पतंगे लाखों जलते, मेरा ताज ही तेरे पैर की पायल होती को काफी सराहा गया। हाथरस के हास्य कवि सबरस मुरसानी ने पढ़ा कि बिरज में खेलत होली नेता लाल, एक दिना की होइ तौ झेलूं ये खेलत पाँच साल। नईम अख्तर नईम की गजल करम उसका जो उतर आये, हम नदी गम की पार कर आये को श्रोताओं की खूब दाद मिली। वहीं,मुस्कान शर्मा ने पढ़ा कि प्यार की सारी रस्में निभा लूंगी मैं, तेरी सूरत को दिल में छिपा लूंगी मैं। शायर आतिश सोलकी ने पढ़ा कि जिंदगी का यह मुझ पर करम देखिये, मरता हूँ रोज मैं मोहतरम देखिये। अजीत शुक्ला की कविता चाटुकारिता के फंडे बदल रहे हैं, आ गया चुनाव तो झंडे बदल रहे हैं और डॉ. शोभा त्रिपाठी की रचना इबादत से नहीं है कम इनायत बाँटते चलिये, लबों पर मुस्कुराहट की शरारत बाँटते चलिये भी काफी सराही गई। डॉ. अजय अटल ने पढ़ा नयन में सागर है, वर्ना अश्क नमकीन नहीं होते और सुल्तान जहाँ पूरनपुरी ने पढ़ा कि मेरा मुसाफिर मेरे रहवर तू अब तो फैसला कर दे, खिताब ए बेवफा दे दे या साबित बेवफा कर दे। सतीश मधुप की कविता इबादत भी यहीं करनी,यहीं चादर चढ़ानी है, यहीं अरदास देनी है,यहीं घंटी बजानी है पर श्रोताओं ने खूब तालियां बजाईं। इस अवसर पर राहत खान, नईम अख्तर नईम, आरिफ परदेशी, शिवम अश्क, महेश संघर्षी, विवेक झा ने भी अपनी कविताएं पढ़कर श्रृद्धाओं को खूब गुदगुदाया। संचालन सतीश गुप्ता मधुप ने किया।

## कांग्रेसियों का बूथ स्तरीय कार्यकताओं सम्मेलन आयोजित

### हमारी लड़ाई देश और संविधान बचाने की: सचिन चौधरी

प्रात: किरण संवाददाता



अमरोहा। नगर मे स्थित रॉयल पैलेस में जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वाधान में आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी के परिपेक्ष में बूथ स्तरीय कार्यकताओं का सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव अमरोहा लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी सचिन चौधरी जी मौजद रहे ।सम्मेलन की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष ओमकार कटारिया ने की एवं संचालन शहर अध्यक्ष फैज आलम राईनी ने किया। बूथ अध्यक्षों एवं विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश महासचिव सचिन चौधरी ने कहा कि कांग्रेस की लड़ाई देश और संविधान एवं खेत और खलियान को बचाने की है। मोदी के राज में देश सुरक्षित नहीं है बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर द्वारा बनाया गया संविधान सुरक्षित नहीं है मोदी सरकार कभी भी बाबा साहबद्वारा निर्मित संविधान को बदल सकती है लोगों का वोट डालने का अधिकार खत्म कर सकती है अमरोहा लोकसभा क्षेत्र की सम्मानित जनता इस बार भाजपा के प्रत्याशी की जमानत जब्त कराएगी मोदी सरकार द्वारा किसानों पर ,नौजवानों पर, मजदूरों पर किए गए जुल्म का हिसाब लेगी ।जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया ने कहा कि किसान आंदोलन में शहीद हुए 700 किसने की मौत का मोदी सरकार से बदला लेने का अब सही समय आ रहा है और जुल्म और अन्याय का हिसाब मोदी सरकार से जनता लेने का काम करेगी ।आज मोदी सरकार में महंगाई और बेरोजगारी चरम सीमा पर है महंगाई और बेरोजगारी देश की प्रमुख समस्याएं है इस पर मोदी सरकार बात नहीं करती है देश के लोगों की धार्मिक भावनाओं को भड़काकर सत्ता पर बैठी मोदी सरकार अहंकारी और तानाशाही हो गई है भारत की सम्मानित जनता ने यह ठान लिया है कि इस बार इस तानाशाही और अहंकारी सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेंगे। इस मौके पर प्रदेश महासचिव सचिन चौधरी, जिला अध्यक्ष ओमकार कटारिया, शहर अध्यक्ष फैज आलम रायनी,प्रदेश सचिव चौधरी सुखराज सिंह,जिला महासचिव राजकुमार अरुण, शकील चौधरी, मनोज कटारिया, हरस्वरूप प्रधान,जाहिद अली सैफी ,सरदार इंदर सिंह , इंतजार मेहंदी नकवी, इकबाल अंसारी,तालिब इदरीसी, शमीम अहमद, अली हसन जी ,जीशान अली तुर्क ,जीशान पाशा आदि बहुत से कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# संघ की शाखाएं समाज को संस्कार और दिशा देने का काम करती हैं: कौशल किशोर

हरदोई, एजेंसी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा आज नगर के आरआर इंटर कॉलेज में शाखा संगम कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमे सैकड़ों स्वयंसेवकों ने सहभागिता की। इस कार्यक्रम के अंतर्गत नगर में जगह-जगह लगने वाली सभी शाखाएं एक साथ लगी। आयोजन का दृश्य अत्यंत मनोरम था. शाखा पद्धति के अनुसार सभी शाखाओं के मुख्य शिक्षक एवं शाखा कार्यवाह अपना ध्वज एवं अपनी शाखा के स्वयंसेवकों को लेकर निश्चित स्थान पहुंचे। एक ही प्रांगण में इतनी शाखायें एवं लहराते हुए ध्वज सभी का मन मोह रहे थे। कार्यक्रम का शुभारम्भ ध्वज प्रणाम के साथ हुआ। उसके बाद सभी शाखाओं ने नियमित आसन-व्यायाम, सूर्य नमस्कार आदि से समां बाँध दिया. वातावरण वन्देमातरम, भारत माता की जय से गुंजायमान रहा. शाखाओं के नाम जिन महापुरुषों के नाम पर थे उनके चित्र उसी शाखा स्थान पर सुशोभित हो रहे थे जैसे सुभाष शाखा, अम्बेडकर शाखा, माधव शाखा, केशव शाखा आदि सम्मिलित रहीं। इस अवसर पर मुख्य वक्ता विभाग प्रचारक कौशल किशोर ने उपस्थित स्वयंसेवकों से कहा कि हम अपनी प्रार्थना में ऌविजेत्री जनः संहता कार्यशक्तिरह्ल में परम पिता से जिस शक्ति की याचना करते हैं वह यही संगठन शक्ति है जिसका परिचय आज सभी शाखाएं मिलकर दे रही हैं. स्वामी विवेकानंद ने शिकागो की धर्मसभा में जो गर्व से को हम हिन्दू हैं का उद्घोष किया था वह सोये हुए हिन्दू समाज को जगाने के लिए किया था. पहले मुगलों और फिर अंग्रेजो की 700-800 वर्ष की पराधीनता के कारण हमारे राष्ट्र के गौरव, संस्कार, अस्मिता पर जो चोट लगी थी उसने हिन्दू समाज में आत्महीनता का भाव पैदा कर दिया था उसे मिटा कर आत्मविश्वास भरने का पहला प्रयास था. विभाग प्रचारक ने आगे कहा पहले हमारे गाँव गाँव सभाएं होती थीं जो सुरक्षा के साथ साथ समाज को संस्कार और दिशा देने का काम करती थीं. गाँव में दया, करुणा आपसी सौहार्द का संचार करती थीं. पर आज समय की गति के साथ वह सभाएं मिटती चली जा रही हैं. पाश्चात्य सभ्यता की आंधी में समाज संकार विहीन होता जा रहा है. ऐसे समय समाज को दिशा देने का कार्य संघ के स्वयंसेवक कर करें. चरित्र और संस्कार की जो शिक्षा पहले गाँव की सभाओं से मिलती थे वो शाखा से मिले. इसके लिए आवश्यक है सभी स्वयंसेवक आत्मबल से, अनुशासन से, शारीरिक रूप से मजबूत हों. प्रत्येक स्वयंसेवक को प्रतिज्ञा, प्रार्थना संगठन मन्त्र, कल्याण मन्त्र, भोजन मन्त्र, कंठस्थ होने चाहिए. समय समय पर परिवार में भी शाखा लगानी चाहिए ताकि जो चरित्र निर्माण शाखा में होता है वो परिवार में भी हो. हमारे शाश्वत संकार अगली पीढ़ी में भी पहुंचे. अगर शाखा एक परिवार है तो हर परिवार भी एक शाखा होनी चाहिए।

## हसनपुर विधायक से मिलें भाजपा प्रत्याशी/पूर्व सांसद चौधरी कवर सिंह तवंर



प्रात: किरण संवाददाता

अमरोहा। पूर्व सांसद व भाजपा प्रत्याशी चौधरी कंवर सिंह तंवर ने लोकसभा क्षेत्र की विधानसभा हसनपुर से विधायक महेन्द्र सिंह खडगवंशी से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट वार्ता की।और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अबकी बार 400 पार के संकल्प को साकार करने एवं आगामी लोकसभा चुनाव की रणनीतियों पर विस्तृत रूप से चर्चा की। लोकसभा चुनाव में अमरोहा में पुनः कमल खिलाने एवं प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्पना को साकार करने के लिए हम सब पूर्ण रूप से संकल्पबद्ध होकर समर्पित हैं। इस दौरान मोदी की गारंटी से हुए विकास कार्यों को पहुंचाने एवं पार्टी के प्रति समर्थन जुटाने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। इस मौके पर भाजपा के मा. जिलाध्यक्ष श्री उदय गिरी गोस्वामी जी, पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भाजपा प्रत्याशी ने आयोध्या धाम के लिए तीर्थ यात्रा को दो बसें की रवाना




प्रात: किरण संवाददाता

अमरोहा। पूर्व सांसद व भाजपा प्रत्याशी चौधरी कंवर सिंह तंवर ने अपने फार्म हाउस चौधरी कंवर सिंह तंवर सेवा केंद्र झनकपुरी से लोकसभा अमरोहा वासियों को अयोध्या धाम के लिए अपने निजि खर्च से निशुल्क तीर्थ यात्रा का शुभारंभ पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखंड रमेश पोखरियाल निशंक व राज्य मंत्री जसवंत सिंह सैनी की उपस्थिति में किया। जिसमें आज दो बसों को रवाना किया गया। क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। इस अवसर मा० पूर्व सांसद व भाजपा प्रत्याशी चौधरी कंवर सिंह तंवर जी के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष श्री उदय गिरि गौस्वामी, गजरौला ब्लॉक प्रमुख पति विरेन्द्र सिंह, पूर्व विधायक गढमुक्तेश्वर श्री कमल मलिक, सरदार सेवा सिंह ढिल्लों, ब्रजेश चौधरी, मोनू यादव, शनि चौहान, महेश खडगवंशी, व भाजपा के समस्त पदाधिकारियों समेत समस्त कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## होली से पहले निलम्बित कर्मचारियों को बहाल की तैयारी

लखनऊ, एजेंसी

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति से जुड़े आंदोलनकारी निलम्बित कर्मचारियों को होली से पहले बहाल करने की तैयारी की जा रही है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने निलम्बित कर्मचारियों के बहाली के लिए उप्र पावर कारपोरेशन के चेयरमैन से फोन से वार्ता की है। एके शर्मा के वार्ता से विद्युत विभाग के विभिन्न संगठनों में खुशी की लहर दौड़ गयी है। बीते वर्ष 2023 के मार्च माह में विद्युत कर्मचारियों ने विभिन्न मांगों 19 वर्ष की सेवा के बाद तीन प्रमोशन बराबर वेतनमान, निर्धारित चयन प्रक्रिया में चेयरमैन प्रबन्ध निदेशक जैसे पदों का चयन करने, बिजली कर्मियों को कैशलेस इलाज की सुविधा देने, पावर सेक्टर इम्प्लॉइज प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने को लेकर प्रदेशव्यापी प्रदर्शन किया। तभी मांगों को लेकर ऊर्जा मंत्री एके शर्मा से कर्मचारी नेताओं ने वार्ता की थी लेकिन वार्ता सफल नहीं हो सकी। ऊर्जा मंत्री के आदेश पर ही आंदोलनकारी 123 कर्मचारियों को चिन्हित कर निलम्बित किया गया था। जिसमें 79 कर्मचारियों ने उच्च अधिकारियों से मिलकर माफीनाम दिया था और उनके निलम्बन को वापस ले लिया गया था। वहीं शेष 44 कर्मचारी लगागार निलम्बित चल रहे थे। जिनकी बहाली की बात कर्मचारी संगठन कर रहे थे। विद्युत मजदूर संघ के प्रदेश संगठनमंत्री मोहम्मद इलियास ने बताया कि ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने चार कर्मचारी नेताओं को वार्ता के लिए बुलाया था। कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधि के रुप में उन्होंने अपनी बात रखी थी। जिसके बाद तमाम बिन्दुओं पर बात बन गयी और ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने चेयरमैन से फोन से वार्ता कर निलम्बित कर्मचारियों को बहाल करने का आदेश दिया। उन्होंने बताया कि प्रदेश स्तरीय प्रदर्शन को आगे नहीं करने की बात भी ऊर्जा मंत्री ने रखी है और जिसे संगठन प्रतिनिधियों ने माना है। फिलहाल विद्युत मजदूर संघ अपनी मांगों को लेकर पुनः ऊर्जा मंत्री से वार्ता करेगा। कर्मचारियों को हित सर्वोपरि है, इसे ध्यान में रखकर आगे की रणनीति बनायी जायेगी।

## कांग्रेस से बगावत पर आलकमान नाराज, कांग्रेस से निकाले गये पूर्व विधायक मेवालाल समेत 6 नेता

वाराणसी, एजेंसी

कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए पूर्व सांसद डॉ. राजेश मिश्र का बाबतपुर हवाईअड्डे पर स्वागत करना कांग्रेस के छह सदस्यों को भारी पड़ गया। उन्हें पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने के आरोप में छह साल के लिए सदस्यता समाप्त रद करते हुए संगठन से बर्खास्त कर दिया गया है। शनिवार को जिला एवं महानगर अध्यक्ष राजेश्वर पटेल एवं राघवेंद्र चौबे ने यह कार्रवाई की। पार्टी ने यह एक्शन सोशल मीडिया पर उपलब्ध तस्वीरों समेत संगठन के सदस्यों से मिले इनपुट के बाद लिया है। महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे ने जानकारी देते हुए बताया कि गत दिनों भाजपा में शामिल डॉ. राजेश मिश्र का वाराणसी आगमन पर लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर कांग्रेस के कई सदस्य भी स्वागत करने पहुंचे थे। उनमें से कुछ सदस्यों ने भाजपा का दुपट्टा भी प्रदर्शित किया था। इसके अलावा स्वागत करने पहुंचे उन लोगों के बारे में कांग्रेस के कई सदस्यों ने कई ऐसी जानकारी दी थी जो पार्टी विरोधी गतिविधियों को पुष्ट करती है। पूरे मामले की जानकारी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव एवं संगठन में यूपी के प्रभारी अविनाश पांडेय समेत पार्टी की अनुशासन समिति को रिपोर्ट भेजी गयी थी। उसके बाद चिह्नित छह सदस्यों को छह वर्ष के लिए कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता समाप्त कर उन्हें बर्खास्त करने का निर्णय लिया गया। श्री चौबे ने बताया कि इस बारे में अनुशासन समिति के सदस्य श्याम किशोर शुक्ला ने कार्रवाई की जद में आये लोगों को पत्र लिखकर लिये गये एक्शन की जानकारी दी है। जिन छह सदस्यों को कांग्रेस के बाहर का रास्ता दिखाया गया है उनमें महानगर इकाई के पदाधिकारी रहे अजय सिंह शिवजी एवं आशीष सिंह के अलावा पूर्व महानगर अध्यक्ष हाजी रईस अहमद, जिला इकाई के पूर्व पदाधिकारी आलोक पांडेय और पूर्व विधायक मेवालाल तथा नगर निगम इलेक्शन में संगठन की ओर से पार्षद पद के उम्मीदवार रहे अफजाल अंसारी शामिल हैं।



# कार्तिक आर्यन ने शुरू की भूल भुलैया-3 की शूटिंग

**कार्तिक आर्यन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर किया है। पोस्ट में कार्तिक पूजा करते हुए दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा- मैं आज अपने करियर की सबसे बड़ी फिल्म की शुरुआत करने जा रहा हूं। कैप्शन लिखने के बाद उन्होंने शुभारंभ भूलभुलैया3 का हैशटैग लगाया है।**

कार्तिक के पोस्ट से ये जाहिर होता है कि, भूल भुलैया 3 की शूटिंग आज यानी 9 मार्च को शुरू हो चुकी है। कार्तिक ने मंदिर के सामने प्रार्थना करते हुए फिल्म की शुभ शुरुआत के लिए भगवान का आशीर्वाद लिया। एक रिपोर्ट के मुताबिक, प्रोडक्शन में 8 दिनों की शूटिंग होना तय है, जिसमें कार्तिक आर्यन, विद्या बालन और माधुरी दीक्षित शामिल होंगे। तृप्ति डिमरी की शूटिंग भी जल्द शुरू होगी। विद्या बालन भूल भुलैया 2 में नजर नहीं आई थीं। लेकिन पार्ट-3 से उन्होंने फिल्म में वापसी की है।

## कार्तिक के पोस्ट पर फैंस का रिएक्शन

कार्तिक के फैंस उनके पोस्ट पर अपना रिएक्शन दे रहे हैं। फिल्म की नई शुरुआत के लिए फैंस ने उन्हें बधाई दी है। कई सेलेब्स भी उन्हें शुभकामनाएं दे रहे हैं। कार्तिक ने भी कई लोगों के कमेंट का जवाब देते हुए सभी को धन्यवाद किया।

अक्षय कुमार नहीं होंगे फिल्म का हिस्सा जूम के साथ हुए इंटरव्यू में डायरेक्टर अनीस बज्मी ने कहा- अक्षय भूल भुलैया 3 का हिस्सा नहीं हैं। मैं उनके साथ काम करने के लिए मर रहा हूं, लेकिन दुर्भाग्य से, मैं ऐसी फिल्म की स्क्रिप्ट नहीं बना पाया हूं जहां हम साथ काम कर सकें। भविष्य में , निश्चित रूप से उनके साथ काम करूंगा।



# हो लोग मुझे शाहरुख की फिल्मों का 'लकी चार्म' बुलाते हैं

**राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार विजेता अभिनेत्री प्रियामणि साउथ सिनेमा की उन अभिनेत्रियों में से हैं जिनकी मौजूदगी ने हिंदी फिल्मों को दक्षिण में खूब लोकप्रिय बनाया। ये सिलसिला मणि रत्नम की फिल्म 'रावण' से शुरू हुआ और शाहरुख खान की फिल्म 'चेन्नई एक्सप्रेस' के गाने 'वन टू थ्री फोर' में प्रिया मणि की मादकता ने हिंदी फिल्म दर्शकों पर जादू सा कर दिया। कैमरे के सामने अभिनय जीवन के दो दशक पूरे कर चुकी हैं प्रिया मणि। बीते साल उनकी फिल्म 'जवान' सुपरहिट रही और अब उनकी नई फिल्म 'आर्टिकल 370' भी हिट हो चुकी है। जल्द ही वह अभिनेता अजय देवगन के साथ फिल्म 'मैदान' में नजर आने वाली हैं।**

**सिनेमा के बीते दो दशक परिवर्तन के दशक रहे हैं। कैमरे के सामने आपके भी दो दशक पूरे हो चुके हैं, कितना बदला है सिनेमा इस अंतराल में?**

सिनेमा की तकनीक भले बदल जाए, लेकिन सिनेमा का मूल भाव जो दर्शकों के साथ दिल का रिश्ता जोड़ता है, वह कभी नहीं बदलने वाला। सिनेमा वही है जो लोगों को हंसा सके, रुला सके और जो भी वक्त दर्शक सिनेमाहाल के अंधेरे में गुजारे, उस वक्त में सिनेमा उसकी सारी तकलीफें भुला सके, यही सिनेमा का मूल मंत्र है।

**निर्देशकों में आपने भारतीराजा और बालू महेंद्र से लेकर एटली तक के साथ काम किया है। कितना बदलाव देखती हैं आप, अब शागिर्द और उस्ताद के रिश्ते में?**

ये बात आपने भी महसूस की होगी कि पुराने तरीके से सीखे लोग अपनी धुन और अपने काम दोनों के पक्के हैं। मुझे फख्र है इस बात का कि मैं पुराने स्कूल की शिष्या रही हूं। अब कोई निर्देशक शूटिंग के दौरान किसी हीरोइन पर चीखने-चिल्लाने की सोचता तक नहीं है, लेकिन बीते जमाने में जब ऐसा होता भी था, तो उसमें उद्देश्य की पवित्रता शामिल होती थी। निर्देशक का सिर्फ अपना आभामंडल जमाने के लिए चिल्लाना और निर्देशक का किसी कलाकार का बेहतरीन निकालने के लिए गुस्सा करना, दोनों अलग अलग बाते हैं।

**शाहरुख खान के साथ आपने 'चेन्नई एक्सप्रेस' के बाद 'जवान' भी बीते साल की, कहा जाता है कि आप उनकी फिल्मों का 'लकी चार्म' हैं?**


अच्छा, ऐसा है क्या? ये तो बहुत अच्छी बात है। उम्मीद करती हूं कि ये बात शाहरुख खान तक जरूर पहुंचे। मैं तो मानती हूं कि उनके साथ काम करना मेरा 'लकी चार्म' रहा है। मैंने अपना पूरा अभिनय जीवन सीखने में ही बिताया है और अब भी मैं सीख ही रही हूं। शाहरुख से मैंने साथी कलाकारों का, सेट पर काम करने वाले हर कामगार का और अपने काम का सम्मान करना सीखा है। उनसे मैंने समय का अनुशासन सीखा है और ये भी सीखा है कि अपने काम को लेकर जुनून का होना क्या है?

**आप उन गिनी चुनी अभिनेत्रियों में भी हैं, जिन्होंने शाहरुख खान और अजय देवगन दोनों के साथ काम किया है? फिल्म 'मैदान' का अनुभव कैसा रहा?**

अजय सर की मैंने बहुत सारी फिल्में देखी हैं। 'गोलमाल' हो या फिर तानाजी, अपनी सब फिल्मों में उन्होंने कमाल का काम किया है। फिल्म 'मैदान' में मैं उनके साथ काम करके बहुत खुश हूं। यह मेरे लिए सम्मान की बात है।

**फिल्में चुनने के पीछे आपकी जो सोच शुरू में रही होगी, वही आज भी है या समय के साथ आपकी प्राथमिकताएं भी बदल चुकी हैं?**

किसी भी व्यक्ति का विकास तभी होता है जब वह समय के अनुसार खुद को बदलता रहता है। आठ-दस साल पीछे जाएंगे तो मैंने जो फिल्में तब कीं, उस समय की मेरी कई फिल्में मुझे अब पसंद नहीं आतीं। वे फिल्में करने के पीछे शायद तब वजह खुद को आर्थिक रूप से सुरक्षित करने की रही होगी। लेकिन, अब मैं चाहती हूं कि बस ऐसी फिल्में करूं, जिन्हें मैं बुढ़ापे में बैठकर देखूं तो खुद पर गर्व कर सकूं।




# लव सेक्स और धोखा 2 पर आया बड़ा अपडेट

लगभग 14 साल पहले रिलीज हुई फिल्म लव सेक्स और धोखा एक बेहद मनोरम कहानी और उससे भी अधिक दिलचस्प कलाकारों के साथ आई थी। निर्माताओं ने कलाकारों को लंबे समय तक गुप्त रखा था, उन्होंने रिलीज पर सरप्राइज बॉक्स खोला जहां हमें राजकुमार राव, नुसरत भरुचा और अन्य प्रतिभाशाली कलाकार देखने को मिले। अब इसकी सीक्वल लव सेक्स और धोखा 2 सुर्खियों में है।

एलएसडी 2 की स्टारकास्ट से जल्द उठेगा पर्दा

निर्माता लव सेक्स और धोखा 2 के लिए तैयारी कर रहे हैं। वे आखिरकार अगले सप्ताह चेहरों का खुलासा करने जा रहे हैं और फैंस यह देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकते कि वे कौन होंगे। अभी कलाकारों के बारे में ज्यादा कुछ खुलासा नहीं किया गया है। खैर, लव सेक्स और धोखा ने वास्तव में अपनी दिलचस्प कहानी के लिए एक पंथ लेबल प्राप्त किया है, जिसमें कैमरे के युग में प्यार के बारे में बात की गई है और आप इससे कभी छुपे नहीं हैं।

लव सेक्स और धोखा 2 को लेकर बढ़ीं उम्मीदें

लव सेक्स और धोखा 2 में इंटरनेट के समय में प्यार के बारे में और भी अधिक दिलचस्प कहानी देखने को मिलेगी। एलएसडी 2 दर्शकों के लिए एक अलग तरीके का कंटेंट पेश करने वाला है। सीक्वल में निर्माताओं ने इसके स्तर को एक पायदान ऊपर उठाया है। मेकर्स लंबे समय के बाद लव सेक्स और धोखा 2 लेकर आने के लिए तैयार हैं। लव सेक्स और धोखा 2 एकता आर कपूर और शोभा कपूर द्वारा निर्मित है। फिल्म का निर्देशन दिबाकर बनर्जी ने किया है। यह फिल्म 19 अप्रैल 2024 को रिलीज होगी।



# शिल्पा ने पैसों के लिए राज से शादी नहीं की

**शिल्पा शेट्टी ने हाल ही में उन ट्रोलर्स को जवाब दिया है जिन्होंने शिल्पा पर ये आरोप लगाए थे कि शिल्पा ने राज से शादी पैसों के लिए की। शिल्पा ने बताया कि भले ही राज अमीर हैं, लेकिन उनसे शादी करने का फैसला सिर्फ इस बात पर आधारित नहीं था।**

शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा ने साल 2009 में शादी की थी। राज से शादी करने की बात पर शिल्पा ने कहा- जब मैंने उनसे शादी की, तो गूगल के अनुसार उन्हें 108वां सबसे अमीर ब्रिटिश भारतीय माना जाता था। शायद लोग शिल्पा शेट्टी को गूगल करना भूल गए थे, जो उस समय भी बहुत अमीर थीं। शिल्पा ने आगे कहा- जब आप सक्सेस्फुल होते हैं, तो अपने लिए एक ऐसा आदमी ढूंढते हैं, जो खुद इनसिक्योर ना महसूस करे। एक ऐसा शख्स जो आपकी शादी के बाद आपके लाइफस्टाइल का खर्चा उठाने में सक्षम हो। अगर ऐसा नहीं हुआ तो घर पर अभिमान जैसी स्थिति हो जाएगी।

शिल्पा ने राज से शादी करने का कारण बताया

शिल्पा ने बताया कि राज से शादी करने का मुख्य कारण यह था कि वह एक अच्छे इंसान थे। उन्होंने कहा कि पैसा मेरे लिए उतना महत्वपूर्ण नहीं था। भले ही उनके पास बहुत सारा पैसा हो, लेकिन अगर वो अच्छे इंसान नहीं होते, तो मैं उनसे शादी नहीं करती । उन्होंने आगे कहा-मुझे उस समय राज से भी ज्यादा अमीर लोगों के प्रस्ताव आ रहे थे।

शिल्पा ने कहा- हां, ये सच है कि जब मैंने राज से शादी की, उनकी फाइनेंशियल कंडीशन अच्छी थी। मुझे लगता है भगवान चाहते थे, कि हम दोनों एक हो जाएं। मैंने राज से इसलिए शादी की, क्योंकि वे बेहद चार्मिंग और प्यार करने वाले थे। बहुत जल्द मेरे सभी दोस्त राज के दोस्त बन गए थे। सच कहूं तो मेरे दोस्तों को मुझसे ज्यादा राज पसंद आने लगे, क्योंकि राज हर पार्टी की जान होते हैं। लोग उन्हें बहुत जल्दी पसंद कर लेते हैं।



# बेटे अहान की फिल्म सनकी की घोषणा के बाद भावुक हुए सुनील शेट्टी

हाल ही में निर्माता साजिद नाडियाडवाला अपनी अगली फिल्म सनकी का एलान किया। इस फिल्म में सुनील शेट्टी के बेटे अहान शेट्टी और पूजा हेगड़े मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं। मेकर्स ने इस रोमांटिक ड्रामा फिल्म की घोषणा सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर की। वहीं, सुनील शेट्टी ने बेटे अहान शेट्टी की अगली फिल्म की घोषणा के बाद उन्हें बधाई देते हुए भावुक करने वाले नोट शेयर किया है। सुनील शेट्टी हिंदी फिल्म इंडस्ट्री से कई दशकों से सक्रिय हैं। अपने करियर में उन्होंने कई हिट फिल्में दीं। पिता के नक्शेकदम पर चलते हुए पहले बेटी अथिया और उसके बाद अहान शेट्टी ने बॉलीवुड में डेब्यू किया। हाल ही में अहान शेट्टी की दूसरी फिल्म की घोषणा हुई, जिसके बाद सुनील ने बेटे को बधाई देते हुए एक पोस्ट शेयर किया। सुनील लिखा, अच्छी चीजें उन्हें मिलती हैं जो धैर्य रखते हैं और इंतजार करते हैं, लेकिन बेहतर चीजें उन्हें मिलती हैं, जो धैर्य के साथ-साथ उसके लिए काम करते हैं। सनकी के लिए बधाई बेटा। मुझे इससे अधिक गर्व नहीं हो सकता। इस सफर के लिए आपको सिर्फ और सिर्फ शुभकामनाएं। गौरतलब है कि नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट फिल्म की घोषणा की और लिखा, वेलेंटाइन डे साजिद नाडियाडवाला की सनकी 14 फरवरी 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# सिद्धांत चतुर्वेदी ने ठुकरा दिया था 'ब्रह्मास्त्र' का ऑफर

बॉलीवुड एक्टर सिद्धांत चतुर्वेदी ने 2019 में फिल्म 'गली बॉय' से बॉलीवुड डेब्यू किया था। हालिया इंटरव्यू में सिद्धांत ने खुलासा किया कि उन्हें रणबीर कपूर स्टारर 'ब्रह्मास्त्र- पार्ट 1' ऑफर हुई थी। सिद्धांत ने इस फिल्म को रिजेक्ट कर दिया था जिसके बाद उन्हें कई कास्टिंग प्रोफेशनल्स का क्रिटिसिज्म झेलना पड़ा था।

## अधूरी स्क्रिप्ट को लेकर श्योर नहीं थे सिद्धांत

द लल्लनटॉप को दिए एक इंटरव्यू में सिद्धांत ने कहा, 'एक कास्टिंग डायरेक्टर की तरफ से मुझे फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' में एक रोल ऑफर किया गया था, पर इसके लिए मुझे कोई स्क्रिप्ट या ऑडिशन नहीं दिया गया। यह कैरेक्टर एक मार्शल आर्टिस्ट का था, जो एक आश्रम में रहता है। मेकर्स ने मुझे बताया कि यह एक बड़े बजट की फिल्म है जिसे बनने में 5 साल लगेंगे।' सिद्धांत ने आगे बताया, 'मैं 'ब्रह्मास्त्र' की अधूरी स्क्रिप्ट के चलते फिल्म में अपने रोल को लेकर श्योर नहीं था। ऐसे में मैंने इस ऑफर को रिजेक्ट कर दिया। मैंने कास्टिंग डायरेक्टर से कहा कि मैं यह फिल्म नहीं कर पाऊंगा तो वो मुझ पर खूब चिल्लाया। बोला- क्या पागल है? धर्मा के साथ है। 3 फिल्मों का कॉन्ट्रैक्ट है। इसके जवाब में मैंने उससे कहा कि जिस फिल्म में अमिताभ बच्चन, रणबीर कपूर और आलिया भट्ट साथ होंगे। वहां मुझे कौन देखेगा?'

## कास्टिंग सर्किट में बदनाम हो गए थे सिद्धांत

इस फिल्म के लिए सिलेक्ट होने के बाद भी सिद्धांत ने इसे रिजेक्ट कर दिया। इसके बाद कास्टिंग सर्किट वालों ने सिद्धांत को ब्लैक लिस्टेड कर दिया। वो बोलते थे कि ये लड़का तो पागल है। सिलेक्ट होकर ना बोल देता है। सिद्धांत काफी बदनाम हो गए थे और लोग उन्हें एरोगेंट समझते थे।

## बाद में ब्रह्मास्त्र से हटा दिया गया वो रोल

सिद्धांत ने आगे बताया कि बाद में फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' से वो पार्ट ही एडिट कर दिया गया जो उन्हें ऑफर किया गया था। इसी दौरान सिद्धांत को उनकी डेब्यू फिल्म 'गली बॉय' ऑफर हुई थी, जिसे उन्होंने एक्सेप्ट किया। अब सिद्धांत को लगता है कि जो भी हुआ सही हुआ।

# नितेश तिवारी की रामायण से कटा विजय सेतुपति का पत्ता?

**नितेश तिवारी के निर्देशन में बनने वाली आगामी फिल्म रामायण बीते लंबे समय से सुर्खियों में है। रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म में रणबीर, साईं पल्लवी और यश क्रमशः राम, सीता और रावण की मुख्य भूमिका निभा रहे हैं।**

ऐसी अटकलें थीं कि रावण के छोटे भाई विभीषण की भूमिका निभाने के लिए साउथ अभिनेता विजय सेतुपति को अप्रोच किया गया है। हालांकि, अब इस किरदार को लेकर आया नया रिपोर्ट फैंस का उत्साह बढ़ाने वाला है। पहले रिपोर्ट्स थीं कि विजय सेतुपति फिल्म रामायण में विभीषण की भूमिका में नजर आ सकते हैं। खबर के अनुसार, नितेश और विजय के बीच चर्चा चल रही थी, जिसमें विजय के रावण के भाई विभीषण का किरदार निभाने का अनुमान लगाया जा रहा था। अब विभीषण के किरदार के लिए किसी अन्य अभिनेता का नाम सामने आ रहा है, जिसने फैंस के उत्साह को और ज्यादा बढ़ा दिया है।



## 560 से टूटकर 2 पर आया यह शेयर, अब खरीदने की लू

**नईदिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार हर दिन नया रिकॉर्ड बना रहा है। इस तेजी के बीच कुछ दिवालिया कंपनियों के शेयर भी रॉकेट की तरह बढ़ रहे हैं। ऐसा ही एक शेयर फ्यूचर ग्रुप की रिटेल कंपनी फ्यूचर रिटेल की है। इस कंपनी के शेयरों में गुरुवार को तूफानी तेजी थी।




## 1 शेयर पर 1 शेयर बोनस दे रही है कंपनी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बोनस शेयर देने वाली कंपनियों के शेयरों पर दांव लगाने वाले निवेशकों के लिए गुड न्यूज है। गुजरात अम्बुजा एक्सपोर्ट्स लिमिटेड इसी हफ्ते एक्स-बोनस ट्रेड करेगा। कंपनी ने 1 शेयर पर 1 शेयर बोनस देने का फैसला किया है।

# भारती एयरटेल ने चार दिन में कमाए 38,726 करोड़

### इन्फोसिस, रिलायंस और एलआईसी को नुकसान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले हफ्ते शेयर बाजार में केवल चार दिन कारोबार हुआ। महाशिवरात्रि के मौके पर शुक्रवार को शेयर बाजार में छुट्टी रही। गुरुवार को बीएसई सेंसेक्स 74,119.39 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। उसी दिन नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 22,493.55 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर बंद हुआ। इस दौरान सेंसेक्स की टॉप 10 मूल्यवान कंपनियों में से सात के मार्केट कैप में कुल मिलाकर 71,301.34 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। कम कारोबारी सत्रों के सप्ताह के दौरान सबसे अधिक लाभ में भारती एयरटेल रही। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज , एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, भारती एयरटेल, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई, वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज, इन्फोसिस और भारतीय जीवन बीमा निगम की बाजार




हैसियत घट गई। सप्ताह के दौरान देश की दूसरी सबसे बड़ी टेलिकॉम कंपनी भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 38,726.67 करोड़ रुपये बढ़कर 6,77,448.44 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। एसबीआई के बाजार पूंजीकरण में 13,476.16 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई और यह 7,03,393.29 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इसी तरह एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 12,243.35 करोड़ रुपये बढ़कर 10,98,707.88 करोड़ रुपये पर और आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 3,099.76 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 7,63,581.30 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। आईटीसी का बाजार पूंजीकरण 1,469.81 करोड़ रुपये बढ़कर 5,15,921.57 करोड़ रुपये और टीसीएस का मूल्यांकन 1,157.79 करोड़ रुपये बढ़कर 14,87,070.15 करोड़ रुपये रहा। हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 1,127.8 करोड़ रुपये बढ़कर 5,68,753.81 करोड़ रुपये हो गया।

### रिलायंस में गिरावट

इस रुख के उलट देश की दूसरी बड़ी आईटी कंपनी इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण 15,875.81 करोड़ रुपये घटकर 6,71,121.34 करोड़ रुपये पर आ गया। देश की सबसे वैल्यूएबल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज की बाजार हैसियत 15,391.94 करोड़ रुपये घटकर 20,01,358.50 करोड़ रुपये रह गई। एलआईसी के मूल्यांकन में 6,166.87 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 6,48,596.89 करोड़ रुपये रह गया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमश- टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई, भारती एयरटेल, इन्फोसिस, एलआईसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी का स्थान रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### शीर्ष छह शहरों में इस साल कार्यालय स्थल की मांग 5-5.5 करोड़ वर्ग फुट रहने की उम्मीद

**नई दिल्ली:** भारत के छह प्रमुख शहरों में कार्यालय स्थल की मांग इस साल अच्छी रहेगी। फिक्की-कोलियर्स की एक रिपोर्ट के अनुसार घरेलू और विदेशी कंपनियां अपने व्यवसाय विस्तार के लिए 2024 में 5-5.5 करोड़ वर्ग फुट क्षेत्र पट्टे पर ले सकती हैं। छह प्रमुख शहरों बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली-एनसीआर, हैदराबाद, मुंबई और पुणे में कार्यालय स्थल का कुल पट्टा 5.82 करोड़ वर्ग फुट था। उद्योग निकाय फिक्की और रियल एस्टेट सलाहकार कोलियर्स इंडिया ने इस सप्ताह की शुरुआत में अपनी रिपोर्ट जारी की। रिपोर्ट में कार्यालय मांग के लिए तीन परिदृश्य दिए गए हैं - आशावादी, यथार्थवादी और निराशावादी। रिपोर्ट के अनुसार यथार्थवादी स्थिति में, इन छह शहरों में इस साल श्रेणी-क के कार्यालय स्थल का कुल पट्टा 5-5.5 करोड़ वर्ग फुट होने का अनुमान है। आशावादी स्थिति में यह आंकड़ा 5.5-6 करोड़ वर्ग फुट तक जा सकता है, जबकि निराशावादी परिदृश्य में यह 4.5-5 करोड़ वर्ग फुट तक गिर सकता है। कोलियर्स इंडिया के कार्यालय सेवाओं के प्रमुख अर्पित मेहरोत्रा ने कहा कि भारत में कार्यालय स्थान की मांग 2024 में लगातार तीसरी बार पांच करोड़ वर्ग फुट से अधिक रहने का अनुमान है।

### 1 पर 2 बोनस शेयर देगी यह कंपनी, होली से पहले रिकॉर्ड डेट



**नईदिल्ली, एजेंसी।** खाद्य तेल बनाने वाली कंपनी एमके प्रोटीन्स ने शेयरधारकों के लिए बोनस इक्विटी शेयर की घोषणा की है। कंपनी ने 2:1 के रेशियो में बोनस इक्विटी शेयर जारी करने की घोषणा की है। इसका मतलब है कि प्रत्येक 2 इक्विटी के लिए इलिजिबल निवेशकों को 1 इक्विटी आवंटित की जाएगी। प्रत्येक शेयर का फेस वैल्यू 1 रुपये है। बता दें कि कोई भी कंपनी अपने शेयरधारकों को एक निश्चित रेशियो में अतिरिक्त बोनस शेयर देती है, ताकि बाजार में लिक्विडिटी बढ़े और कंपनी द्वारा अर्जित लाभ का एक हिस्सा शेयरधारकों के बीच विभाजित किया जा सके। कंपनी के बोनस इक्विटी शेयरों के हकदार शेयरधारकों की पात्रता सुनिश्चित करने के लिए रिकॉर्ड तिथि 15 मार्च, 2024 तय की है। बीएसई पर एमके प्रोटीन्स के शेयर की मौजूदा कीमत 45.02 रुपये है। कंपनी का मार्केट कैप 563.21 करोड़ रुपये है। शेयर का 52-सप्ताह का उच्चतम और निचला स्तर क्रमशः 100 रुपये और 35.07 रुपये है।

### स्टॉक मार्केट इस हफ्ते कैसा करेगा प्रदर्शन, ये बातें तय करेंगी दिशा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह घरेलू मोर्चे पर वृहद आर्थिक आंकड़ों और वैश्विक रुझानों से तय होगी। सप्ताह के दौरान घरेलू मोर्चे पर औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) और मुद्रास्फीति के आंकड़े आने हैं। विश्लेषको ने यह राय जताई है। विश्लेषकों का कहना है कि ऊंचे मूल्यांकन की वजह से बाजार में कुछ उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। बृहस्पतिवार को बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर बंद हुए थे।

## भारत और ईएफटीए के बीच मुक्त व्यापार समझौता, वस्तुओं एवं सेवाओं में दोतरफा व्यापार को बढ़ाने पर जोर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और ईएफटीए ने निवेश को बढ़ावा देने और वस्तुओं एवं सेवाओं में दोतरफा व्यापार को बढ़ावा देने के लिए रविवार को एक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किया। समझौते में बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर), सेवाओं में व्यापार, निवेश प्रोत्साहन और सहयोग, व्यापार सुविधा समेत कई क्षेत्र शामिल किए गए हैं। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि आज का दिन बेहद खास है। यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ के साथ व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौते पर हस्ताक्षर करना लगभग 15 वर्षों की कड़ी मेहनत के परिणामों का प्रतीक है। मुक्त व्यापार समझौते के तहत दो व्यापारिक साझेदार सेवाओं और निवेश में व्यापार को बढ़ावा देने के लिए मानदंडों को आसान बनाने के अलावा, उनके बीच व्यापार की जाने वाली वस्तुओं की अधिकतम संख्या पर सीमा शुल्क को काफी कम या खत्म कर देते हैं। गौरतलब है कि भारत और ईएफटीए जनवरी 2008 से समझौते पर बातचीत कर रहे हैं, जिसे आधिकारिक तौर पर व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौता (टीईपीए) कहा जाता है। दोनों पक्षों ने अक्तूबर 2023 में बातचीत फिर से शुरू की और इसे जल्द से जल्द खत्म किया। बता दें ईएफटीए देश यूरोपीय संघ (ईयू) का हिस्सा नहीं हैं। यह मुक्त व्यापार को




बढ़ावा देने और तीव्र करने के लिए एक अंतर-सरकारी संगठन है। इसकी स्थापना उन राज्यों के लिए एक विकल्प के रूप में की गई थी, जो यूरोपीय समुदाय में शामिल नहीं होना चाहते थे। भारत 27 देशों के यूरोपीय संघ के साथ अलग से एक व्यापक मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहा है।

### स्विट्जरलैंड भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार

भारत ने पहले संयुक्त अरब अमीरात और ऑस्ट्रेलिया के साथ एफटीए वार्ता में तेजी लाने या तेजी से आगे बढ़ाने की रणनीति का सफलतापूर्वक इस्तेमाल किया था। भारत-ईएफटीए दोतरफा व्यापार 2022-23 में 18.65 बिलियन अमेरिकी डॉलर था, जबकि 2021-22 में 27.23 बिलियन अमेरिकी डॉलर था। पिछले वित्त वर्ष में व्यापार घाटा 14.8 अरब अमेरिकी डॉलर था। स्विट्जरलैंड भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है और उसके बाद नॉर्वे का स्थान है।

### युवाओं के विकास और रोजगार पर जोर- पीयूष गोयल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जिक्र करते हुए केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि कई पहलुओं में संरचनात्मक विविधताओं के बावजूद हमारी अर्थव्यवस्थाएं एक-दूसरे के पूरक है। व्यापार और निवेश के अवसरों के खुलने के साथ हम विश्वास और महत्वाकांक्षा के एक नए स्तर पर पहुंच गए हैं।

## निष्पक्ष व्यापार के लिए साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक, व्यापार समझौते पर पीएम मोदी ने दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और ईएफटीए ने निवेश को बढ़ावा देने और वस्तुओं एवं सेवाओं में दोतरफा व्यापार को बढ़ावा देने के लिए रविवार को एक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किया। समझौते में बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर), सेवाओं में व्यापार, निवेश प्रोत्साहन और सहयोग, व्यापार सुविधा समेत कई क्षेत्र शामिल किए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि भारत-ईएफटीए व्यापार समझौता खुले, निष्पक्ष और न्यायसंगत व्यापार के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

भारत और ईएफटीए के बीच हुआ व्यापारिक समझौते के दिन को खास बताते हुए पीएम मोदी ने कहा कि डिजिटल व्यापार, बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं और फार्मा जैसे कई क्षेत्रों में नवाचार, अनुसंधान एवं विकास में ईएफटीए देशों का वैश्विक नेतृत्व सहयोग के नए दरवाजे खोलेगा। पीएम मोदी ने अपने लिखित संदेश में कहा कि भारत-ईएफटीए व्यापार और






आर्थिक साझेदारी समझौते (टीईपीए) पर हस्ताक्षर करने में शामिल वार्ताकारों और हस्ताक्षरकर्ताओं को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।

प्रधानमंत्री का संदेश वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने ईएफटीए देशों के मंत्रियों और अधिकारियों की मौजूदगी में पढ़ा। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में, भारत की अर्थव्यवस्था ने एक लंबी छलांग लगाई है, जो दुनिया की ग्यारहवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। हमारा अगला लक्ष्य भारत की अर्थव्यवस्था को दुनिया की अर्थव्यवस्था बनाना है। बता दें यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के सदस्य आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड हैं।

### क्या है ईएफटीए

दोनों पक्षों ने अक्तूबर 2023 में बातचीत फिर से शुरू की और इसे जल्द से जल्द खत्म किया। बता दें ईएफटीए देश यूरोपीय संघ (ईयू) का हिस्सा नहीं हैं। यह मुक्त व्यापार को बढ़ावा देने के लिए एक अंतर-सरकारी संगठन है। इसकी स्थापना उन राज्यों के लिए एक विकल्प के रूप में की गई थी, जो यूरोपीय समुदाय में शामिल नहीं होना चाहते थे। हालांकि भारत 27 देशों के यूरोपीय संघ के साथ अलग से एक व्यापक मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहा है।

## ब्रिक्स सीसीआई वी के चौथे वार्षिक शिखर सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में महिलाओं की उपलब्धियों को उजागर किया गया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** - भारत की अध्यक्षता में हुए जी-20 सम्मेलन में महिलाओं की अगुवाई में विकास पर ज़ोर और समावेशी और सकारात्मक परिवर्तन को गति देने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विज़न के साथ ब्रिक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की महिला सशक्तिकरण इकाई ब्रिक्स सीसीआई वी ने चौथे वार्षिक शिखर सम्मेलन एवं सम्मान समारोह की मेजबानी की जिसका विषय था- ब्रिक्स सीसीआई वी ने ब्रिक्स के नए युगः महिला सशक्तिकरण के लिए टेक



एवं बिजनेस में क्षितिज नाम से एक रिपोर्ट का भी अनावरण जिसमें सभी ब्रिक्स देशों में महिलाओं के लिए प्रौद्योगिकी एवं उद्यमशीलता परिदृश्य पर खास ज़ोर है। इसने ब्रिक्स सीसीआई वी ग्लोबल वुमेन लीडरशिप प्रोग्राम की महिला प्रतिभागियों के प्रथम बैच के दीक्षांत समारोह का भी आयोजन किया।

इस शिखर सम्मेलन में रूस, चीन, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका, ईरान, क्यूबा, कोस्टा रिका, चिली, बेलारूस, जांबिया, अंगोला, चाद, कोमोरोस, वेनेजुएला सहित अन्य देशों से राजनयिक शामिल हुए। पद्म विभूषण से सम्मानित राज्यसभा सदस्य डाक्टर सोनल मानसिंह इस शिखर सम्मेलन की मुख्य अतिथि थीं। वहीं भाजपा की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुश्री शाजिया इल्मी, उत्तर प्रदेश की पूर्व महिला एवं बाल कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सुश्री स्वाति सिंह, पूर्व ब्रिक्स शेरपा और भारत सरकार के सचिव (सेवानिवृत्त) संजय भट्टाचार्य और विशेष पुलिस आयुक्त (महिला एवं बच्चों के लिए विशेष पुलिस इकाई एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए विशेष पुलिस इकाई के प्रभारी) श्री अजय चौधरी ने भी सभा को संबोधित किया।

## आईपीओ से पहले स्विगी की वैल्युएशन बढ़ी, 13% बढ़त के बाद पार किया 12 बिलियन का आंकड़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका की एसेट मैनेजर बैरन कैपिटल ग्रुप ने आईपीओ-बाउंड फूड-डिलीवरी ऐप स्विगी के फेयर वैल्यू में वृद्धि की है, जिसके बाद 2022 में इसका मूल्यांकन 10.7 बिलियन डॉलर के मूल्यांकन से 13त्न बढ़कर 12.16 बिलियन डॉलर हो गया है। अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग की फाइलिंग में इसकी जानकारी मिली है। अमेरिका स्थित एसेट मैनेजर ने पहले जनवरी 2022 में 700 मिलियन डॉलर के फंडिंग राउंड के दौरान स्विगी में निवेश किया था।

31 दिसंबर तक, एसेट मैनेजर के फंड के पास स्विगी की मूल कंपनी बंडल टेक्नोलॉजीज में 87.2 मिलियन की हिस्सेदारी थी, जो 74.4 मिलियन से 17त्न अधिक थी। 2022 में, स्विगी ने इनवेस्को के नेतृत्व में अपने सीरीज़ च राउंड में 700 मिलियन जुटाए।




इस दौर में इसका मूल्यांकन दोगुना होकर 10.7 बिलियन डॉलर हो गया। 2023 में जुलाई-सितंबर तिमाही में इनवेस्को ने स्विगी का वैल्यूएशन बढ़ाकर 7.85 अरब डॉलर कर दिया।

एक अलग फाइलिंग में, बैरन कैपिटल ने कहा कि स्विगी भारतीय फूड डिस्ट्रीब्यूशन एरिया में लगभग 45त्न बाजार हिस्सेदारी रखती है। बेंगलूरु की यह कंपनी इसी साल शेयर बाजार में कदम रखना चाहती है और आईपीओ के जरिये 1 अरब डॉलर जुटाने के लिए बाजार नियामक सेबी के पास दरख्वास्त डालेगी। कंपनी का इरादा आईपीओ में 10-11 अरब डॉलर का मूल्यांकन हासिल करने का है।

स्विगी ने आईपीओ की योजना पर कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। मगर मामले की जानकारी रखने वाले एक व्यक्ति ने बताया कि पिछले चरणों में जुटाई गई रकम में से कंपनी के पास तकरीबन 80 करोड़ डॉलर की नकदी रखी हुई है। आईपीओ से पहले स्विगी ने मुनाफे में आने की कोशिशें भी बढ़ा दी हैं। आईपीओ से पहले ज्यादा दुरुस्त बनने के लिए स्विगी 350 से 400 कर्मचारियों की छंटनी के बारे में भी सोच रही है। कंपनी के कर्मचारियों की संख्या करीब 6,000 है।

पिछले वित्त वर्ष में कंपनी का राजस्व 45 फीसदी बढ़कर 8,625 करोड़ रुपए हो गया था। मगर उसका शुद्ध घाटा भी बढ़कर 4,179 करोड़ रुपए तक चला गया था। उससे पिछले वित्त वर्ष यानी 2021-22 में कंपनी का राजस्व 5,705 करोड़ रुपए और शुद्ध घाटा 3,629 करोड़ रुपए था।

## दिल्ली हाईकोर्ट ने जीएसट विभाग को दिए निर्देश, आईजीएसटी पर 6 प्रतिशत रिफंड करें रिटर्न

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाई कोर्ट ने जीएसटी विभाग को लंबित आईजीएसटी रिफंड पर 6प्रतिशत ब्याज देने का निर्देश दिया है। जस्टिस संजीव सचदेवा और जस्टिस रविंदर डुडेजा की पीठ ने कहा है कि सीजीएसटी/डीजीएसटी अधिनियम की धारा 56 विलंबित रिफंड पर ब्याज से संबंधित है। इसमें प्रावधान है कि यदि धारा 54 की उप-धारा (5) के तहत लौटाए जाने वाले किसी भी कर को आवेदन प्राप्त होने की तारीख से 60 दिनों के भीतर वापस नहीं किया जाता है, तो ऐसे रिफंड के संबंध में 6त्न की दर से ब्याज देय होगा। आवेदन की प्राप्ति की तारीख से ऐसे कर की वापसी की तारीख तक 60 दिनों की समाप्ति के तुरंत बाद की तारीख।

दरअसल, याचिकाकर्ता ने दुबई को मोबाइल फोन और एसेसरीज का निर्यात किया था। सामान्य तौर पर रिफंड का दावा शिपिंग बिलों के माध्यम से किया जाता था, जो समय-समय पर दायर किए गए शिपिंग बिलों को संसाधित करने के बाद सीमा शुल्क द्वारा जारी किया जाता था। दिसंबर 2022 के दौरान करोड़ से अधिक रुपयों का निर्यात किया था। इसके अलावा, फरवरी 2023 में करीब तीन करोड़ रुपये का निर्यात हुआ था। जिस पर 50




लाख रुपये का भुगतान किया गया। इसी तरह मार्च 2023 के महीने में रुपये का निर्यात हुआ। 95,90,489 बने, जिस पर आईजीएसटी रु. 17,26,288 का भुगतान किया गया और मई 2023 के महीने के लिए आईजीएसटी का बोझ उतारकर मोबाइल और उनके सामान का निर्यात किया गया। अदालत ने माना कि यदि रिफंड के लिए आवेदन प्राप्त होने की तारीख से 60 दिनों की अवधि समाप्त होने पर भी दावा की गई राशि वापस नहीं की जाती है, तो धारा 56 के तहत ब्याज देय हो जाता है। धारा 56 के तहत ब्याज का भुगतान, वैधानिक होने के कारण, बिना किसी दावे के स्वचालित रूप से देय है, यदि आवेदन प्राप्त होने की तारीख से 60 दिनों के भीतर धन वापसी नहीं की जाती है। ब्याज का भुगतान याचिकाकर्ता द्वारा किए गए दावे पर निर्भर नहीं करता है और इसलिए फॉर्म जीएसटी-आरएफडी-01 में ब्याज के दावे की छूट के आधार पर इसे अस्वीकार नहीं किया जा सकता है। इसके अलावा, ब्याज अनुदान के भुगतान का प्रश्न तभी उठता है जब आवेदन प्राप्त होने की तारीख से 60 दिनों के भीतर रिफंड नहीं दिया जाता है। निर्धारित अवधि के भीतर रिफंड के भुगतान में देरी के लिए प्रतिवादी द्वारा कोई औचित्य नहीं दिखाया गया है। इस प्रकार, भले ही याचिकाकर्ता ने अपने रिफंड आवेदन में ब्याज का दावा नहीं किया हो, लेकिन उसके ब्याज के दावे को धारा 56 के तहत अस्वीकार नहीं किया जा सकता है क्योंकि यह जीएसटी अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार अनिवार्य और स्वचालित रूप से देय है। अदालत ने कहा, याचिकाकर्ता रिफंड आवेदन प्राप्त होने की तारीख से साठ दिनों की समाप्ति के तुरंत बाद की तारीख से शुरू होकर उस तारीख तक 6त्न की दर से वैधानिक ब्याज का हकदार है ।

# सात्विक-चिराग की जोड़ी फ्रेंच ओपन के फाइनल में पहुंची



पेरिस (एजेंसी)। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की विश्व में नंबर एक भारतीय जोड़ी ने दक्षिण कोरिया के सियो सेउंग जे और कांग मिन ह्युक को सीधे गेम में हराकर फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष युगल के फाइनल में प्रवेश किया। भारतीय जोड़ी ने इस साल लगातार तीसरी बार फाइनल में जगह बनाई है। फ्रेंच ओपन में भी यह जोड़ी तीसरी बार फाइनल में पहुंची है। सात्विक और चिराग ने सेमीफाइनल में कोरिया की जोड़ी को 21-13, 21-16 से हराया। पुरुष एकल में हालांकि लक्ष्य सेन का अभियान मौजूदा विश्व चैंपियन थाईलैंड के कुनलावुत विटिडसर्न से हारने के बाद समाप्त हो गया। कुनलावुत ने सेमीफाइनल में एक घंटे 18 मिनट तक चले मुकाबले में 20-22, 21-13, 21-11 से जीत दर्ज की। सात्विक और चिराग ने दुनिया की दो सर्वश्रेष्ठ जोड़ियों के बीच खेले गए मुकाबले में शुरू से ही दबदबा बनाए रखा तथा इस साल के शुरू में इंडिया ओपन में मिली हार का बदला चुकता किया। मौजूदा विश्व चैंपियन जोड़ी के खिलाफ पहला गेम आसानी से जीतने के बाद सात्विक और चिराग ने दूसरे गेम में भी कोरियाई जोड़ी को वापसी का मौका नहीं दिया। भारतीय जोड़ी ने यह मुकाबला केवल 40 मिनट में अपने नाम किया। भारतीय जोड़ी फाइनल में चीनी ताइपे के ली झे हुई और यांग पो ह्वान से भिड़ेगी, जिन्होंने सेमीफाइनल में जापान के ताकुरो होकी और यूगो कोबायाशी को हराया।

## पंत के आईपीएल खेलने पर संशय, सूत्र बोले- एनसीए से फिटनेस क्लियरेंस नहीं मिला; दिल्ली ने स्क्वॉड में भी नहीं रखा



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** ऋषभ पंत को अब तक आईपीएल खेलने के लिए फिटनेस क्लियरेंस नहीं मिल सका है। दिल्ली कैपिटल्स ने पंत की फिटनेस रिपोर्ट मांगी थी, लेकिन अभी तक भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई ) की ओर से टीम मैनेजमेंट को कोई जवाब नहीं मिला। आईपीएल 22 मार्च से शुरू होगा। मीडिया सूत्रों के अनुसार, पंत को बीसीसीआई से फिटनेस टेस्ट पास होने का सर्टिफिकेट अब तक नहीं मिला है। इस कारण उनके आईपीएल खेलने पर संशय है। नेशनल क्रिकेट एकेडमी (एनसीए) के एक्सपर्ट पंत को मैच खेलने को लेकर फिट नहीं मान रहे हैं। पंत की टीम दिल्ली कैपिटल्स से जब इस बारे में मीडिया ने सवाल किया तो उन्होंने इसका खंडन नहीं किया और सिर्फ इतना कहा कि अभी इस बारे में कोई जानकारी नहीं है।

**पंत दिल्ली के स्क्वॉड में भी शामिल नहीं** –सूत्रों की मानें तो फिटनेस क्लियरेंस नहीं मिलने के कारण दिल्ली कैपिटल्स ने अपने स्क्वॉड में अब तक ऋषभ पंत को शामिल नहीं किया है। हालांकि टीम मैनेजमेंट बीसीसीआई से रिक्वेस्ट कर पंत को एक्स्ट्रा प्लेयर के रूप में स्क्वॉड में रख सकता है।

**दिल्ली कैपिटल्स के को-ऑनर ने भी कहा था- पंत करेंगे कप्तानी** – डीसी टीम के को-ऑनर पार्थ जिंदल ने भी कहा था कि पंत आईपीएल के शुरुआती मैच खेलेंगे। वह फर्स्ट हाफ में विकेटकीपिंग नहीं करेंगे। उन्होंने बैटिंग करनी शुरू कर दी है, वह विकेटकीपिंग भी कर रहे हैं। आईपीएल से पहले तक वह फिट हो जाएंगे।

**दिसंबर 2022 से क्रिकेट से दूर हैं पंत** – पंत दिसंबर 2022 में बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेलने के बाद से क्रिकेट से दूर हैं। उनका 31 दिसंबर 2022 को दिल्ली से रुड़की जाने के दौरान एक्सीडेंट हो गया था। जिसके बाद उनके दाहिने पैर के घुटने की तीन सर्जरी हुई। वह नेशनल क्रिकेट अकादमी में रिकवरी कर रहे हैं।

# ब्रॉड ने एंडरसन को 700 टेस्ट विकेट लेने पर बधाई दी, संन्यास पर भी रखा अपना पक्ष



**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड के दिग्गज तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने 700 टेस्ट विकेट पूरे करने वाले पहले तेज गेंदबाज बनने के लिए टीम के पूर्व साथी जेम्स एंडरसन की सराहना करते हुए कहा कि किसी को उनके समर्पण के बारे में बात करने के अलावा उनके कौशल पर आश्चर्य करना चाहिए। एंडरसन ने इतिहास की किताबों में अपना नाम दर्ज कराया और टेस्ट क्रिकेट में 700 विकेट पूरे करने वाले पहले तेज गेंदबाज बन गए और कुल मिलाकर ऐसा करने वाले केवल तीसरे गेंदबाज बने। एंडरनस इस जुलाई में 42 साल के हो जाएंगे, ने धर्मशाला में इंग्लैंड के खिलाफ भारत के पांचवें और अंतिम टेस्ट के दौरान शुबमन गिल और कुलदीप यादव के विकेट लेकर यह उपलब्धि हासिल की।

ब्रॉड ने कहा, यह एक अभूतपूर्व उपलब्धि है और मैं किसी अन्य तेज गेंदबाज को इस रिकॉर्ड की बराबरी करते नहीं देखता जब लोग जिमी के बारे में बात करते हैं, तो वे आगे बढ़ते रहने के समर्पण और मानसिक लचीलेपन का उल्लेख करते हैं और जाहिर है, आप इसके बिना 41 साल की उम्र तक नहीं खेल सकते, लेकिन अब समय आ गया है कि हमें वास्तव में उसके कौशल पर आश्चर्य करना चाहिए, क्योंकि 20 से अधिक वर्षों से दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों को चुनौती देते हुए विभिन्न परिस्थितियों में इतने सारे विकेट हासिल करने के लिए इसी की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा, यह एक तरह से शर्म की बात है कि वह कुछ बेहतर कारणों से शेन वार्न और मुथैया मुरलीधरन की विशिष्ट कंपनी में शामिल होने को याद नहीं कर पाएंगे, इस अर्थ में कि उनका क्षण एक लंबे दौरे के अंत में थोड़ा उत्साहजनक था। ब्रॉड ने कहा, उन्होंने शीर्ष स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करने के तरीके ढूंढ लिए हैं और अभी भी बेहतर करने की कोशिश कर रहे हैं, जो कि जब आप इसके बारे में सोचते हैं तो यह असाधारण है।

ब्रॉड ने कहा कि उनके मन में कहीं न कहीं वह स्वार्थी की उम्मीद कर रहे थे कि इस साल जुलाई से इंग्लिश टेस्ट समर के दौरान वेस्ट इंडीज और श्रीलंका के खिलाफ एंडरसन को अपना 700 वां विकेट लेते देखा जाए ताकि वह उन्हें व्यक्तिगत रूप से बधाई दे सकें। उन्होंने कहा, मैं उम्मीद कर रहा था कि वह इस गर्मी में 699 पर लॉर्ड्स में वापस आएगा और मैं इंग्लैंड के कई अन्य प्रशंसकों के साथ इसे देखने के लिए वहां मौजूद रह सकता हूं। वर्षों से हमारे करीबी कामकाजी संबंधों को देखते हुए, मुझे यह पसंद आएगा उसके पीछे चलने वाले 10 लोगों में से एक बनो और उसे ताली बजाओ। ब्रॉड ने यह भी सवाल उठाया कि इंग्लिश आइकन इस साल 42 साल के हो जाएंगे, ऐसे में वह कब तक टेस्ट गेंदबाज बने रहेंगे। उन्होंने कहा, यह एक ऐसा सवाल है (एंडरसन का संन्यास) लोग स्वाभाविक रूप से पूछेंगे लेकिन ईमानदारी से कहूं तो मुझे इसका कोई अंदाजा नहीं है। जिमी एक लत है, और मेरा मतलब है कि यह सबसे अच्छे तरीके से हो सकता है। वह क्रिकेट में बहुत निवेशित है। कोई ऐसा व्यक्ति जो अंततः बहुत भावुक महसूस करेगा।

उन्होंने कहा, यह वह सब कुछ है जो वह जानता है। और मुझे लगता है कि जब वह अपना समय चुनता है, तब भी उसे इससे दूर जाना बहुत मुश्किल होगा। यह उसके अंदर इतना समाया हुआ है कि वह कभी-कभी यह आभास देता है कि वह पारंपरिक 65 साल में सेवानिवृत्त होना चाहता है। वह जो सोच रहा होगा वह एक नया लक्ष्य है। क्या उसका लक्ष्य 800 तक पहुंचना और मुरली की बराबरी करना है? क्या वह वार्न के 708 को पार करना चाहता है? उसे पता चल जाएगा कि जाने का सही समय कब है, और केवल वह ही यह निर्णय ले सकता है। क्या यह संभव है कि वह अगली एशेज में खेलेगा? कप्तान बेन स्टोक्स और कोच ब्रेंडन मैकुलम चाहेंगे कि वह ऑस्ट्रेलिया में एशेज को ध्यान में रखते हुए अगले 18-24 महीनों तक मजबूत प्रदर्शन करें, लेकिन एंडरसन तब तक 43 साल के हो जाएंगे और शायद वह इतना आगे के बारे में नहीं सोच रहे हैं। एंडरसन ने कहा, %हां। ब्रेंडन मैकुलम और बेन स्टोक्स चाहते हैं कि वह अगले 18-24 महीने तक खेलें, लेकिन तब वह 43 साल के हो जाएंगे और मुझे नहीं लगता कि वह इतना आगे के बारे में सोचेंगे। ऑस्ट्रेलिया में खेलना एक कठिन, शारीरिक चुनौती है। एक तेज गेंदबाज के रूप में आप एक टेस्ट मैच में औसतन 53 ओवर करते हैं।

# दीप्तयान घोष बने राष्ट्रीय रैपिड और ब्लिट्ज़ शतरंज विजेता



**नासिक (एजेंसी)।** रेल्वे के ग्रांड मास्टर दीप्तयान घोष नें नासिक में आयोजित हुई शतरंज के फटाफट फॉर्मेट राष्ट्रीय रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट के दोहरे खिताब अपने नाम कर लिए है और अरविंद चितांबरम के बाद एक ही बार में दोनों खिताब जीतने वाले वह दूसरे खिलाड़ी बन गए है ।नेशनल रैपिड शतरंज चैंपियनशिप में देशभर के करीब सभी राज्यो से कुल 226 खिलाड़ियों नें भाग लिया जिसमें दूसरे वरीय दीप्तयान घोष नें 11 राउंड में अपराजित रहते हुए कुल 9 अंक बनाए इस दौरान उन्होने 7 मुक़ाबले जीते और चार बाज़ियाँ ड्रॉ खेली । रेल्वे के अरोण्यक घोष 8.5 अंक बनाकर बेहतर टाईब्रेक के आधार पर दूसरे स्थान पर रहे जबकि तेलांगना के राजा ऋत्विक तीसरे स्थान पर रहे । रैपिड के सभी मुक़ाबले 15 मिनट + 10सेकंड प्रति चाल प्रति खिलाड़ी के समय पर खेले गए ।

इसके बाद हुई नेशनल ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप में 3 मिनट + 2 सेकंड प्रति खिलाड़ी के आधार पर कुल 11 राउंड खेले गए जिसमें एक बार फिर दीप्तयान घोष नें 9.5 अंक बनाकर पहला स्थान हासिल किया , हालांकि ब्लिट्ज में तमिल नाडु के मनीष अंटो के खिलाफ उन्हे एकमात्र हार का सामना करना पर पर उन्होने 9 जीत और 1 ड्रॉ के साथ खिताब जीता उनकी सही बड़ी जीत आखिरी राउंड में बंगाल के मित्रभा गुहा के उपर रही । ब्लिट्ज में 9 अंक बनाकर तेलांगना के राजा ऋत्विक दूसरे और गोवा के एथन वाज तीसरे स्थान पर रहे ।

# नोवाक जोकोविच ने जीत के साथ पांच साल बाद इंडियन वेल्स में की वापसी



**इंडियन वेल्स (एजेंसी)।** नोवाक जोकोविच ने अलेक्जेंडर वुकिच को 6-2, 5-7, 6-3 से हराकर बीएनपी परिबास इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट में पांच साल बाद जीत के साथ वापसी की। चौबीस बार के ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन जोकोविच इस जीत से राफेल नडाल के बाद एटीपी मास्टर्स 1000 सीरीज प्रतियोगिता में 400 मैच जीतने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं। इंडियन वेल्स में 2019 के बाद पहली बार खेल रहे जोकोविच इस टूर्नामेंट में पांच बार के पूर्व चैंपियन हैं। महिला वर्ग में कोको गॉफ ने भी क्लारा बुरेल को 2-6, 6-3, 7-6 (4) से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। तीसरी वरीयता प्राप्त गॉफ़ तीसरे दौर में लूसिया ब्रोंज़ेटी से भिड़ेगी जिन्होंने एन्हेलिना कलिनिना को 6-3, 6-4 से हराया। जेसिका पेगुला हालांकि दूसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाई। उन्हें रूस की अन्ना ब्लिंकोवा ने 6-2, 3-6, 6-3 से हराया। नाओमी ओसाका ने रूस की ल्यूडमिला सैमसोनोवा को 7-5, 6-3 से हराकर बाहर किया। चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन ओसाका का अगला मुकाबला एलिस मर्टेंस से होगा। एक अन्य मैच में यहां दो बार की चैंपियन विक्टोरिया अजारेंका अमेरिका की कैरोलिन डोलेहाइड से 7-5, 2-6, 6-3 से हार गईं। अमेरिकी ओपन में 2021 की चैंपियन एम्मा राडुकानु भी तीसरे दौर में पहुंच गई हैं।

# जीतने के बाद राहुल द्रविड़ ने ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ियों की तारीफ की

## बीसीसीआई ने वीडियो पोस्ट किया



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज जीतने के बाद टीम इंडिया के हेड कोच राहुल द्रविड़ ने ड्रेसिंग रूम में सभी खिलाड़ियों की तारीफ की। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो पोस्ट की है, जिसमें वह इस सीरीज की जीत के लिए टीम को शुभकामनाएं दे रहे है। भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ 4-1 से टेस्ट सीरीज जीत ली है। पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का आखिरी मुकाबला धर्मशाला में खेला गया। टीम इंडिया ने यह मैच पारी और 64 रन से जीता।

**इस सीरीज में हमारे ऊपर काफी दबाव रहा** – द्रविड़ ने कहा, सबसे पहले तो मैं सभी खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ को शुभकामनाएं देना चाहता हूं। इस सीरीज में ऐसा कई बार देखने को मिला कि हमारे ऊपर काफी दबाव रहा लेकिन उसके बावजूद हमने अच्छा प्रदर्शन करते हुए सीरीज जीता। यह काफी अच्छी बात थी। कई बार ऐसा होता है कि जब विरोधी टीम से आगे हम लोग मैच में हो तब हमें लगातार उनके ऊपर दबाव बनाना पड़ता है और मैच जीतना होता है। सीरीज के शुरू होने से पहले यही बात हो रही थी कि हम लोगों को काफी उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ सकता है, हालांकि हमने हार नहीं मानी और सीरीज अपने नाम की।

**यंग प्लेयर्स ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया** – द्रविड़ ने आगे कहा, इस सीरीज से हमें यह सिखने को मिला कि हम लोग एक ग्रुप में कितने स्ट्रांग हैं। इस ग्रुप में कई यंग प्लेयर्स थे जिन्होंने काफी अच्छा प्रदर्शन किया। उन्हें यह बात पता होनी चाहिए कि हम सबको एक दूसरे का साथ हर परिस्थिति में देना चाहिए। भले ही आप बल्लेबाज हो या गेंदबाज अगर आपको सफल होना है तो एक दूसरे का साथ देना जरूरी है। मुझे पूरा भरोसा है कि युवा खिलाड़ी सब भविष्य में भी एक साथ खेलेंगे और ऐसे ही आगे भी एक दूसरे को सपोर्ट करेंगे। टेस्ट क्रिकेट आसान नहीं है यह बहुत ही मुश्किल है और आपको हर तरीके से इसे खेलने के लिए तैयार होना चाहिए। सपोर्ट स्टाफ को भी मैं शुक्रिया कहना चाहूंगा। यह बहुत ही लंबी सीरीज थी लेकिन सभी ने अपना काम अच्छे से किया। आप लोगों ने जो भी हासिल किया उसके लिए मैं बहुत ही खुश हूं।

**यह काफी अच्छी सीरीज थी– रोहित** – रोहित शर्मा ने कहा, यह काफी अच्छी सीरीज थी। सभी खिलाड़ियों ने अपना काम बखूबी से किया। सभी ने साथ मिलकर इस सीरीज की जीत में अहम योगदान दिया।



# क्राइस्टचर्च टेस्ट के तीसरे दिन ऑस्ट्रेलिया 77/4

## 202 रन की और जरूरत, हेड और मार्श नॉटआउट; न्यूजीलैंड 372 पर ऑलआउट

**क्राइस्टचर्च (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच क्राइस्टचर्च में 2 टेस्ट की सीरीज का आखिरी मुकाबला खेला जा रहा है। हैग्ले ओवल मैदान पर तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी में 4 विकेट पर 77 रन बना लिए। न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में 372 रन बनाए और ऑस्ट्रेलिया को 279 रन का टारगेट दिया। पहली पारी में न्यूजीलैंड ने 162 और ऑस्ट्रेलिया ने 256 रन बनाए थे।

**न्यूजीलैंड से 4 प्लेयर्स ने फिफ्टी लगाई** – तीसरे दिन न्यूजीलैंड ने 134/2 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। टॉम लैथम ने 65 और रचिन रवींद्र ने 11 रन के स्कोर से पारी आगे बढ़ाई। लैथम 73 रन बनाकर आउट हो गए लेकिन रचिन ने फिफ्टी लगा दी। उन्होंने डेरिल मिचेल के साथ चौथे विकेट के लिए 123 रन की पार्टनरशिप की। मिचेल 58 रन बनाकर आउट हुए, उनके बाद रचिन भी 82 रन बनाकर आउट हो गए। इनके बाद टॉम ब्लंडेल 9 रन बनाकर आउट हुए और टीम ने 296 रन के स्कोर पर 6 विकेट गंवा दिए।

**फिलिप्स-कुगलेइन ने की फिफ्टी पार्टनरशिप** – ग्लेन फिलिप्स और स्कॉट कुगलेइन ने फिर 7वें विकेट के लिए 53 रन की पार्टनरशिप कर ली। फिलिप्स 16 रन बनाकर आउट हुए और दोनों के बीच साझेदारी टूटी। मैट हेनरी ने 16 रन बनाए और टीम का स्कोर 300 रन के पार पहुंचा।

# ऑस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाजों की अगली पीढ़ी तैयार है : ग्लेन मैकग्रा

**चेन्नई (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के महान क्रिकेटर ग्लेन मैकग्रा ने कहा कि तेज गेंदबाजों की नई खेप पैट कमिंस, जोश हेजलवुड और मिचेल स्टार्क की तिकड़ी के संन्यास के बाद जिम्मेदारी संभालने के लिए इंतजार कर रही है। ऑस्ट्रेलियाई खेमे में कमिंस (30 साल), स्टार्क (34 साल) और हेजलवुड (33 साल) के उत्तराधिकारी ढूंढने पर चर्चा चल रही है लेकिन मैकग्रा को लगता है कि बदलाव की प्रक्रिया में कोई परेशानी नहीं होगी। मैकग्रा ने कहा, 'हमारे तेज गेंदबाजों की अगली पीढ़ी खेलने का इंतजार कर रही है। स्कॉट बोलैंड, माइकल नेसेर, झाय रिचर्डसन और काफी सारे युवा तेज गेंदबाज सामने आ रहे हैं, हम देख रहे हैं और इंतजार कर रहे हैं। ये खिलाड़ी खेलने के लिए तैयार हैं। उन्हें सिर्फ मौके की जरूरत है। बोलैंड और नेसेर कुछ टेस्ट मैच खेल चुके हैं। मैकग्रा ने कहा, 'मौजूदा आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजी क्रम मजबूत है। वे अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और जीत भी रहे हैं। साथ ही वे चोटिल भी नहीं हो रहे हैं। जब तक उनका प्रदर्शन खराब नहीं होता या वे चोटिल हो जाते हैं, तब तक कोई बदलाव नहीं होगा।

# रोहित बोले- किसी दिन उठूंगा और रिटायरमेंट ले लूंगा

## अभी बेस्ट क्रिकेट खेल रहा हूं, टीम को फियरलेस बनाने पर फोकस

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** रोहित शर्मा ने अपने रिटायरमेंट पर कहा कि जिस दिन खेलने का मन नहीं हुआ। उस दिन बोर्ड से बात करूंगा और रिटायरमेंट का फैसला ले लूंगा। हालांकि वह फिलहाल खुद को बेस्ट फॉर्म में महसूस कर रहे हैं, इसलिए अपनी टीम को फियरलेस बनाना चाहते हैं। रोहित ने धर्मशाला टेस्ट के बाद कहा, खिलाड़ियों के लिए आंकड़े जरूरी है लेकिन मैं चाहता हूं कि सभी प्लेयर्स निडर क्रिकेट खेले, नंबर्स उनका साथ दे ही देंगे।

**जब मन होगा तब रिटायरमेंट ले लूंगा** – रोहित ने धर्मशाला में इंग्लैंड पर टीम इंडिया की जीत के बाद कहा, मुझे लगता है एक दिन मैं उठूंगा और महसूस करूंगा कि अब आगे नहीं खेल पाऊंगा। मैं सीधे बोर्ड से बात करूंगा और उन्हें इस बारे में बता दूंगा, लेकिन सच कहूं तो पिछले 2-3 साल से मैं अपना बेस्ट क्रिकेट खेल रहा हूं।

**माइलस्टोन के लिए न खेले खिलाड़ी** – रोहित ने आगे कहा, मैं टीम में माइलस्टोन के लिए खेलने का कल्चर खत्म करना चाहता हूं। चाहता हूं कि खिलाड़ी ज्यादा से ज्यादा फ्रीडम के साथ खेलें। अगर खिलाड़ी गेम की सिचुएशन पर फोकस करेंगे तो नंबर और माइलस्टोन खुद ही आ जाएंगे।



मैं नंबर और आंकड़ों पर ध्यान देने वाला खिलाड़ी नहीं हूं। हां, बड़े रन बनाना भी जरूरी है, लेकिन इस टीम में सिचुएशन के हिसाब से खेलने का कल्चर बन रहा है। मैं इसे ही आगे कन्टीन्यू करवाना चाहता हूं। मेरे खिलाड़ी खुलकर क्रिकेट खेल रहे हैं और यही मेरी सबसे बड़ी जीत है। क्रिकेट में आंकड़ों की अहमियमत को मैं पूरी तरह अपनी टीम से बाहर करना चाहता हूं।

**फियरलेस क्रिकेट खेलना जरूरी** – रोहित ने आगे कहा,खिलाड़ी पर्सनल स्कोर पर ध्यान नहीं दे रहे। अगर आप सिचुएशन के हिसाब से खेलेंगे तो नंबर खुद ही आपके साथ रहेंगे। फियरलेस क्रिकेट खेलकर टीम को जीत दिलाना बहुत ज्यादा जरूरी है। फिफ्टी और सेंचुरी भी जरूरी है, लेकिन टीम स्पोर्ट में इन चीजों को मैं फोकस से दूर करना चाहता हूं।

**रोहित ने इंग्लैंड के खिलाफ 2 सेंचुरी लगाई** – कप्तान रोहित की फियरलेस सोच की बदौलत टीम इंडिया ने इंग्लैंड को 5 टेस्ट की सीरीज में 4-1 से हराया। पहले मुकाबले में भारत को हार मिली, लेकिन टीम ने कमबैक किया और बाकी चारों मुकाबले जीतकर सीरीज जीत ली। रोहित ने सीरीज में 44.44 की औसत से 9 पारियों में 400 रन बनाए। इनमें 2 शतक और एक फिफ्टी शामिल रही।

वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप शुरू होने के बाद से रोहित शर्मा ने भारत के लिए टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाए। उनके नाम 32 टेस्ट में 50.03 की औसत से 2552 रन हैं। इनमें 9 सेंचुरी और 7 फिफ्टी शामिल रहीं। 212 रन उनका बेस्ट स्कोर रहा।

**रोहित की कप्तानी में भारत वर्ल्ड कप फाइनल तक पहुंचा** – रोहित शर्मा की ही कप्तानी में टीम इंडिया ने 2023 के वनडे वर्ल्ड कप में भी अच्छा प्रदर्शन किया। टीम ने सेमीफाइनल तक लगातार 10 मुकाबले जीते। लेकिन फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम को हार का सामना करना पड़ गया।

## संक्षिप्त समाचार

### राजस्थान में कांग्रेस को लग सकता है झटका, कटारिया समेत 8 बड़े नेता छोड़ेंगे हाथ का साथ

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में लोकसभा चुनाव से पहले आज कांग्रेस को बड़ा झटका लग सकता है। पूर्व मंत्री, पूर्व सांसद और पूर्व विधायक समेत कांग्रेस के 8 बड़े नेता भाजपा का दामन थाम सकते हैं। प्रदेश की सियासत में कांग्रेस के बड़े नेताओं के पिछले लंबे समय से पाला बदलने को लेकर चर्चा चल रही है। इन नामों की शनिवार को भी भाजपा-कांग्रेस पार्टी मुख्यालयों में चर्चा रही।पूर्व मंत्री - लालचंद कटारिया, राजेन्द्र यादव, पूर्व विधायक - रिछपाल मिर्धा, विजयपाल मिर्धा, आलोक बेनीवाल, पूर्व विधायक - खिलाड़ीलाल बैरवा, वरिष्ठ नेता- रामपाल शर्मा कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में शामिल हो सकते है। भाजपा छोड़कर पांच साल पहले कांग्रेस का दामन थाम चुके मानवेन्द्र सिंह की अब घर वापसी हो सकती है। उनके पिता जसवंत सिंह लंबे समय केन्द्र में भाजपा सरकार में मंत्री रहे। मानवेन्द्र भी भाजपा से विधायक रह चुके हैं। अब उनकी पुनः घर वापसी की चर्चा जोरों पर है। बता दें पिछली कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे महेन्द्रजीत सिंह मालवीया कुछ दिन पहले ही कांग्रेस पार्टी छोड़कर भाजपा में जा चुके हैं। उन्होंने कांग्रेस के विधायक पद से भी इस्तीफा दे दिया है। उन्हें भाजपा की पहली ही सूची में बांसवाड़ा से लोकसभा उम्मीदवार बनाया है।

### छत्तीसगढ़ के 43 भाजपा नेताओं को दी गई सुरक्षा

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ सरकार ने लोकसभा चुनाव से पहले बस्तर के 43 भाजपा नेताओं को सुरक्षा दी है। दरअसल, हाल ही में बस्तर के बीजापुर के भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से सुरक्षा की मांग की थी। उन्होंने कहा था कि नक्सलियों द्वारा भाजपा नेताओं को टारगेट किया जा रहा है। शनिवार को छत्तीसगढ़ सरकार के पुलिस विभाग की ओर से सुकमा, बीजापुर, दंतेवाड़ा, बस्तर, कांकेर, और नारायणपुर जिले के 43 नेताओं को सुरक्षा देने का आदेश जारी किया गया है। जिन नेताओं को सुरक्षा दी गई है उसमें सुकमा से भाजपा के जिलाध्यक्ष धनीराम बारसे को ड्ड+ व सुकमा के अन्य भाजपा नेताओं को वाय प्लस श्रेणी की सुरक्षा दी है। वहीं बीजापुर भाजपा के जिलाध्यक्ष श्रीनिवास मूदलियार समेत अन्य भाजपा नेताओं को एक्स श्रेणी की सुरक्षा दी गई है। साथ ही दंतेवाड़ा, बस्तर, नारायणपुर व कांकेर के जिले के कई भाजपा नेताओं को भी एक्स श्रेणी की सुरक्षा गई हैं। गौरतलब है कि बीते दो सप्ताह में नक्सलियों ने बीजापुर जिले में लगातार दो भाजपा नेताओं की हत्या कर दी थी। जिसके बाद बीजापुर में भाजपा नेता नक्सलियों के खौफ में थे। वहीं चुनाव से पूर्व छत्तीसगढ़ सरकार ने बस्तर के अलग-अलग जिलों के नेताओं को सुरक्षा दे दी है।

### भेड़-चरवाहे से तुलना, उत्तराखंड गए बागियों पर खूब बरसे मुख्यमंत्री सुक्खू

**मंडी, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के छह बागी विधायक तीन निर्दलीयों के साथ उत्तराखंड पहुंचे हैं। उन्हें एक होटल में ठहराया गया है। इस बीच हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बागी विधायकों पर तीखा हमला बोलते हुए इसे भाजपा की साजिश करार दिया है। सीएम सुक्खू ने अपनी तीखी प्रतिक्रिया में कहा कि विधायकों को इस तरह एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाया जा रहा है, जैसे चरवाहा भेड़ों को हांकता है। इस बीच एक केंद्रीय मंत्री ने दावा किया कि सुक्खू की सरकर गिर जाएगी। मंडी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि भाजपा छह अयोग्य कांग्रेस विधायकों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर भेज रही है। इन विधायकों ने पार्टी को धोखा दिया है। केंद्रीय मंत्री के सरकार गिरने के दावे पर पलटवार करते हुए सीएम सुक्खू ने कहा कि उनकी सरकार अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा करेगी। बताया जाता है कि ये सभी विधायक शुक्रवार को देर रात एक चार्टर्ड फ्लाइट से पंचकुला से ऋषिकेश पहुंचे थे। ये होटल ताज में ठहरे हैं। बागी विधायकों के साथ हिमाचल प्रदेश भाजपा के दो विधायक विक्रम ठाकुर और त्रिलोक जमवाल भी मौजूद हैं। वहीं होटल ताज के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई है। होटल में पहले से बुकिंग कराने वालों को ही एंट्री दी जा रही है।

# कोरबा लोकसभा चुनाव 2024 में कांग्रेस-बीजेपी की दो महिला दिग्गज आमने-सामने



**कोरबा, एजेंसी।**
छत्तीसगढ़ की कोरबा लोकसभा सीट में कांग्रेस और भाजपा दोनों ने ही अपने-अपने प्रत्याशियों के नाम का ऐलान कर दिया है। साल 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर सबसे पहले भारतीय जनता पार्टी ने पूर्व राज्यसभा सांसद सरोज पांडे को प्रत्याशी बनाया तो वही उसके बाद कांग्रेस पार्टी ने मौजूदा सांसद ज्योत्सना चरण दास महंत को कोरबा सीट से उम्मीदवार बनाया है। कोरबा लोकसभा ऐसी सीट है जहां कभी किसी एक पार्टी का कब्जा नहीं रहा है। इस सीट पर अब तक होते आ रहे चुनाव में लगातार किसी एक पार्टी को जीत नहीं मिली है। आपको बताते हैं कोरबा लोकसभा सीट के बारे में। छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीटों में से कोरबा एक महत्वपूर्ण सीटों में से एक है। यहां से वर्तमान में सांसद छत्तीसगढ़ के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष की पत्नी ज्योत्सना चरणदास महंत हैं। साल 2008 में परिसीमन के बाद कोरबा लोकसभा सीट अस्तित्व में आई थी। उसके पहले यह लोकसभा सीट जांजगीर-चांपा लोकसभा सीट के अंतर्गत आती थी।

**कब कौन जीता चुनावः** कोरबा लोकसभा सीट पर पहली बार साल 2009 में चुनाव हुए थे। इस सीट से पहली बार हुए चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने चरणदास महंत को लोकसभा चुनाव के मैदान में उतारा था। वहीं भारतीय जनता पार्टी ने करुणा शुक्ला को यहां से मैदान में उतारा था। इस चुनाव में कांग्रेस पार्टी के चरण दास महंत चुनाव जीत कर सांसद बने थे। वही साल 2014 में हुए लोकसभा चुनाव में कोरबा सीट से भारतीय जनता पार्टी के डॉ बंसीलाल महतो चुनाव जीत कर लोकसभा पहुंचे थे। भाजपा के बंसीलाल महतो ने कांग्रेस पार्टी के चरण दास महंत को लोकसभा के चुनाव में हराकर सांसद बने थे। इस लोकसभा चुनाव में चरण दास महंत महज 4000 वोट के अंतर चुनाव हार गए थे। इसके बाद साल 2019 के लोकसभा के चुनाव में कोरबा लोकसभा सीट से कांग्रेस पार्टी ज्योत्सना चरण दास महंत को मैदान में उतारा था। इस चुनाव में कांग्रेस की ज्योत्सना महंत ने भाजपा प्रत्याशी को चुनाव में हराते हुए सांसद बनी थी। वर्तमान में कोरबा लोकसभा सीट से ज्योत्सना महंत सांसद हैं। साल 2019 के लोकसभा चुनाव परिणाम पर अगर नजर डालें तो, छत्तीसगढ़ की कोरबा लोकसभा सीट में साल 2019 में हुए चुनाव की अगर बात करें तो इस चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने कोरबा सीट से सांसद रहे चरण दास महंत की पत्नी ज्योत्सना चरण दास महंत को लोकसभा चुनाव का टिकट दिया था। वहीं भारतीय जनता पार्टी ने ज्योतिनंद दुबे को चुनाव के मैदान में उतारा था। साल 2019 के लोकसभा चुनाव में कोरबा सीट से कांग्रेस पार्टी की ज्योत्सना चरण दास महंत ने भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार को चुनाव में हराते हुए सांसद बनी थी। कांग्रेस पार्टी की ज्योत्सना महंत को 5.23 लाख वोट मिले थे। वहीं भाजपा के ज्योतिनंद दुबे 4.97 लाख वोट मिले थे। कांग्रेस की उम्मीदवार ने भाजपा के दुबे को 26249 वोट से चुनाव हारते हुए लोकसभा पहुंची थी।

## बंगाल में रामनवमी के दिन सार्वजनिक अवकाश रहने की घोषणा

**कोलकाता, एजेंसी।**
पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस सरकार ने 17 अप्रैल को रामनवमी के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। तृणमूल सरकार ने 2011 में राज्य की सत्ता में आने के बाद पहली बार रामनवमी पर सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की है।

राज्य सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, आवश्यक सेवाओं को छोड़कर राज्य सरकार के सभी कार्यालय, उनके सहयोगी संगठन और उपक्रम 17 अप्रैल को बंद रहेंगे।पिछले कुछ वर्षों के दौरान पश्चिम बंगाल में रामनवमी जुलूसों को लेकर हिंसा की घटनाएं हुई हैं।पिछले साल रामनवमी जुलूस को लेकर कम से कम तीन जगहों से हिंसा की खबरें आई थीं, जिसकी जांच कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) कर रही है।पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने दावा किया है कि रामनवमी पर छुट्टी घोषित नहीं करने के कारण उन्होंने मुख्यमंत्री की आलोचना की थी, इसीलिए यह निर्णय लिया गया है।भाजपा के आईटी सेल प्रमुख और पश्चिम बंगाल के लिए पार्टी के केंद्रीय पर्यवेक्षक अमित मालवीय ने दावा किया कि मुख्यमंत्री ममता जो हर बार जय श्रीराम के नारे सुनकर गुस्से से नीली हो जाती थीं, उन्होंने आखिरकार राज्य में रामनवमी को सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया है। मालवीय ने एक्स पर पोस्ट किए एक संदेश में कहा, ममता ने अपनी हिंदू विरोधी छवि को सुधारने के लिए ऐसा किया है। हालांकि बहुत देर हो चुकी है... इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि रामनवमी के जुलूस पर पथराव न हो।




## ईडब्ल्यूएस छात्रा को दाखिला न देने पर हाईकोर्ट सख्त, ड्रॉ में नाम आने के बाद एक साल से भटक रही बच्ची

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने ईडब्ल्यूएस (कम आय वर्ग) कोटे में नाम आने के बावजूद निजी स्कूल द्वारा दाखिला न दिए जाने पर नाराजगी जाहिर की है। कोर्ट ने दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशालय को आदेश दिया है कि इस मामले में हस्तक्षेप कर छात्रा को स्कूल में दाखिला दिलाया जाए। न्यायमूर्ति सी हरीशंकर की पीठ ने शनिवार को शिक्षा निदेशालय को कहा है कि याचिकाकर्ता छात्रा का भविष्य प्रभावित ना हो, इसलिए निदेशालय तत्काल इसमें हस्तक्षेप करें। छात्रा को दाखिला दिलाने के साथ ही ईडब्ल्यूएस कोटे के तहत मिलने वाले अन्य लाभ भी दिलाए जाएं। इन लाभों में स्कूल की वर्दी और किताबें भी शामिल हैं। दरअसल, इस मामले में छात्रा ने अपने पिता के माध्यम से उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। दलील दी गई थी कि उसने निजी स्कूल में ईडब्ल्यूएस कोटे के तहत दाखिले के लिए फार्म भरा था। निदेशालय द्वारा पिछले साल 14 मार्च को निकाले गए कम्पयूरराइजड ड्रॉ में उसका नाम आ गया, लेकिन स्कूल ने बगैर कोई कारण बताए दाखिला देने से इनकार कर दिया। पीठ ने इस याचिका को गंभीरता से लिया।

### उत्तराखंड में कांग्रेस को एक और झटका, हरक सिंह की पत्नी लक्ष्मी राणा ने दिया इस्तीफा

**देहरादून/रुद्रप्रयाग, एजेंसी।** पूर्व कैबिनेट मंत्री और कांग्रेस नेता हरक सिंह रावत की पत्नी और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी राणा ने भी पार्टी को अलविदा कह दिया है। वहीं कुछ दिन पहले हरक सिंह रावत के साथ ही ईडी की रडार पर आईं लक्ष्मी राणा से भी पूछताछ की गई थी। ईडी पाखरो टाइगर सफारी घोटाले के मामले में उनके आवास पर छापेमारी कर चुकी है। उनके लॉकर से ईडी को 48 लाख रुपये की ज्वेलरी और संपत्ति के दस्तावेज मिले थे, जिसे लेकर उनसे पूछताछ के लिए बुलाया गया है। लक्ष्मी राणा ने इस्तीफे की वजह पार्टी द्वारा बुरे समय में उनका साथ न देने की बात कही है। उन्होंने लिखा है, हाल ही में मेरे घर और प्रतिष्ठान पर राजनीतिक द्वेष के चलते ईडी की छापेमारी की कार्रवाई हुई। हालांकि मैं जानती हूं कि ये कानूनी प्रक्रिया है, किंतु पार्टी की तरफ से मेरे खिलाफ इस राजनीतिक द्वेष के बारे में न कोई प्रतिक्रिया आई और न ही किसी ने इस दुख की घड़ी में मुझे ढाढ़स बंधाया।

# दिल्ली-आगरा हाईवे का सफर होगा जाम फ्री, यहां 150 करोड़ की लागत से बनेगा 7 लेन फ्लाईओवर



**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली-आगरा हाईवे को जाम मुक्त करने के लिए बल्लभगढ़ रेलवे फ्लाईओवर सात लेन का बनेगा। इसके बनने से सब्जी मंडी कट से लेकर जेसीबी चौक तक जाम खत्म हो जाएगा। इससे दिल्ली और आगरा की ओर आवागमन और आसान होगा। केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर और परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने शनिवार को इस परियोजना का शिलान्यास किया।

फ्लाईओवर को बनाने में करीब 150 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इसका निर्माण कार्य डेढ़ साल के अंदर पूरा हो जाएगा। अभी निर्माण कार्य शुरू होने में करीब 3 माह का समय लग सकता है। यह रेलवे फ्लाईओवर बल्लभगढ़ अनाज मंडी कट से शुरू होगा।

इसे पिलर पर बनाया जाएगा। यह रेलवे फ्लाईओवर एल्सन चौक से आगे जाकर खत्म होगा। इसके दोनों सिरों पर यूटर्न बनाए जाएंगे। इससे वाहन चालकों को फ्लाईओवर से नीचे और ऊपर जाने में आसानी रहेगी। यदि किसी को इस फ्लाईओवर से सेक्टर-25 की ओर जाना है तो नीचे से जा सकते हैं। यदि किसी को सब्जी मंडी से दिल्ली की ओर जाना है तो इस पर चढ़कर हाईवे पर जा सकेंगे।

केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि शहर के विकास को लेकर लगातार काम किए जा रहे हैं। 10 साल पहले फरीदाबाद की तस्वीर जाम वाली थी। हाईवे भी संकरा था। इस हाईवे को छह लेन का करने के साथ-साथ दो और एक्सप्रेसवे बन रहे हैं।

फ्लाईओवर के बनने के बाद दिल्ली जाने वाले वाहन चालक जाम में नहीं फंसेंगे। फिलहाल जेसीबी चौक पर ट्रैफिक लाइट बनी हुई है। इस वजह से वाहन चालकों को यहां जाम में फंसना पड़ता है। एल्सन चौक पर पैदल राहगीर हाईवे की ग्रिल को फांदते हैं। इस वजह से ट्रैफिक की रफ्तार थमी रहती है। वहीं मौजूदा रेलवे फ्लाईओवर चार लेन का है। इस कारण वाहन रेंगते रहते हैं। सात लेन का रेलवे फ्लाईओवर बनने के बाद दिल्ली और आगरा जाने वाले वाहन चालकों को जाम का सामना नहीं करना पड़ेगा।

इस मौके पर परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि बल्लभगढ़ विधानसभा को जाम मुक्त करने के लिए लगातार एलिवेटेड फ्लाईओवर बनाए जा रहे हैं। बल्लभगढ़-मोहना सड़क पर एलिवेटेड फ्लाईओवर बनाने के साथ-साथ बल्लभगढ़-सोहना रेलवे फ्लाईओवर को चौड़ा किया जा रहा है। अब दिल्ली-आगरा हाईवे पर एलिवेटेड रेलवे फ्लाईओवर का काम शुरू होने वाला है। बल्लभगढ़ विधानसभा एलिवेटिड विधानसभा बन गई है।

# बातचीत करने का साहस रखना होगा, रूस के साथ जारी युद्ध पर यूक्रेन को पोप फ्रांसिस ने दी सलाह



**बर्न, एजेंसी।** स्विट्जरलैंड में एक साक्षात्कार में पोप फ्रांसिस ने यूक्रेन-रूस संघर्ष पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन सरकार को रूस के साथ बातचीत के माध्यम से चल रहे विवाद को खत्म करने के लिए साहस जुटाना चाहिए। पोप से जब यूक्रेन में जारी लोगों के बीच आत्मसमर्पण और सफेद झंडे को लेकर चल रहे चर्चा के बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, यह केवल एक व्याख्या है। लेकिन मुझे लगता है कि सबसे मजबूत वह है जो स्थिति को देखता है। जो लोगों के बारे में सोचता है और सफेद झंडे का साहस रखता है और वह जो बातचीत करता है। उन्होंने आगे कहा, जब आप देखते हैं कि आप हार गए हैं, चीजें ठीक नहीं चल रही है तो आपको बातचीत करने का साहस रखना होगा। बातचीत कभी भी आत्मसमर्पण करने के बारे में नहीं है, बल्कि देश को बचाने के बारे में है। मध्यस्थता के लिए अन्य देशों की मदद लें- पोप फ्रांसिस पोप फ्रांसिस ने कहा, आपको शर्म आ सकती है, लेकिन आखिरकार कितनी मौतें हुई है। सही समय पर बातचीत करें और मध्यस्थता के लिए अन्य देशों की मदद लें। बता दें कि रूस और यूक्रेन के बीच जारी संघर्ष को तीन साल हो चुके हैं और कई देश अब इस युद्ध को समाप्त करने में मदद करने के लिए तैयार है। यूक्रेन और उनके पश्चिमी समर्थकों ने इस बात पर जोर दिया कि शांति समझौता केवल कीव की शर्तों पर ही हासिल किया जाना चाहिए। उन्होंने यूक्रेन को हथियार पहुंचाना जारी रखने की कसम खाई है। इस बीच रूस ने बताया कि किसी भी विदेशी सहायता से इस युद्ध का रुख बदल नहीं सकता है। बता दें कि मॉस्को और कीव के बीच 2022 में शांति वार्ता टूट गई थी। दोनों देश एक-दूसरे के सामने अवास्तविक मांग रखने के आरोप लगाए थे। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बाद में कहा कि मार्च 2022 में इस्तांबुल में वार्ता के दौरान यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल रूस की कुछ शर्तों पर सहमत हुए थे, लेकिन फिर बाद में समझौते से पीछे हट गए थे।

# गाजा में हो रही नागरिकों की मौत पर भड़के राष्ट्रपति बाइडन, कहा- नेतन्याहू मदद करने के बजाय नुकसान पहुंचा रहे

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** हमास और इस्राइल के बीच पांच माह से अधिक समय से जंग जारी है। युद्ध में अब तक दोनों पक्षों के हजारों लोगों की मौत हो गई है। फिलहाल न तो जंग की रफ्तार कम हो रही है और न ही लोगों की जान की परवाह की जा रही है। इस बीच, अमेरिका ने अपने सहयोगी देश को एक बार फिर युद्ध को लेकर चेताया है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन का कहना है कि जिस तरह से गाजा पर हमले किए जा रहे हैं वैसे इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू इस्राइल की मदद करने से ज्यादा उसे नुकसान पहुंचा रहे हैं। सात अक्तूबर को जब हमास ने इस्राइल पर हमला बोल दिया था, उस समय से अमेरिका इस्राइल के साथ खड़ा हुआ है। हालांकि अब इस्राइल जिस तरह से युद्ध के मैदान में आगे बढ़ रहा है वो उसके सहयोगी देश को पसंद नहीं आ रहा है। अमेरिका लगातार निर्दोष लोगों की जान जाने पर अधिक ध्यान देने के लिए चेता रहा है। बाइडन पिछले कई महीनों से चेतावनी दे रहे हैं कि गाजा में जिस तरह से नागरिकों की जान जा रही है, वैसे में इस्राइल अंतरराष्ट्रीय समर्थन खो सकता है। रिपोर्ट की माने तो तो यह टिप्पणी दोनों नेताओं के बीच तनावपूर्ण संबंधों की ओर इशारा करती है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने गाजा में मरने वालों की संख्या को लेकर कहा कि यह आंकड़ा इस्राइल के खिलाफ है। मुझे लगता है कि यह एक बड़ी गलती है। उन्होंने आगे कहा कि गाजा के रफा पर हो रहे संभावित इस्राइली हमले अस्वीकार्य हैं। हालांकि, वह फिर भी इस्राइली नागरिकों को रॉकेट हमलों से बचाने वाले आयरन डोम मिसाइल इंटरसेप्टर जैसे हथियारों को नहीं हटाएंगे। बता दें, रफा में फिलहाल 13 लाख से अधिक लोग शिविरों में रह रहे हैं। बाइडन से जब रफा को लेकर पूछा गया तो उन्होंने कहा, यह अस्वीकार्य है, लेकिन मैं इस्राइल का साथ नहीं छोड़ने वाला हूं। इस्राइल की रक्षा अभी भी महत्वपूर्ण है। इसलिए मैं किसी भी हथियार को रोकने वाला हूं। उन्होंने आगे कहा कि वह अपनी बात सीधे इस्राइल की संसद में रखेंगे। कई हजार से अधिक जा चुकी हैं जानें गाजा में इस्राइल-हमास के बीच करीब पांच महीने से संघर्ष जारी है। सात अक्तूबर को दक्षिण इस्राइल पर हमास के हमले के बाद शुरू हुए युद्ध में तीस हजार से ज्यादा लोगों की जानें जा चुकी हैं। संघर्ष विराम को लेकर लगातार काहिरा में वार्ता चल रही है। एक तरफ इस्राइल ने कुछ शर्तें हमास के सामने रख दी हैं। वहीं हमास भी अपनी जिद पर अड़ा हुआ है।

# चीनी हैकिंग उद्योग में घिनौनी चालबाजी का खुलासा

### पर्दे के पीछे चल रहा शराब और सेक्स का खेल

**बीजिंग, एजेंसी।**
पिछले महीने चीन सरकार और पुलिस से जुड़े एक निजी ठेकेदार के आंतरिक दस्तावेजों के बेहद असामान्य लीक से चीन के हैकिंग उद्योग में पर्दे के पीछे होने वाली घिनौनी चालबाजी और लेन-देन का चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। दस्तावेज़ों से पता चलता है कि चीन का हैकिंग उद्योग संदिग्ध व्यावसायिक प्रथाओं, वेतन और काम की गुणवत्ता पर असंतोष और खराब सुरक्षा प्रोटोकॉल से ग्रस्त है। निजी हैकिंग ठेकेदार ऐसी कंपनियां हैं जो चीनी अधिकारियों को बेचने के लिए दूसरे देशों से डेटा चुराती हैं। पिछले दो दशकों में, चीनी राज्य सुरक्षा की विदेशी खुफिया जानकारी की मांग बढ़ गई है, जिससे इन निजी हैकर्स-फॉर-हायर कंपनियों के एक विशाल नेटवर्क को बढ़ावा मिला है और चीन के बाहर सैकड़ों सिस्टमों में इन्होंने घुसपैठ की है।

हालाँकि इन हैकिंग ठेकेदारों का अस्तित्व चीन में एक खुला रहस्य है, लेकिन वे कैसे काम करते हैं, इसके बारे में बहुत कम जानकारी थी। लेकिन आई-सून नामक फर्म से लीक हुए दस्तावेज़ों ने पर्दा हटा दिया है, जिससे एक गंदे, विशाल उद्योग का पता चलता है जहां पैसे कमाने की चाहत में नियमों को अस्पष्ट और खराब तरीके से लागू किया जाता है। लीक हुए चैट रिकॉर्ड से पता चलता है कि आई-सून के अधिकारी भव्य रात्रिभोज और देर रात तक अत्यधिक शराब पीने के लिए अधिकारियों को लुभाते हैं। वे सरकारी ठेकों के लिए बोली लगाने में हेराफेरी करने के लिए प्रतिस्पर्धियों के साथ सांठगांठ करते हैं। वे उन संपर्कों को परिचय शुल्क के रूप में हजारों डॉलर का भुगतान करते हैं जो उनके लिए आकर्षक परियोजनाएं लाते हैं। आई-सून ने दस्तावेज़ों पर कोई टिप्पणी नहीं की है। एक रिपोर्ट के अनुसार इस वाक्य के जरिए घिनौनी चालबाजी का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है - होटल विशाल था। यह ऊंचे



दर्जे का था। इसमें एक कराओके बार था। चीनी हैकिंग कंपनी के सीईओ ने सोचा कि यह सरकारी अधिकारियों के पक्ष में चंद्र नववर्ष भोज आयोजित करने के लिए एकदम सही जगह है। उनके शीर्ष डिप्टी ने कहा, बस एक कमी थी। वहां कौन जाएगा? डिप्टी ने लिखा. लड़कियाँ बहुत बदसूरत हैं। रिपोर्ट के अनुसार हालांकि ऐसा और भी बहुत कुछ है जो बताया नहीं जा सकता । मेई डैनोव्स्की, एक साइबर सुरक्षा विश्लेषक, जिन्होंने अपने ब्लॉग, नट्टो थॉट्स पर आई-सून के बारे में लिखा था, ने कहा कि दस्तावेज़ दिखाते हैं कि चीन के हैकर्स चीन में किसी भी अन्य उद्योग की तरह ही काम करते हैं। डानोव्स्की ने कहा यह लाभ-प्रेरित है,। यह चीन की व्यावसायिक संस्कृति के अधीन है कि आप किसे जानते हैं, आप किसके साथ भोजन और शराब पीते हैं, और आप किसके मित्र हैं। चीन का हैकिंग उद्योग देश की शुरुआती हैकर संस्कृति से उभरा, जो पहली बार 1990 के दशक में सामने आया जब नागरिकों ने कंप्यूटर खरीदे और ऑनलाइन हो गए। आई-सून के संस्थापक और सीईओ वू हाइबो उनमें से एक थे। वू चीन के पहले हैक्टिविस्ट समूह, ग्रीन आर्मी का सदस्य एक समूह जिसे एक प्रसिद्ध चीनी सैन्य स्कूल के बाद अनौपचारिक रूप से व्हामपोआ अकादमी के रूप में जाना जाता था। वू और कुछ अन्य हैकरों ने खुद को रेड हैकर घोषित करके खुद को देशभक्त प्रतिष्ठित किया और चीनी कम्युनिस्ट पार्टी को अपनी सेवाएं प्रदान कीं, जो कि कई कोडर्स के बीच लोकप्रिय फ्रीव्हीलिंग, अराजकतावादी और स्थापना-विरोधी लोकाचार के विपरीत था।

## बीबीसी की खालिस्तान समर्थक सिख एंकर के खिलाफ की गई शिकायत

**लंदन, एजेंसी।** प्रवासी भारतीय समुदाय के कई सदस्यों ने हाल में एशियाई नेटवर्क में शामिल हुई एक ब्रिटिश सिख प्रस्तोता के कथित ''खालिस्तान समर्थक अलगाववादी विचारों को लेकर चिंता व्यक्त की है और बीबीसी से शिकायत की है। लेखिका और शिक्षिका, जसप्रीत कौर ने इस महीने की शुरुआत में ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन के 'एशियन नेटवर्क चिल में काम शुरू किया था। सार्वजनिक प्रसारक में अपनी नई भूमिका की घोषणा करते हुए कौर ने सोशल मीडिया पर एक बयान में कहा था, ''शांत रहने के लिए समय निकालना, चाहे आपके लिए इसका जो भी मतलब हो, बहुत महत्वपूर्ण है।

कौर के इस बयान के तुरंत बाद, सोशल मीडिया पर कुछ साल पुरानी उनकी पोस्ट प्रवासी भारतीयों के बीच प्रसारित होने लगी। प्रवासी भारतीयों ने कौर के कथित अलगाववादी विचारों को लेकर चिंता व्यक्त की। बीबीसी के भारतीय मूल के नये अध्यक्ष समीर शाह को संबोधित ऐसी ही एक शिकायत में कहा गया है, ''मुझे आपके संज्ञान में यह तथ्य लाना चाहिए कि आपकी संस्था चरमपंथियों को 'प्रस्तोता के रूप में नियुक्त कर रही है। इसमें कहा गया है, ''सिख समुदाय में जसप्रीत को खालिस्तानी के रूप में जाना जाता है। वह सोशल मीडिया में अपनी पोस्ट में खुलेआम 'खालिस्तान हैशटैग करती हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129